सुप्रभात
रांची, शनिवार
03.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 318



12 तमन्ना भाटिया की फिल्म जी करदा 15 जून को होगी रिलीज

## न्यूज डायरी

### जयशंकर ने 'ब्रिक्स के मित्र' देशों की बैठक में भाग लिया

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने शुक्रवार को ब्रिक्स के मित्र देशों के विदेश मंत्रियों की केप टाउन में आयोजित बैठक में भाग लिया। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका इन पांच देशों के संगठन ब्रिक्स की कल बैठक हुई थी। इसके बाद ब्रिक्स के मित्र देशों के विदेश मंत्रियों की आज बैठक हुई। इसमें ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, क्यूबा, कांगो, कोमोरोस, गैबॉन और कजाकिस्तान ने ब्रिक्स के मित्र वार्ता के लिए केप टाउन में प्रतिनिधि भेजे थे। मिस्र, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, गिनी-बिसाऊ और इंडोनेशिया ने वर्चुअली इसमें भाग लिया।

### गुजरात में स्थापित होगी लिथियम आयन सेल फैक्टरी

**गांधीनगर/अहमदाबाद।** लिथियम आयन सेल मैन्यूफ्रेक्चरिंग गीगाबाइट फैक्टरी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी में शुक्रवार को गुजरात सरकार और टाटा ग्रुप के बीच एमओयू हुआ। टाटा ग्रुप की सबसिडियरी कंपनी अग्रतास एनर्जी स्टोरेज सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के सीइओ और गुजरात सरकार के साइंस टेक्नोलॉजी सचिव विजय नेहरा ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किये। गुजरात में लगने वाली यह गीगाबाइट फैक्टरी देश में इस प्रकार का पहला लिथियम आयन सेल उत्पादक प्लांट होगा।

### एपीएलए के 39 आदिवासी विद्रोहियों ने हथियार डाले

**गोलाघाट।** आदिवासी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (एपीएलए) के 39 सक्रिय कैडरों ने शुक्रवार को असम राइफल्स और बोकाजान पुलिस स्टेशन के समक्ष अपने हथियार डाल दिये। पुलिस के इन प्रयासों पर कैडरों के परिजनों ने आभार जताया है। दिग्भ्रमित आदिवासी युवाओं को सही दिशा में लाने के लिए इंस्पेक्टर जनरल असम राइफल्स (उत्तर) और असम पुलिस के तत्वावधान में असम राइफल्स व स्पीयर कॉर्प्स के सुरक्षा बल लगातार प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। इन्हीं के प्रयासों से 39 दिग्भ्रमित लोगों ने अपने हथियार पुलिस को सौंप दिये हैं। इन हथियारों में तीन एके सीरीज राइफल्स, 19 पिस्तौल, पांच अन्य राइफल्स, दो ग्रेनेड और विभिन्न जीवित गोला बारूद शामिल हैं।

### इंडिगो छह नये गंतव्यों के लिए शुरू करेगी उड़ान

**नयी दिल्ली।** एयरलाइंस कंपनी इंडिगो छह नये गंतव्यों के लिए अपनी सीधी उड़ानें शुरू करेगी। इंडिगो की ये उड़ानें नैरोबी, तिबिलिसी, ताशकंद और अफ्रीका सहित मध्य एशिया के लिए होंगी। इंडिगो ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजनाओं की शुरुआत जुलाई के अंत या अगस्त में करेगी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### हेमंत सोरेन और भगवंत मान के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने कहा

# लोकतंत्र बचाने को तमाम दल आप का साथ दें

### तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने रांची में केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ किया एकजुटता का प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए तमाम दल आम आदमी पार्टी (आप) का साथ दें। श्री केजरीवाल शुक्रवार को कांके रोड स्थित झारखंड के मुख्यमंत्री के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिए दिल्ली सरकार के खिलाफ अध्यादेश लायी है। इस अध्यादेश को मॉनसून सत्र के दौरान विपक्षी एकता के बूते संसद में पारित होने से रोकना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूरे देश के लिए मनमानी का आदेश ला रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के लिये जो आदेश दिया, उस आदेश को भी नरेंद्र मोदी की सरकार ने अध्यादेश लाकर बदल दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जिस तरीके के हालात नरेंद्र मोदी की सरकार बना रही है, वह देश के लिए ठीक नहीं है। मैं पूरे देश में इस बात के लिए सभी लोगों से समर्थन मांग रहा हूं। क्योंकि, लोकसभा में तो नरेंद्र मोदी का बहुमत है, लेकिन राज्यसभा में उनका बहुमत नहीं है। ऐसे में जब राज्यसभा में यह अध्यादेश आये, तो इसका विरोध किया जाये। ताकि, यह अध्यादेश राज्यसभा में पास नहीं हो पाये।

एक सवाल के जवाब में श्री केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तय करना है कि वह सवा सौ करोड़ जनता के साथ है, या मोदी सरकार का समर्थन करती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्होंने अपना समर्थन अरविंद केजरीवाल को दिया है। उन्होंने कहा, आज मैं कह सकता हूं कि झारखंड के लोगों ने दिल्ली के लोगों के लिए अपना समर्थन दे दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से देश में काम किया जा रहा है, उसे संघीय ढांचे पर प्रहार कहा जा सकता है। हमारे देश की ताकत अनेकता में एकता है, लेकिन उस पर भी मोदी सरकार का यह कदम एक बड़ा प्रहार है। संघीय ढांचे की बात केंद्र सरकार तो करती है, लेकिन काम पूरी तरह विपरीत ही रहता है। उन्होंने कहा कि लगातार संघीय ढांचे पर प्रहार किया जा रहा है।

अभी कुछ दिन पहले लोकसभा के नये भवन का उदघाटन हुआ, वह लोकतंत्र के मंदिर का उद्घाटन था। गैर भाजपा शासित सरकारों पर लगातार नरेंद्र मोदी प्रहार कर रहे हैं। वह सिर्फ उन सरकारों पर प्रहार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से अरविंद केजरीवाल पर केंद्र सरकार चीजों को थोप रही है, उसे लेकर सभी लोगों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। यह संविधान सम्मत नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने इस मुहिम को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी के अंदर और गुरुजी शिबू सोरेन से भी चर्चा करेंगे और इस मुद्दे को लेकर किस तरीके से बढ़ा जाये, इसे लेकर काम करेंगे। इसके बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि मोदी सरकार के तानाशाही अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली के लोगों को देशभर से समर्थन मिल रहा है। देश में जो लोग मेडल जीत रहे हैं, जो पहलवान मेडल ला रहे हैं, वह लोग अपने मैडल को गंगा में बहाने की बात कर रहे हैं।

यह अपने आप में शर्मनाक बात है। देश में जो गैर भाजपा पार्टियों की सरकारें हैं, उनके खिलाफ केंद्र सरकार अध्यादेश ला रही है। लगातार केंद्र और उसके द्वारा समर्थित नेता संघीय ढांचे का अपमान कर रहे हैं। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सभी विपक्षी दलों के साथ ही मैं भाजपा के सभी सांसदों को पत्र लिखूंगा कि इस अध्यादेश के विरोध में भाजपा के सभी लोग खड़े हों। क्योंकि, यह किसी एक अध्यादेश के लिए नहीं, पूरे देश के लिए लड़ाई है।

# राजधानी रांची में दिनदहाड़े 3.50 लाख रुपये की लूट

### बाइक से गिरने के बाद भी फरार हुए अपराधी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अपराधियों ने शुक्रवार को एक बैंक से पैसा निकाल कर दूसरे बैंक में जमा करने जा रहे मोहम्मद महमूद नाम के व्यक्ति से 3.50 लाख रुपये लूट लिये। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद जब अपराधी मौके से फरार हो रहे थे, तो कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गयी। इसके बाद दोनों अपराधी बाइक को मौके पर ही छोड़कर पैदल फरार हो गये। मिली जानकारी के अनुसार लूट की वारदात को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा और कश्मीर वस्त्रालय के बीच भीड़ भाड़ वाले इलाके में अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गयी। मौके से पुलिस ने अपराधियों की बाइक को भी जब्त कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है कि कहीं बाइक चोरी की तो नहीं है। सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों के भागने की तस्वीर कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस उनकी पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया, वह रांची का काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है। ऐसे में जब लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार होने लगे, तो स्थानीय लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। भागने के चक्कर में ही दोनों अपराधी बाइक से गिर गये। इसके बाद दोनों ने अपनी बाइक वहीं छोड़ दी और भाग निकले।

### रेकी कर रहे थे लुटेरे

सूचना के अनुसार दोनों अपराधी पैसे निकालने वाले व्यक्ति का बैंक से ही रेकी कर रहे थे। जैसे ही उन्हें मौका मिला, उन्होंने पैसे लूट लिये। पुलिस को दिये अपने आवेदन में मोहम्मद महमूद ने बताया है कि वह बुधवार को एचडीएफसी बैंक के सर्जना चौक ब्रांच 3.50 लाख रुपये निकालकर वे अपनी बाइक से उस पैसे को बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करने जा रहे थे। इस बीच, दो अपराधियों ने उनसे पैसों भरा बैग लूट लिया और भाग गये।

# पीएलएफआइ के चार उग्रवादी गिरफ्तार

### सुप्रीमो दिनेश गोप के रहे हैं करीबी

खबर मन्त्र संवाददाता



**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के खिलाफ खूंटी पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। खूंटी पुलिस ने पीएलएफआइ के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू गोप, नीतीश गोप, मिथिलेश गोप उर्फ मिथुन और बाहन गोप उर्फ नंद कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से .65 एमएम का एक पिस्टल, .315 बोर का एक देसी कट्टा, 13 कारतूस, एक कार और एक ऑटो, चार मोबाइल, नक्सली पर्चा और चंदा रसीद बरामद किये हैं। खूंटी एसपी अमन कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर को लगभग दो माह पूर्व ही पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप ने जिम्मेदारी सौंपी थी। एरिया कमांडर प्रशांत कुमार को क्षेत्र में आतंक फैलाने का निर्देश दिया था। दिनेश गोप के निर्देश पर ही अवैध बालू उठाव में लगी एक जेसीबी मशीन में आग लगाकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का कोशिश की गयी थी। हालांकि, आगजनी की जिम्मेदारी सुप्रीमो को लेना था, लेकिन तब तक दिनेश गोप को एनआइए ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि दिनेश गोप ने इन लोगों से कहा था कि पुलिस की लगातार कार्रवाई से संगठन कमजोर हो रहा है। ऐसे में बड़ी घटना को अंजाम देकर इलाके में फिर से संगठन का दबदबा कायम करना है। सुप्रीमो के आदेश का पलन करते, इससे पहले ही चारों गिरफ्तार हो गये। जानकारी के अनुसार पीएलएफआइ सुप्रीमो ने जब क्षेत्र के एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी, उस वक्त प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू के पास हथियार नहीं था। लेकिन, उसे कामडारा का एरिया कमांडर कोरिया टोपनो ने एक पिस्टल के अलावा कई कट्टा और 30 कारतूस दिया। उसके बाद योजनाबद्ध तरीके से अवैध बालू उठाव कर रहे जेसीबी मशीन में आग लगा दी और फरार हो गये। इस घटना में शामिल अन्य उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन एरिया कमांडर फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि बालू माफिया अवधेश यादव और चंदन जायसवाल उर्फ चंदू की जेसीबी मशीन को जलाया गया था।

(शेष पेज 11 पर)

### मुठभेड़ में मारा गया 2 लाख का इनामी लाजिम

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच शुक्रवार को मुठभेड़ हुई। इसमें दो लाख के इनामी नक्सली लाजिम अंसारी मारा गया है। मुठभेड़ में दोनों ओर से कई राउंड गोलियां चली हैं। बता दें कि एक जून को पुलिस ने मुठभेड़ में दो लाख के इनामी नक्सली राजेश उरांव मार गिराया था। लेकिन, इस मुठभेड़ के वक्त लाजिम अंसारी फरार हो गया था। लाजिम अंसारी पर लातेहार के चंदवा में चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में एनआइए को भी तलाश थी।

# धर्मांतरण का दबाव डालने पर बेटी ने की आत्महत्या

### झारखंड में लव जिहाद का एक और का मामला

### पुलिस ने आरोपी नाबालिग को अभिरक्षा में लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खलारी इलाके में रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने बुधवार की देर रात आत्महत्या कर ली। नाबालिग के परिजनों का आरोप है कि खलारी के ही रहने वाले एक दूसरे धर्म के लड़के से उनकी बेटी का संबंध था। लड़का लगातार उनकी बेटी पर धर्मांतरण करने का दबाव बना रहा था और इसी कारण उसने जान दे दी।

खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम ने बताया कि पिता के बयान पर लड़के के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



कर ली गयी है। लड़का भी नाबालिग है। लड़की के पिता ने आरोप लगाया है कि नाबालिग लड़के ने उनकी बेटी से अपना धर्म छिपाकर दो वर्ष पूर्व रांची के पहाड़ी मंदिर में शादी कर ली थी। इसके बाद वह लड़की पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा, जिसकी वजह से उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे अभिरक्षा में ले लिया है।

खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम ने बताया कि लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह का खुलासा होगा। वहीं, पुलिस की जांच में आरोपी लड़के को नाबालिग पाया गया है। उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेजा जायेगा।

**नाबालिग का है एक बेटा :** आत्महत्या करने वाली नाबालिग लड़की का एक बच्चा भी है। लड़की के परिजनों का आरोप है कि बच्चा भी आरोपी नाबालिग लड़के का ही है। लड़की के पिता ने थाने में दिये आवेदन में आरोप लगाया है कि 31 मई को रात के समय उन्होंने खुद अपनी बेटी को लड़के के साथ बात करते हुए पकड़ा था। पूछताछ करने पर यह जानकारी मिली थी कि लड़का उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा है, ताकि वह उसे अपने साथ रख सके।

### विकसित किया गया मोबाइल रोबोट

**नयी दिल्ली।** आइआइटी दिल्ली के शोधकर्ताओं ने रोबोट रोबोम्यूज 5.0 नामक एक मोबाइल रोबोट विकसित किया है। यह रोबोट विभिन्न उद्योगों के लिए 100 किलोग्राम तक पेलोड ले जाने और उसके ऊपर एक हाथ स्थापित करके वस्तु को हेरफेर करने में सक्षम होगा। रोबोट की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए आइआइटी दिल्ली के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब आइएचएफसी और पुणे स्थित एक कंपनी एसवीआर इंफोटेक के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है। रोबोम्यूज 5.0 की उत्पत्ति 2008 में दूरदर्शन-रोबोकॉन (डीडीआर) प्रतियोगिता के लिए आइआइटी दिल्ली के छात्रों द्वारा बनाये गये एक रोबोट से जुड़ी है।

# सर्वजात खाप पंचायत ने सरकार को दिया 9 जून का अल्टीमेटम



एजेंसी

**कुरुक्षेत्र।** जाट धर्मशाला में शुक्रवार को उत्तर भारत के सभी खाप प्रतिनिधियों ने महापंचायत में भाग लिया। इस महापंचायत में खाप प्रतिनिधियों के अलावा किसान संगठनों के प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में खाप प्रतिनिधियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। करीब 6 घंटे चली बैठक के बाद खाप प्रतिनिधियों ने सरकार को 9 जून तक का समय दिया। किसान नेता राकेश टिकैत ने बैठक के बाद बताया कि खाप पंचायत ने मिलकर सरकार को 9 जून तक का वक्त दिया है। अगर 9 जून तक सांसद बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो खाप पंचायत, किसान संगठन खिलाड़ियों के साथ मिलकर फिर से जंतर मंतर पर जायेंगे। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि इस आंदोलन को किसान आंदोलन की तरह गांव-गांव तक पहुंचाया जायेगा। हर गांव हर शहर में पंचायतों का दौर शुरू होगा।

### टिकैत बोले समझौता नहीं करेंगे

पंचायत के दौरान हुई हाथापाई की घटनाओं पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि ये लोग भारतीय जनता पार्टी द्वारा भेजे गये लोग थे। वे माहौल खराब करना चाहते थे। हमें आज यहां से कोई फैसला लेना था और वह हमने आज ले लिया। राकेश टिकैत ने कहा कि इस सभी मामले से खिलाड़ियों के परिवार वाले डरे हुए हैं। सभी हताश हैं, इसलिए अभी हम सरकार को समय दे रहे हैं। राकेश टिकैत ने कहा कि खिलाड़ियों के ऊपर 28 तारीख को जो मामले दर्ज किए गये हैं, उनको भी दिल्ली पुलिस जल्द वापस ले। टिकैत ने कहा कि अगर सरकार 9 तारीख तक कोई भी फैसला नहीं लेती या फिर 9 जून तक अगर बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं होती, तो सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू होगा। बता दें कि पहलवान खिलाड़ियों का मामला लगातार बड़ा होता जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

# मालगाड़ी से टकराई कोरोमंडल एक्सप्रेस, कई यात्री घायल

### ओडिशा के बालेश्वर में हुआ ट्रेन हादसा

एजेंसी



**बालेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर जिले में बहानागा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जानकारी के अनुसार, कोरोमंडल की चार बोगियां पटरी से उतर गयी हैं। इस हादसे में 179 लोगों के जख्मी होने सूचना है। कई लोगों के मरने की आशंका भी जतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन के डिब्बों में बड़ी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोग ही जुट गये हैं। कोरोमंडल एक्सप्रेस हावड़ा से चेन्नई जा रही थी। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंत्री प्रमिला मल्लिक और विशेष राहत आयुक्त को दुर्घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने का निर्देश दिया है। तलाशी और बचाव अभियान के लिए टीमें मौके के लिए रवाना हो गयी हैं। बालेश्वर के कलेक्टर को भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि घटना स्थल पर 15 एंबुलेंस पहुंच चुकी हैं और कई रास्ते में हैं। दक्षिण रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि चेन्नई हावड़ा कोरोमंडल एक्सप्रेस ओडिशा के बालासोर में बहानागा स्टेशन के पास पटरी से उतर गयी। कई बोगियों के पटरी से उतरने की सूचना है। किसी भी यात्री के बारे में किसी तरह की पूछताछ के लिए भारतीय रेलवे ने एक इमरजेंसी नंबर 916782262286 जारी किया है। इस पर संपर्क कर आप यात्री के बारे में पूछताछ कर सकते हैं। बता दें कि 12841 शालीमार-मद्रास कोरोमंडल एक्सप्रेस शालीमार से दोपहर 3:20 बजे रवाना होती है और अगले दिन शाम 4:50 बजे एमजी रामचंद्रन सेंट्रल रेलवे स्टेशन (चेन्नई) पंहुचती है। ट्रेन बालेश्वर के पास हादसे की शिकार हुई। ट्रेन का बालासोर पहुंचने का समय शाम 6:32 बजे है।

## आइएएस अधिकारी सह सीएम के पूर्व प्रधान सचिव वीडियो प्रकरण मामला

# जांच आयोग ने बाबूलाल मरांडी और राजीव अरुण एक्का को भेजा नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का के वायरल वीडियो की जांच कर रहे एक सदस्यीय जांच आयोग ने वीडियो की जानकारी रखने वालों से सबूत मांगा है। आयोग की तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को नोटिस भेजा गया है। नोटिस में बाबूलाल से कहा गया है कि उनके पास वीडियो से संबंधित जो भी साक्ष्य हैं, वो जांच आयोग को उपलब्ध कराएं। वहीं आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से कहा गया है कि वायरल वीडियो के बारे में वो जो भी जानते हैं उसे आयोग के सामने 15 जून तक रखें। जांच आयोग की ओर से नोटिस भेजे जाने के बाद अब देखने वाली बात यह होगी कि बाबूलाल मरांडी आयोग के समक्ष अपने सबूतों के साथ पेश होते हैं या नहीं, क्योंकि यह आयोग सरकार की तरफ से बनाया गया है और बाबूलाल मरांडी बीजेपी की तरफ से नेता प्रतिपक्ष की रोल में हैं। आयोग की की नोटिस के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं।

बताते चलें कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को यह वीडियो दिखाया और उपलब्ध कराया था। इसके बाद आईएएस अधिकारी राजीव अरूण एक्का के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सीएम के प्रधान सचिव और गृह सचिव के पद के पद से हटा दिया था।

**कार्मिक ने जारी अधिसूचना में आरोपी का नाम छिपाया था** : एक सदस्यीय आयोग बनाने की सूचना कार्मिक विभाग की तरफ से पिछले महीने जारी की गयी थी लेकिन जांच किसके खिलाफ करनी है, वो अधिसूचना में लिखा हुआ ही नहीं था। जारी अधिसूचना में लिखा था कि एक छोटा सा वीडियो क्लिप में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एक लोक सेवक द्वारा तथाकथित अधिकारी पद के दुरुपयोग से संबंध आरोप एवं इसे जुड़े सभी मामलों की जांच के लिए झारखंड सरकार के आदेश से मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है।

**आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का पर लगे हैं आरोप** : मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव और गृह विभाग के पूर्व सचिव रहे आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का का एक वीडियो अप्रैल महीने में वायरल हुआ था। वायरल वीडियो पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के अशोक नगर स्थित आवास का बताया जा रहा था। बताते चलें कि इस आवास पर ईडी छापेमारी भी कर चुका है। आईएएस राजीव अरुण एक्का वीडियो में सरकारी फाइल निबटाते नजर आए थे। वहीं आईएएस अधिकारी के बगल में एक महिला दिखायी दे रही थी। जिसे पावर ब्रोकर विशाल चौधरी का स्टाफ बताया जा रहा था। वहीं वीडियो के ऑडियो में विशाल चौधरी किसी से पैसे लेने की बात करता हुआ सुनाई दे रहा था।

**राजनीति : हेमंत संग दिल्ली के सीएम ने नमो विरोध की जुगलबंदी की**

# पॉवर हासिल करने के लिए शहर-शहर घूम रहे अरविंद केजरीवाल

**अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की कवायद कर रहे अरविंद केजरीवाल**

उदय चौहान

**रांची।** यूं तो आप पार्टी के नेशनल कन्वेंनर सह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के झारखंड में जनाधार नगण्य है लेकिन, शुक्रवार को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर केंद्र सरकार के खिलाफ मजबूत किलेबंदी की कवायद की। दरअसल, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरूद्ध विपक्षी एकता कायम करने के लिए शहर-शहर घूम रहे हैं। शुक्रवार को श्री केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर समर्थन मांगा। उन्होंने हेमंत सोरेन के संग आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नमो के खिलाफ विपक्षी एकता की जुगलबंदी की। श्री केजरीवाल ने कहा कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन व उनकी पार्टी झामुमो ने देश की राजधानी की जनता व लोकतंत्र के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर तेज प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार चुनी हुई गैर भाजपा शाषित सरकारों को अस्थिर करना चाहती है। इन सब बातों पर जनता का ध्यान खींचने और राजनीतिक दलों का समर्थन पाने के लिए वह शहर-शहर घूम रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के तथाकथित तानाशाही अध्यादेश को संसद में पारित होने से रोकने के लिये भाजपा सांसदों को भी आग्रह पत्र भेजेंगे।

**केजरीवाल के लिए विपक्षी एकता की धुरी बन सकते हैं हेमंत सोरेन** : अरविंद केजरीवाल ने रांची में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनका समर्थन हासिल करने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि श्री सोरेन उनकी मुहिम को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र के पहले देश के सभी राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जायेगा और अध्यादेश को पारित होने से रोका जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों से अनुरोध करता हूं कि जब संसद में ये अध्यादेश आये, तब इसका विरोध करें। केंद्र सरकार को गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ थोपने वाली नीति से बाज आना चाहिये। खैर! अरविंद केजरीवाल के झारखंड दौर से यह साफ हो गया कि यहां की महागठबंधन सरकार व सीएम हेमंत सोरेन पूरी तरह उनके साथ खड़े हैं। इससे आने वाले समय में नयी राजनीतिक समीकरण देखने को मिल सकता है। इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव में भी असर डाल सकता है।

# रांची पहुंचे झारखंड जदयू प्रभारी अशोक चौधरी कहा- संगठन का मजबूत विस्तार मेरा संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में जेडीयू खुद को विस्तार करने के लिए जी जान से जुट गया है। जनता दल यूनाइटेड के सभी नेता झारखंड के विभिन्न जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। आगामी चुनाव में जनता दल यूनाइटेड को एक मौका देने की अपील भी कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर झारखंड जेडीयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी अपने तीन दिवसीय दौरे को लेकर शुक्रवार को रांची पहुंचे। वे कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकताओं के साथ मंथन करेंगे।

**विपक्षी एकता को गोलबंद करने में जुटे हैं नीतीश कुमार** : एयरपोर्ट पर अशोक चौधरी ने कहा कि विपक्षी एकता हो, इसके लिए सार्थक प्रयास नीतीश कुमार के द्वारा की जा रही है। इस क्रम में पहले चरण की बैठक 12 जून को पटना में हो रही है। आगे और भी बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी की प्रबल संभावनाएं हैं। हम संगठन विस्तार के लिए संकल्पित हैं। भाजपा नेताओं द्वारा विभिन्न आरोप लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा, आरोपों पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं है।

**एयरपोर्ट पर इन्होंने किया स्वागत**

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जदयू नेता श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, अखिलेश राय, मुनेश्वर कुमार एवं रामजी प्रसाद व अन्य ने अशोक चौधरी का स्वागत किया।

## अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और हेमंत सोरेन की संयुक्त प्रेसवार्ता पर भाजपा ने दी प्रतिक्रिया

# तीन मुख्यमंत्रियों का एक साथ मिलना भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कवायद, सच छिपेगा नहीं : दीपक

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास में तीन भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्रियों का संगम हुआ है। श्री प्रकाश शुक्रवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवत मान और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस कांफ्रेस पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के पोषक और संरक्षक तीन मुख्यमंत्रियों के संगम ने भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि को अपवित्र किया है। मोदी सरकार में देशभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की दबिश बढ़ी है, जिसके कारण भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक बेचैन हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वालों की पोल खुल चुकी है। उन्होंने कहा कि अन्ना हजारे के आदर्शों को ठेंगा दिखाने वाली आप पार्टी की सरकारों की कथनी और करनी का अंतर उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में केजरीवाल सरकार के मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल में हैं। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री का चरित्र भी जगजाहिर है। उनकी सरकार भी डेढ़ वर्षों से भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। झारखंड में भी शराब घोटाले उजागर हुए हैं। वरिष्ठ नौकरशाह से केंद्रीय जांच एजेंसियों की पूछताछ चल रही है। ऐसे में यह मुलाकात भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कवायद है, लेकिन सच कभी छिपता नहीं है।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 08 / 2023–24**

1. कार्य का विवरण :–

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of P.C.C Road & Construction of R.C.C Drain from H/o Rajeev Kumar to Moar General Store in Ward No. 01 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 6,75,900/- | 14,000/- | 5000/- | 45 Days |
| 2. | Construction of R.C.C Drain and Culvert from Durga Mandap to main road in Kud in Ward No. 24 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 5,23,800/- | 11,000/- | 5000/- | 30 Days |
| 3. | Laying of Paver Block from H/o Ranjit Verma to H/o Raju Gupta in Ward No. 28 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 2,50,000/- | 5,000/- | 1000/- | 15 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का सीन तिथि एवं समय :– नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 12.06.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का सीन तिथि एवं समय :– नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 14.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का सीन तिथि एवं समय :– नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 14.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक
4. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग।

PR.NO.299048 Urban Development and Housing(23-24):D


# गिरफ्तार दो नक्सलियों से एनआइए कर रही पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एनआईए लातेहार के चंदवा में चार पुलिसकर्मियों की हत्या की साजिश में शामिल चार्जशीटेड नक्सली चंदवा निवासी काजेश गंझू एवं पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के सरायडीह निवासी संतू भुइया उर्फ संतोष उर्फ धनंजय को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है। इसी मामले में शीतल मोची उर्फ शीतल राम उर्फ शीतल रविदास से पूछताछ जारी है। यह पूछताछ सात जून को दिन के 10 बजे तक जारी रहेगी।

पूछताछ की अवधि पूरी होने के बाद दोनों नक्सली को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। एनआईए सात दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन कोर्ट में दिया था। सुनवाई पश्चात एनआईए कोर्ट ने पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति प्रदान की है। एनआईए की ओर से कहा गया कि जांच के दौरान 22 नवंबर 2019 को लुकुआ मोड में वाहन गश्त ड्यूटी पर तैनात चार पुलिस कर्मियों की हत्या और उनके हथियार और गोला बारूद की लूट में तीनों आरोपियों की भूमिका सामने आई है। इस घटना को अंजाम देने के लिए भाकपा माओवादी के रवींद्र गंझू के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया था। दोनों आरोपी भाकपा माओवादी का कैडर है।

मालूम हो कि 23 नवंबर 2019 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड में चुनाव प्रचार के लिए आए हुए थे। लातेहार में उस दिन भाजपा की बड़ी सभा थी। 22 नवंबर की शाम को घटना का अंजाम दिया गया था। एनआईए ने 2020 में केस को टेक ओवर किया है।

# खेल घोटाले के आरोपी मधुकांत पाठक कर सकेंगे विदेश यात्रा, पासपोर्ट जारी

**एएफआइ के टीम लीडर के रूप में है नामित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले के आरोपी नेशनल गेम्स ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक कोरिया समेत सात देशों की विदेश यात्रा पर जा सकेंगे। उनकी ओर से पासपोर्ट रिलीज को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई पश्चात सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने सशर्त अनुमति प्रदान कर दी है। प्रार्थी के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि मधुकांत पाठक एथलेटिक्स फेड्रेशन ऑफ इंडिया का ट्रेजरी और टीम मैनेजर हैं। उसे एएफआई के पत्र के अनुसार टीम मैनेजर या टीम लीडर के रूप में टीम के साथ जाने के लिए नामित किया गया है। उन्हें 12 जुलाई से एक अक्तूबर 2023 तक कोरिया, थाईलैंड, त्रिनिदाद, टोबैगो, बुडापेस्ट, हंगरी एवं लातविया की यात्रा करने की अनुमति प्रदान की जाये। हाईकोर्ट के निर्देश के तहत अदालत में पासपोर्ट जमा है। इसका विरोध सीबीआई के वकील रवि कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश पर खेल घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। जिसकी जांच जारी है। विदेश जाने पर जांच प्रभावित हो सकती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने पासपोर्ट जारी की अनुमति प्रदान की।

बता दें कि 28.34 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय खेल घोटाले की जांच वर्तमान में झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई कर रही है। पिछले साल जुलाई महीने में हाईकोर्ट ने पासपोर्ट जारी करने पर रोक लगा दी थी।

**पासपोर्ट प्राप्त करने की शर्त**



अदालत ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता को अपनी संपत्ति के मूल कागजात के साथ 10 लाख रुपये का क्षतिपूर्ति बांड अंटरटेकिंग के साथ प्रस्तुत करना होगा। ताकि वह अपने पासपोर्ट का दुरुपयोग नहीं कर सके। यात्रा के दौरान उपयोग किए जाने वाले अपने सक्रिय मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण। यात्रा शुरू करने से पहले एयरलाइंस के टिकटए वीजाए बोर्डिंग जगह की प्रति प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा भारत लौटने के तीन दिनों के अंदर व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होकर बिना विलंब पासपोर्ट अदालत के समक्ष सरेंडर करना होगा। विदेश यात्रा के दौरान अदालत के समक्ष उनके वकील को प्रतिनिधित्व करना होगा।


**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची।**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/23–24.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 13/06/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 14/06/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 14/06/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉची./विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पलामू स्थित सी0 जे0 एम0 आवास के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,46,247=00 | 5,000=00 | 500=00 | 18 दिन |
| 2. | हजारीबाग स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रमण्डल कार्यालय के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,92,573=00 | 6,000=00 | 750=00 | 18 दिन |
| 3. | हजारीबाग स्थित जिला परिवहन कार्यालय के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,26,965=00 | 5,000=00 | 500=00 | 18 दिन |
| 4. | सिमडेगा डिपटीटोली स्थित न्यायाधीश कॉलोनी के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,16,802=00 | 13,000=00 | 1250=00 | 24 दिन |
| 5. | डिप्टीपाड़ा कचहरी चौक रॉची स्थित वित मंत्री के आवासीय परिसर में बगीचा लाईट, गेट लाईट एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,63,309=00 | 18,00=00 | 1250=00 | 24 दिन |
| 6. | लोहरदगा स्थित पुलिस अधीक्षक के आवासीय परिसर में पाथवे लाईट, बगीचा लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 9,77,659=00 | 20,000=00 | 1250=00 | 24 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉची।

PR 299025 Energy(23-24)D


## 400 से अधिक यूनिट खर्च होने पर नहीं मिलेगा सब्सिडी का लाभ

# बिजली की नई दरें घोषित होने पर भी उपभोक्ताओं को मिलता रहेगा सौ यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में एक जून से बिजली की नई दरें घोषित किए जाने के बाद से लागू है। नियामक आयोग की ओर से जो दरें घोषित की गयी है, वो बगैर सरकारी सब्सिडी के है। इसका अर्थ है कि झारखंड बिजली वितरण निगम सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को देगा। वहीं, फिक्सड चार्ज में भी वृद्धि की गयी है। ऐसे में उपभोक्ताओं को संशय है कि पूर्व से मिल रही सौ यूनिट फ्री बिजली का लाभ अब मिलेगा या नहीं। बता दें कि राज्य सरकार की ओर से सौ यूनिट मुफ्त बिजली दी जाती है जबकि दरें आयोग की ओर से तय की गयी हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो नयी दरें लागू होने से सौ यूनिट मुफ्त बिजली स्कीम पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं, 400 यूनिट से अधिक बिजली उपभोग करने पर लोगों को सब्सिडी का लाभ नहीं दिया जायेगा।

**क्या है व्यवस्था** : राज्य सरकार की ओर से 100 बिजली मुफ्त दी जाती है। इसके तहत सौ यूनिट तक बिजली बिल भुगतान पर सरकार बिल देगी। इसके लिए उपभोक्ताओं से कोई बिल नहीं लिया जायेगा। इससे अब तक लगभग 18 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। वहीं, 101 से 400 यूनिट तक बिजली उपभोग पर सब्सिडी दर पर बिजली दी जाती है। वहीं, 401 यूनिट से अधिक बिजली जलाने पर राज्य सरकार की ओर से कोई सब्सिडी का लाभ नहीं दिया जायेगा।



**घोषित नई दरें** : घरेलू ग्रामीण उपभोक्ता 5.80 प्रति यूनिट मिलेगी। इनसे 50 रुपए प्रति कनेक्शन फिक्सड चार्ज लिया जायेगा। घरेलू शहरी उपभोक्ताओं को 6.30 रुपए प्रति यूनिट और फिक्सड चार्जेस 100 रुपये लिया जायेगा। घरेलू एचटी को अब 6.15 रुपए प्रति यूनिट बिजली और 150 रुपए फिक्सड चार्ज लिया जायेगा। वहीं कॉमर्शियल ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली 5.80 प्रति यूनिट और फिक्सड चार्जेस 100 रुपए लिया जायेगा। पहले जहां कृषि उपयोगिता के लिए 5 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिलती थी, वहीं नयी दरें घोषित होने पर भी बिजली 5 रुपए प्रति यूनिट की दर से ही मिलेगी। औद्योगिक उपयोगिता के लिए लो टेंशन कनेक्शन पर 5.90 रुपए प्रति यूनिट लिया जायेगा। हाई टेंशन कनेक्शन पर 5.65 प्रति यूनिट, हाई टेंशन स्पेशल सर्विस पर 5.15 रुपए प्रति यूनिट लिया जायेगा। वहीं, संस्थागत उपयोग के तहत स्ट्रीट लाइट के लिए 6.30 प्रति यूनिट लिया जायेगा। आरटीएस के लिएए 5.40, एमईएस के लिए 5.40 राशि ली जायेगी।

**881 करोड़ रुपये बढ़ेगी आय**



**रांची।** झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के लिए वित्त वर्ष 2021-22 के लिए नया बिजली टैरिफ लागू कर दिया है। आयोग की ओर से जारी बिजली टैरिफ में बिजली दरों में मामूली बढ़ोतरी की गयी है मगर फिक्स चार्ज में 20 से 30 रुपये तक की बढ़ोतरी की गयी है। अलग-अलग कैटगरी के उपभोक्ताओं के लिए फिक्स चार्ज में अलग-अलग बढ़ोतरी की गई है। इससे जेबीवीएनएल की आय में प्रति माह लगभग 73.45 करोड़ रुपये और सलाना 881 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। नई दरें एक जून से लागू कर दी गई हैं।


**Government of Jharkhand**
**Drinking Water & Sanitation Division, Khunti**
**Email ID:- eedwsd.khunti@gmail.com**

**Very Short Tender Notice**

Tender Reference No.& DWSD/KH-03/2023-24 (1st Call) Date- 02.06.2023

Name of Work: Revival of Defunct IM II H/P by Changing of 32 mm dia. G.I Rotten Riser Pipe, Connecting rod and C.I Cylinder (wherever required) etc at different villages of Khunti District on turn-key basis under D. W. & S. Division, Khunti for the year 2023-24 under D.W. & S. Division, Khunti.

| Sl. No. | Group No. | No. of T/W | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RRP/KNT/KH-01 | 60 | 884400.00 | 18,000.00 | 1,250.00 | 45 Days |
| 2 | RRP/KNT /MU-02 | 70 | 1031800.00 | 21,000.00 | 2,500.00 | 45 Days |
| 3 | RRP/KNT /AR-03 | 70 | 1031800.00 | 21,000.00 | 2,500.00 | 45 Days |
| 4 | RRP/KNT /TO-04 | 70 | 1031800.00 | 21,000.00 | 2,500.00 | 45 Days |
| 5 | RRP/KNT /RN-05 | 31 | 456940.00 | 10,000.00 | 750.00 | 30 Days |
| 6 | RRP/KNT /KR-06 | 81 | 1193940.00 | 24,000.00 | 2,500.00 | 45 Days |

| | | |
|---|---|---|
| a) | Date of Publication Tender (Website) | 03.06.2023/ |
| b) | Date & Time for Sale of Tender Doc. | 03.06.2023/ 10:00 P.M. to 10.06.2023/05:00 PM |
| c) | Last date /Time for receipt Earnest Money & Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy) | 12.06.2023/ 01:00 PM to 02:00 PM |
| d) | Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) | Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| e) | Date of Opening of Tender | 13.06.2023/ 11:00 A.M. |
| f) | Place of Opening Tender | Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| g) | Name & Address of Tender inviting Authority | Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| h) | Contact No. of Procurement Office | 06528-221715 |

विस्तृत जानकारी हेतु प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट http://dwsd.jharkhand@gov.in या http://112.133.209.136:8000/dwsdtenders/ पर देखा जा सकता है।

!!जल ही जीवन है!!

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.298985 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## शर्मनाक : रिम्स में पर्याप्त बेड नहीं : गलियारे में इलाज



फोटो : समीर

# मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने में कसर नहीं छोड़ी : डॉ कामेश्वर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद को शुक्रवार को रिम्स में एक समारोह में विदाई दी गयी। कार्यक्रम में कहा कि उन्होंने इसी अस्पताल में पढ़ाई की। इसलिए रिम्स में डायरेक्टर के पद आया। उन्होंने कहा कि रिम्स से मैंने डॉक्टरी की। इसके लिए मैंने अपनी गुरु दक्षिणा दे दी है। 2.85 लाख का चेक मैंने रिम्स के नाम से काटकर दे दिया है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मौजूद थे।

डॉ. प्रसाद ने कहा कि यहां पर रिसर्च के रास्ते खुल गए। वहीं मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं देने में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान में आज दो सीटी स्कैन, 2 कैथलैब, 3 अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा है जो शायद पटना के एम्स में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि रिसर्च लेक्चर का फायदा रिम्स को मिलेगा।

**प्राइवेट प्रैक्टिस पर कुछ नहीं कर पाया :** डॉ प्रसाद ने डॉक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर कहा कि पहले भी रिम्स के डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे लेकिन वे लोग अपनी सीमा में रहकर करते थे। आज भी हमारे डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं जिसकी शिकायत लेकर मरीज हमारे पास आए। इस पर रोक लगाने के लिए मैं कुछ नहीं कर पाया। उम्मीद है कि आगे आने वाले लोग इसपर कुछ करेंगे।

### डायरेक्टर को अगर भागना होता तो वे कोरोना काल में ही स्थितियों से घबराकर भाग जाते : स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डायरेक्टर डॉ कामेश्वर प्रसाद के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उनके रिसर्च का फायदा रिम्स को आनेवाले समय में भी मिलेगा। डायरेक्टर के जल्दी रिम्स छोड़ने के मामले पर उन्होंने कहा कि डायरेक्टर को अगर भागना होता तो वे कोरोना काल में ही स्थितियों से घबराकर भाग जाते लेकिन उन्होंने सबकुछ देखा और स्थितियों को भी संभाला। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि डायरेक्टर और मेरे बीच मतभेद की बातें आती रही लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं था। कई बार हमारे विचार एक नहीं हो सकते। मैंने पहले ही दिन डायरेक्टर को कहा था कि अगर किसी विषय पर लगे कि मैं गलत हूं तो समाज के हित में फैसला वे ले सकते है।

मौके पर वहीं विधायक समरी लाल ने डायरेक्टर के साथ नोक-झोंक की बातें कही। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा ये दायित्व है कि लोगों की समस्याओं को रखूं।

# जेसीआइ इंडिया के अध्यक्ष एमके कार्तिकेय रांची पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई इंडिया के अध्यक्ष एमके कार्तिकेय एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे एवं उनके इस दौरे में उनका साथ देने जेसीआई इंडिया के क्षेत्रीय अध्यक्ष अभिनव चौरसिया, क्षेत्रीय सचिव प्रकाश अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ दास शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में जेसीआई रांची नियो के अध्यक्ष चंद्रकांत सिंघानिया ने सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर एवं हार पहना कर स्वागत किया और स्कूल में मौजूद बच्चों एवं शिक्षकों से अतिथियों से रूबरू कराया।

**जीएमएस स्कूल के बच्चों को दी गई कंप्यूटर कक्ष की सुविधा :** जेसीआई रांची नियो द्वारा जीएमएस स्कूल बरियातू के बच्चों को कंप्यूटर लैब की सुविधा मुहैया कराया गया। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को आज के तकनीकी युग से रूबरू कराने के लिए यह कदम उठाया गया जिससे वह कंप्यूटर की जानकारी हासिल कर सके। जेसीआई इंडिया के अध्यक्ष एनके कार्थिकेयन ने अपने शुभ हाथों से कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। इस शुभ कार्य में जेसीआई की तरफ से अभिनव चौरसिया, जगन्नाथ दास, प्रकाश अग्रवाल, रवि शंकर उपस्थित थे।

कंप्यूटर कक्ष की उद्घाटन के बाद जेसीआई इंडिया से आए अतिथियों को स्कूल में पिछले वर्ष अध्यक्ष साकेत सराफ के कार्यकाल में कराए गए कार्यों की जानकारी दी गई एवं उन्हें सुचारू रूप से चलाने का वादा किया गया। जेसीआई रांची नियो द्वारा बच्चों के बीच भेंट वितरण की गई जिनमें बच्चों से जुड़े उनके निजी जीवन में आने वाले वस्तु उन्हें भेंट दिया गया। इसी दौरान जेसीआई इंडिया के अध्यक्ष एमके कार्थिकेयन भावुक होकर बोले यह उनके कार्यकाल में दूसरा कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया।

## झारखंड चैंबर की पत्रिका का राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया विमोचन

# महाराष्ट्र की तरह झारखंड में भी लघु एवं मध्यम उद्योगों को मिले विशेष प्रोत्साहन : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन कहा कि महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु की तर्ज पर झारखंड में भी लघु एवं मध्यम उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए विशेष प्रयास किया जाये। सरकार एवं प्रख्यात अर्थशास्त्रियों द्वारा यह स्वीकार किया गया है कि मध्यम और लघु उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सकल घरेलू उत्पाद का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से कम निवेश के साथ शुरू होता है। ऐसे में आवश्यक है कि इस सेक्टर को विशेष प्रोत्साहन दिया जाये। राज्यपाल ने शुक्रवार को चैंबर भवन में फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान सत्र की पत्रिका के द्वितीय संस्करण के विमोचन के दौरान ये बातें कही। उन्होंने राज्य की आर्थिक प्रगति में किये जा रहे सकारात्मक प्रयासों के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रयासों की प्रशंसा की।

**सरकार की ओर से वित्तीय अनुदान मिले : महेश पोद्दार :** इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद सह झारखंड चैंबर के पूर्व अध्यक्ष महेश पोद्दार ने चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य औद्योगिक संगठनों को सरकार की ओर से वित्तीय अनुदान देने की बात पर बल दिया। कहा कि राज्य की आर्थिक प्रगति में इन संगठनों का विशेष योगदान होता है। आवश्यक है कि सरकार द्वारा इन्हें प्रोत्साहन दिया जाये।

### लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास का निरंतर प्रयास : किशोर मंत्री

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि एमएसएमई के विकास के लिए झारखंड चैंबर निरंतर कार्यरत है। इसके निश्चित ही सकारात्मक परिणाम आयेंगे। औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड आवंटन की प्रक्रिया में सरलीकरण के साथ ही अन्य सेक्टर्स की अपेक्षा इस सेक्टर को विशेष प्राथमिकता देने हेतु नियमित रूप से उद्योग विभाग से वार्ता की जा रही है। एमएसएमई के फंडिंग की सुविधा हेतु सिडबी के सहयोग से वित्तीय कठिनाईयों के समाधान की दिशा में भी कार्रवाई की जा रही है।

### समारोह में ये भी थे मौजूद

मौके पर चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, प्रवक्ता ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, पत्रिका कमिटी के चेयरमैन अभिषेक अग्रवाल, सदस्य आनंद जालान, किशन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राजीव चौधरी, बिनोद अग्रवाल, जसविंदर सिंह के अलावा लघु उद्योग भारती के सदस्य उपस्थित थे।

# छठे नानक श्री हरगोविंद जी महाराज के 428वें प्रकाश पर्व पर सजेगा विशेष दीवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा छठे नानक श्री हरगोविंद जी महाराज के 428वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में 5 जून, सोमवार को विशेष दीवान सजाया जाएगा। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा द्वारा शबद गायन से होगी। हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह द्वारा कथावचान होग। उसके बाद हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद गायन किया जाएगा। दीवान की समाप्ति सुबह 10.30 बजे होगी। मौके पर सत्संग सभा द्वारा मिस्सी रोटी, प्याज और लस्सी का लंगर चलाया जाएगा।

**मिस्सी रोटी, प्याज और लस्सी का लंगर का इतिहास :** पांचवें गुरु दे अर्जुन देव जी को बहुत समय तक सन्तान की प्राप्ति नहीं हुई, तो उन्होंने अपनी पत्नी माता गंगादेवी को श्री गुरुनानक जी के शिष्य बाबा बुड्ढा जी से आशीर्वाद लेकर आने को कहा। वे तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवान बनाकर अपने सेवकों के साथ सवारी में बैठकर बाबा जी के पास गयी, बाबा बुड्ढा ने कहा कि मैं तो गुरुओं का दास हूं, आशीर्वाद देने की क्षमता तो स्वयं गुरु जी में ही है। माता जी निराश होकर खाली हाथ वापस लौट गयीं। जब गुरु अर्जुनदेव जी को यह पता लगा, तो उन्होंने पत्नी को समझाया। अगली बार उनकी पत्नी मिस्सी रोटी, प्याज और लस्सी लेकर नंगे पांव गयीं, तो बाबा बुड्ढा जी ने आशीर्वाद और दुआएं दी और प्याज को अपने हाथों से तोड़ते हुए कहा कि आपके घर जिस वीर योद्धा का जन्म होगा वह भी दुश्मनों के सर ऐसे फोड़ेगा जैसे मैं अपने हाथों से प्याज फोड़ रहा हूं, जिसका फल यह मिला कि कुछ समय बाद उनके आंगन में हरगोविन्द साहिब जी जैसा नूर जन्मा। तब से बाबा बुड्ढा जी के जन्मदिवस पर उनके जन्मस्थान अमृतसर जिले के ग्राम कथू नंगल में बने गुरुद्वारे में मिस्सी रोटी,प्याज और लस्सी का लंगर ही वितरित किया जाता है।

# अगले पांच दिन तक गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यवासियों को फिलहाल तपती गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 7 जून तक राजधानी समेत राज्यभर में लोगों को गर्मी का एहसास होगा। हालांकि इस दौरान तापमान में वृद्धि की बात नहीं कही गयी है, लेकिन लोगों को तपती गर्मी और तेज धूप का सामना करना पड़ेगा। वहीं आठ जून को राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो अगले पांच दिनों तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पांच जून से राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहने का अनुमान है जबकि आठ जून को कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की भी संभावना है।

मौसम विभाग की मानें तो आठ जून के पहले तेज धूप की संभावना है। ऐसे में लोगों को सर्तक रहने की जरूरत है। लोग घरों से निकलने के पहले पूरे कपड़े पहनें। वहीं, अधिक से अधिक पानी का पीने को कहा गया है। विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि सुबह 9 बजे के बाद से घर से बाहर न निकलें।

## खबर एक नजर में

### अवैध हथियार के साथ जोपनो मुंडा गिरफ्तार

**रांची।** अनुमंडल के तमाड़ थाना क्षेत्र के जोपनो जंगल में छापामारी के दौरान एसएसबी के 26 वीं वाहिनी तथा तमाड़ थाना के पुलिस के संयुक्त प्रयास से 35 वर्षीय जोपनो को जंगल में संदेहास्पद स्थिति में घूमते हुए पाया गया। पूछताछ पर आनाकानी करने लगा तलाशी लेने पर उसके पास एक देसी कट्टा पाया गया। सही जवाब नहीं देने पर उसे हिरासत में ले लिय गया। फिर उसने अपना नाम जोपनो मुंडा बताया। वह तमाड़ थाना क्षेत्र के गांगो कोईजानीगुड़ा का निवासी है। एसएसपी ने बताया कि इसके मामले पूर्व में तमाड़ तथा चुटिया थाना में दर्ज है यह पूर्व में भी जेल जा चुका है।

### प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य ने एनपीयू के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया



**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू के कुलपति के तौर पर अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। मौके पर प्रभार ग्रहण करते हुए कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि वह पूरी निष्ठा और मनोयोग से इस अतिरिक्त दायित्व के निर्वहन का प्रयास करेंगे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### मनी लाउड्रिंग मामले में इडी अधिकारी की हुई गवाही

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े 3500 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लाउंड्रिंग मामले में शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में रांची के प्रधान आयकर आयुक्त सह ईडी के तत्कालीन उप निदेशक डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गई। मामले में बचाव पक्ष की ओर से गवाह का जिरह किया जा रहा था। जो पूरी हो गई। डॉ प्रभाकांत की गवाही कोविड काल से पहले प्रारंभ हुई थी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 17 जून निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान मामले के आरोपी मुध कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा एवं पुणे निवासी अनिल बस्तावड़े मौजूद थे। जबकि अदालत की अनुमति मिलने पर मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास एवं विजय जोशी की ओर से अधिवक्ता ने उपस्थित दर्ज कराई।

### सीएमपीडीआइ में हैकथॉन का आयोजन



**रांची।** सीएमपीडीआई में शुक्रवार को कोयला खनन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर हैकथॉन के प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की जानकारी देने संबंधी वेबिनार का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक अमर कांत मिश्रा ने हैकथॉन एवं चिन्हित क्षेत्रों पर प्रस्ताव प्रक्रिया प्रस्तुत करने की जानकारी दी। वेबिनार में आईआईटी–खड़गपुर, एनआईटी–राउरकेला, मॉड्यूलर माइनिंग, टेक्समिन, गरूड़ आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों, स्टार्टप्स, संगठनों के 250 से अधिक सदस्यों, प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हैकथॉन के माध्यम से चिन्हित समस्या विवरणों पर लीक से हटकर समाधान, नवाचार समाधान को सीएमपीडीआई स्वीकार करेगा। इससे संबंधित प्रस्ताव 12 जून से 12 अगस्त के बीच जमा किया जा सकता है। वेबिनार में सीएमडी मनोज कुमार, कोयला मंत्रालय के सलाहकार आनंदजी प्रसाद, सीएमपीडीआई के निदेशक अजय कुमार, महाप्रबंधक संजय दुबे आदि अधिकारियों ने भाग लिया।

### सिल्ली घटना शर्मसार करने वाली : राजेन्द्र

**रांची।** सिल्ली के नावाडीह गांव में कुआं से पानी लेने पर छुआछूत की भावनाओं से दलित परिवारों को रोके जाने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। प्रसाद ने कहा कि छुआछूत और भेदभाव की परंपरा झारखंड की नहीं रही है। उन्होंने कहा कि आज 21वीं सदी के दौर में आज कुछ अंधविश्वासी और सामंतवादी विचारधारा के लोगों के कारण ही समाज का विभाजन हो रहा है। प्रसाद ने प्रशासन से इस घटना को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है और इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। जिला प्रशासन से इन परिवारों के लिए पीने का पानी तुरंत उपलब्ध कराने और इनके आवास के आसपास में बोरिंग कराने एवं कुआं का निर्माण कराने की मांग की है।

# एनएसएस ने चलाया सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मिशन लाइफ के तहत सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त अभियान शुक्रवार को चलाया गया। रांची के मोरहाबादी में चलाए गए अभियान में स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई की। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया गया। इस मौके पर आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पर्यावरण को प्लास्टिक द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके विरुद्ध जन जागरुकता कार्यक्रम चलाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों को पर्यावरण संकट को गंभीरता से लेकर आम जनता के बीच एवं शिक्षण संस्थानों में जागरुकता अभियान चलाने का आह्वान किया। पर्यावरण के इस भीषण संकट से बचने के लिए सभी को सामूहिक एवं सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। प्लास्टिक मुक्त अभियान में मोरहाबादी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर बिखरे हुए प्लास्टिक से निर्मित सामग्रियों के रैपर एवं प्लास्टिक आदि का संग्रह किया गया।

## आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा निष्कासित

**रांची।** पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर आजसू ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को निष्कासित कर दिया है। साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष महेश महतो को आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तथा शिवलाल दांगी एवं छोटू भोक्ता को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी को भंग कर दिया गया था। डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि चतरा जिला में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य चले, इसलिए कमिटी को भंग करने का निर्णय लिया गया था।

# मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा के पांचवें दिन कुल 12 मामलों का हुआ निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झालसा की ओर से मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन 14 जून 2023 तक होगा। इसके तहत अधिक से अधिक लोगों को मध्यस्थता के प्रति जागरूक करना और न्यायालय में लंबित वाद या मुकदमा पूर्व वाद का निष्पादन हेतु मध्यस्थता को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना इस अभियान का उद्देश्य है। इस क्रम में शुक्रवार को 12 वाद में सफलता मिली जिसमे न्यायालय में लंबित 9 वाद को मध्यस्थता के लिए मध्यस्थता केंद्र भेजा गया था और तीन मुकदमा पूर्व वाद के लिए आवेदन आया था।

आज एक मुकदमा पूर्व वाद जो एक महिला के द्वारा पति और ससुराल पक्ष के द्वारा प्रताड़ित करने और पति के द्वारा भरण पोषण हेतु सहयोग नही करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची में दिया गया था, जिसमें आज पति पत्नी के बीच समझौता हो गया और पति हर माह अपने पत्नी को भरण पोषण हेतु पैसा देंगे, इस प्रकार मुकदमा पूर्व भी मध्यस्थता से विवाद का समाधान किया गया।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा की बैठक में शामिल हुए विधायक और पूर्व डिप्टी मेयर

# विस्थापित करने से पहले पुनर्वास करे सरकार : मोर्चा

**रांची एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए सरकार 366 एकड़ भूमि का कर रही अधिग्रहण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को एयरपोर्ट के पास हेथू गांव में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कहा गया कि रांची एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए सरकार जमीन ले रही है। लोगों ने कहा कि हम विकास के लिए जमीन दे रहे हैं पर हमें उजाड़ने से पहले हमारा पुनर्वास किया किया जाये।

बैठक में विधायक नवीन जायसवाल और पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव भी उपस्थित थे। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि ग्रामवासियों की मांग जायज है और वे उनकी बातों को विधानसभा में सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे सड़क पर उतर कर आंदोलन में भी साथ देंगे। ग्रामीणों को अजयनाथ शाहदेव और केंद्रीय सरना समिति के अजय तिर्की ने भी संबोधित किया।

**क्या है मामला :** ग्रामीणों ने बताया कि अभी जो वर्तमान एयरपोर्ट है उसे सबसे पहले द्वितीय विश्वयुद्ध के समय अधिग्रहित किया गया था। इसके बाद विस्तार के नाम पर 1963 में और जमीन अधिग्रहित की गयी। अब एक बार फिर से विस्तारीकरण के नाम पर करीब 366 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इससे हेथू, हुंडरू, कुचेटोली और चंदाघासी मौजा के लगभग 400 परिवार प्रभावित होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से कुछ लोगों को मुआवजा मिला है और कई लोगों को अभी भी मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है। उन्हें मुआवजा का भुगतान किया जाये और साथ ही आसपास के इलाके में ही विस्थापित लोगों का पुनर्वास भी किया जाये। ग्रामीणों की यह भी मांग है कि उनके धार्मिक महत्व की जमीन जैसे सरना, मसना आदि का भी पुनर्वास किया जाये। बैठक में मोर्चा के अध्यक्ष अजीत उरांव,

## स्पीड न्यूज

### डीडीसी ने धनबाद में करंट से मरे भाईयों के परिजनों से की मुलाकात



**सतबरवा पलामू।** जिले के डीडीसी रवि आनंद ने पोलपोल घोरही टोला के दो सगे मजदूर भाइयों की धनबाद रेलवे में कार्य करने के दौरान बिजली करंट से हुई मौत के खबर पाकर गुरुवार की शाम मृतक के घर पहुंचे और दु:ख प्रकट किया। मौके पर सदर बीडीओ अमिताभ भगत, मुखिया पति भरदूल सिंह पंचायत सचिव अजय सिंह, आनंद कुमार, सुभाष तिवारी, अनुपा तिर्की, आवास ऑर्डिनेटर अनिता कुमारी समेत कई कर्मी मौजूद थे। डीडीसी ने दु:ख प्रकट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन हर समय पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने पीड़ित परिवार के परिजनों को पीएम आवास ,सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ, सावित्रीबाई फुले योजना अंतर्गत छात्रों को पढ़ाई में मदद, सामाजिक सुरक्षा के तहत 20000 रुपए का लाभ देने का आश्वासन दिया। वहीं मृतकों की मां ने बताया कि बीते 29 मई को मेरे पुत्र श्याम देव सिंह और बाल गोविंद सिंह की मौत हो गई थी। 40 घंटे के बाद बुधवार को रात्रि 11:30 शव घर पहुंचा था। रात्रि में ही दोनों पुत्र का दाह: संस्कार कर दिया गया है।

### हुसैनाबाद : सब्जी दुकानदार की लापरवाही से बना है डेंजर जोन



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला सब्जी बाजार अम्बेडकर चौक के समीप शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे एक खड़ी पानी सप्लाई वितरक टेम्पू अचानक चालू हो गया। टेंपू कई दुकानों से टकराते हुए करीब 50 फिट आगे बढ़ गया जिसके चपेट में कई छोटे मोटे फुटपाथी दुकानदार बाल बाल बच गए। हालांकि इस मे कोई हताहत नही हुआ। कुछ दुकानदारों का सामान बर्बाद हुई हैं। नगर पालिका द्वरा आवंटित सब्जी व अन्य दुकान अपना दुकान छोड़ कर बीच सड़क पर दुकान लगते है दोनो तरफ से दुकान होने के कारण कोई भी गाड़ी खड़ी होती हैं जाम लग जाता हैं। वही दुकानदारों को कई बार आम लोगो से बहस होती हैं लेकिन दुकानदार जान बूझ कर सब्जी व फल एवं अन्य सामग्री बेखौफ बीच सड़क पर लगाते हैं जिससे हमेशा उस जगह पर दुर्घटना डेंजर जॉन बना रहता हैं। वही सिस्टम के बेरुखापन ने इनलोगो को मनोबल को और बढ़ावा देता आया हैं अगर यही स्थिति रही तो वहां आये दिन दुर्घटना हो सकता है।

### भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने की सचिव के आदेश की अवहेलना

**पाटन पलामू।** पाटन के सतौआ में बड़ा तालाब का जिर्णोद्धार कार्य का वर्क ऑडर देकर पलामू भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारी ने कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के सचिव के आदेश का अवहेलना किया है। पाटन प्रखंड के सतौआ के ग्रामीणों आवेदन देकर पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव से बड़ा तालाब का जिर्णोद्धार का कार्य अविलंब रोकने की मांग की थी। आवेदन में कहा गया था कि सतौआ में बड़ा तालाब का जो जिर्णोद्धार किया जाना है उस तालाब कि गहराई पहले से ही पचास फीट गहरा है तथा तालाब के किनारे सैकड़ों पेड़ पौधे लगे हुए हैं। तालाब मेन रोड पर अवस्थित है। तालाब की सतह पर पत्थर की बड़ी बड़ी चट्टानें हैं जिस पर और खुदाई नहीं की जा सकती है। उस तालाब में बरसात होने पर सालो भर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों आवेदन में कहा है कि और गहराई होने पर हजारों एकड़ जमीन बंजर हो जायेगी जिससे किसान भुखे मरने पर विवश हो जायेंगे। ग्रामीणों के आवेदन पर पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव ने संज्ञान लेते हुए पलामू भुमि संरक्षण विभाग को जांच कर रिपोर्ट अविलंब देने को कहा था परन्तु पलामू भुमि संरक्षण विभाग ने सचिव के आदेश का अवहेलना कर कार्य को वर्क आर्डर दे दिया है। जिससे सतौआ ग्राम के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# केंद्र की योजनाओं में राज्य सरकार की ईच्छा शक्ति होना जनहित में आवश्यक : बीडी राम

सांसद ने शंखा ओवरब्रीज बाईपास, कनहर पाईप लाईन, श्रीनगर पंडूका ब्रीज, अन्नराज घाटी के चौड़ीकरण निर्माण कार्य का अवलोकन किया

चमक रहा है रेहला गढ़वा फोर लेन बाईपास सड़क

सांसद ने पलामू, गढ़वा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सभी निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया







**गजेंद्र कुमार**

**मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद बिष्णुदयाल राम ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकास तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला के ग्राम मेढ़ना में बाईपास फोर लेन, अन्नराज घाटी, श्री नगर पंडूका ब्रीज, दारीडीह के पास सोन कनहर पाईप लाईन योजना का अवलोकन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र में जबसे भाजपा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** बने हैं तबसे लेकर वर्तमान समय तक पलामू संसदीय क्षेत्र ही नहीं पूरे देश में जन उपयोगी योजनाओं का चयन कर तेजी से कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

वर्ष 2014 से लेकर अभी तक नौ वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बड़ी बड़ी योजनाओं का शिलान्यास एवं उदघाटन कर जनता को समर्पित करने का काम किया है। यह देश आजादी के बाद पहली सरकार है, जो जन उपयोगी योजनाओं को चयन कर जनता को समर्पित करने का काम किया है। इसके तहत गढ़वा रेहला बाईपास 22.730 किमी लंबी है जिसकी प्रस्तावित खर्च 903.47 करोड़ है। इसमें करीब 90 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है।

अन्नराज घाटी में सुरक्षा एवं ट्रैफिक सुधार हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतीन गडकरी के द्वारा 16 करोड़ रुपए की लागत से ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था। सांसद ने कहा कि गढ़वा - अंबिकापुर मार्ग पर अवस्थित अन्नराज घाटी के तीखे मोड़ को सीधा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पंडुका ब्रीज का कार्य तीव्र गति से चल रहा है जो वर्ष 2024 के समाप्ति तक पूर्ण हो जायेगा। जिसे बिहार व झारखंड के जनता को समर्पित कर दिया जायेगा। यह पुल जितना बिहार के लिए महत्वपूर्ण है उससे भी कही अधिक पलामू एवं गढ़वा जिले सहित झारखण्ड वासियों के लिए महत्वपूर्ण है।

सांसद राम ने कहा कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना गढ़वा जिले में पाइप लाइन जलापूर्ति के माध्यम से विभिन्न जलाशयों से आवश्यकतानुसार पेयजल तथा सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कारगर होगा। यह योजना 1169.28 करोड़ की लागत से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि 10 सिंचाई परियोजनाओं में से गढ़वा जिला में सोन-कनहर पाइपलाइन परियोजना और पलामू में सोन पाइप लाइन परियोजना शामिल है। सोन कनहर पाइप लाइन योजना से 70 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी गढ़वा/पलामू तक पहुंचाया जाएगा, सरकार के तरफ से 2.50 लाख मीटर तक 1500 मी0मी0 व्यास का टनल बनाया जाएगा। इसमें कनहर से 36 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी भण्डरिया, रंका, चिनियां, धुरकी, रमकण्डा और रमना तक पहुंचाया जाएगा। वहीं सोन नदी से गढ़वा, मेराल, नगर उंटारी, मंझिआंव, पाण्डू, खरौंधी, रमना, विशुनपुरा को पीने का पानी तथा सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त 14240 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई और 3.28 लाख लोगों को पेयजल की सुविधा मिल पाएगी, पाइप लाइन की कुल लंबाई 270 किमी होगी। सोन नदी के एक स्थान भवनाथपुर प्रखण्ड अंतर्गत दारीदह से तथा कनहर नदी के दो स्थान रंका प्रखण्ड अंतर्गत मंत्री तथा भण्डरिया प्रखण्ड अंतर्गत उगरा ग्राम से पानी को लिफ्ट किया जाएगा। मौके पर गढ़वा भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, अलखनाथ पांडेय, विभाकर नारायण पाण्डेय, रघुराज पाण्डेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, संतोष दुबे, सूरज गुप्ता, प्रमोद चौबे, प्रवीण जायसवाल, अंजनी तिवारी, शिव नारायण चन्द्रा, अलख दुबे, चंदन जयसवाल, संजय ठाकुर, कमलेश नंदन सिन्हा, अनुज पाण्डेय, पंकज तिवारी, बिरेंद्र नाथ दूबे, ईश्वरी पांडेय सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

**पुल निर्माण से गढ़वा से बिहार व यूपी की दूरी होगी कम**

ब्रीज के निर्माण से न केवल गढ़वा से बिहार, यूपी की दूरी कम होगी बल्कि यहॉ से लखनऊ पीजीआई इलाज कराने हेतु जाने वाले को भी अत्यधिक आसानी होगी। शायद यह दूसरी जगहों के लोगों को यह पता नहीं होगा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा से सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज हेतु प्रतिमाह पीजीआई लखनऊ में जाते हैं। इस ब्रीज के निर्माण से न केवल पलामू एवं गढ़वा जिले को लाभ होगा बल्कि छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाके के लोग भी लाभान्वित होंगे। बढ़ने के साथ-साथ रोजगार के नए-नए अवसर उत्पन्न होंगे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। सप्ताहिक आयोजन होने वाले इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष 25 से अधिक मामलों के आवेदन आये।

सभी का फरियाद सुन उपायुक्त दोड्डे ने संबंधित पदाधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की ओर से गलत एलपीसी निर्गत करने, गैरमजरूआ जमीन में मकान बनाने, अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान नियोजन, मनरेगा अंतर्गत बगैर काम के राशि निकासी, म्युटेशन, राशन आदि से संबंधित आवेदन आये जिसे डीसी ने मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन का आदेश दिया।

### हर मोर्चे पर विफल रही है मोदी सरकार : बिट्टू



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल में बेरोजगारी अपरंपार, अर्थव्यवस्था का बंटाधार हो गया। उन्होंने कहा कि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी लोगों के बीच में जाकर केंद्र सरकार की नाकामियों को बताने का काम करेगी। जिन मुद्दे एवं आश्वासन पर वह सत्ता पर काबिज हुए थे वह अधूरा रह गया है। प्रधानमंत्री और उनके टीम ने एक सुनिश्चित तरीके से इंटरनेट मीडिया के जरिए अपनी खुद की एक छवि गढ़ी थी लेकिन वर्तमान में उनकी छवि को ध्वस्त होते देश देख रहा है।

# युवा एकजुटता के साथ अपने हक की लड़ाई के लिए आगे आयें : सूर्या सिंह

युवाओं का साथ और बुजुर्गों के आशीर्वाद से रचा जायेगा हुसैनाबाद का इतिहास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** एनसीपी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद हरिहरगंज के दर्जनों गांव का दौरा कर युवाओं से सहयोग व बुजुर्गो का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने गांव की समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में युवाओं युवतियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 50 से 80 किलो मीटर दूर जाना पड़ता है। वह हरिहरगंज में उच्च शिक्षा के लिए केंद्र या डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं का समाधान विधायक कोटा व अन्य योजनाओं से की जा रही है। उन्होंने हुसैनाबाद के इलाके में आधुनिक खेती करने वाले किसानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हे प्रोत्साहित करने के लिए जो भी जरूरत होगी हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह जी करने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। इसे एक दिन में दूर नहीं किया जा सकता है। रोजगार के साधन विकसित करने में पूरा एनसीपी परिवार जुटा हुआ है। धीरे धीरे इस समस्या का समाधान होगा। सूर्या सिंह ने जिन पंचायतों का दौरा किया है उसमे पथरा पंचायत के पीपरडीह, इटवां बेनिकला पंचायत के तेंदुआ व करीमनडीह, लोटनिया पंचायत के पिपरडीह टोला व ककोरिया, महुवरी पंचायत के दुल्हर व टिकर पर के अलावा हरिहरगंज प्रखंड की कई पंचायतें शामिल हैं।

# पीएम मोदी ने लोगों से किये वादा को पूरा करके दिखाया : विजयानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** भाजपा के द्वारा देश में मोदी सरकार के नौ साल पुरे होने के उपलक्ष्य में विकास तीर्थ अभियान चलाया जा रहा है। पाटन भाजपा के द्वारा शुक्रवार को पाटन के बरवाडीह पंचायत से अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलामू जिला भाजपा अध्यक्ष विजयानंद पाठक, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पुर्व सांसद मनोज कुमार शामिल थे। विजयानंद पाठक ने नौ साल में प्रधानमंत्री मोदी के किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो लोगों से वादा किया था वह करके दिखाया है। भाजपा सरकार गरीबों के लिए काम किया है जिसका परिणाम 2024 में देखने को मिलेगा पार्टी भारी बहुमत से केंद्र में सरकार बनायेगी। पाठक ने कार्यकर्ताओं को घर घर में जाकर प्रधानमंत्री मोदी के किये गये कार्यों को बतलाने के लिए निर्देश दिया। वहीं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि आज झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

### पलामू के 6 रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ी चयनित

**मेदिनीनगर।** इंडियन स्कूल गेम्स ऑफ फेडरेशन के तत्वाधान में 6 से 12 जून तक 66 वी नेशनल एसजीएफआई एथलेटिक्स एवं खो खो प्रतियोगिता, एथलेटिक्स भोपाल में और खो-खो दिल्ली मे आयोजन किया गया है। उसके पूर्व 28 मई को शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा राज्य स्तरीय एसजीएफआई एथलेटिक्स एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट परफॉर्मेंस करते हुए पलामू जिले के विभिन्न स्कूलों से 9 एथलीटों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसमें से 6 प्रतिभागी रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी डाल्टनगंज में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले थे। सभी प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 1 जून को रांची से भोपाल और दिल्ली के लिए रवाना हुए। एथलेटिक्स में अंकित कुमार यादव, डिस्कस थ्रो में नेहा कुमारी, जैवलिन थ्रो में जे एस करण ये सभी रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी केंद्र के खिलाड़ी है।

## स्पीड न्यूज

### सामाजिक संस्था शौर्य ने बिरसानगर संडे मार्किट में स्थापित किया प्याऊ



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के तत्वाधान में चल रहे जल सेवा के तहत आज बिरसानगर स्थित संडे मार्किट में प्याऊकी सेवा लगाई गई, जिसका उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा एवं सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेन्दर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद ने शौर्य संस्था के जल सेवा अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैं, मानसून का अभी कोई आसार नहीं दिख रहा। प्याऊ के इस जल सेवा के माध्यम से आम लोगों और राहगीरों को राहत मिलेगी। बिरसानगर के संडे मार्किट में गुरुवार और रविवार को बहुत बड़े हाट का आयोजन होता हैं जहां सैकड़ो आम लोग बाजार करने आते हैं। इस प्याऊ की सेवा से उन्हें कुछ राहत मिलेगी। शौर्य संस्था की इस पहल की सराहना करता हूँ जो जनमानस की सेवा केलिए ततपर हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने किया व नेतृत्व विकास शर्मा, अनिल अग्रवाल, ओंकार सिंह व युधिष्ठिर पंचबया ने किया।

### श्रीनाथ विवि में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा श्रीनाथ कलेज अफ एजुकेशन ने संयुक्त रूप से 'राष्ट्रीय सेवा योजना' तथा 'मिशन लाईफ कैम्पेन' के तहत श्रीनाथ विश्वविद्यालय के परिसर मे वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। पूर्वी घोष सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थी। उनके अतिरिक्त श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति डॉ गोविंद महतो, नोडल पदाधिकारी लक्ष्मी महतो, कुलसचिव सुधांशु शेखर महतो राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी विनय शांडिल्य, डीन एकेडमिक श्री जे.राजेश उपस्थित थे।

# टीसीएस आयोन अपने कमिटमेंट की बदौलत डिजिटल एग्जाम लेने में अग्रणी : गोपाल कृष्ण

एक्सएलआरआइ में सीएक्सओ सेशन में शामिल हुए टीसीएस के मार्केट फंक्शन एंड प्रोडक्ट हेड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते गोपाल कृष्ण।

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में पीजीडीएम (जीएम) की ओर से सीएक्सओ सेशन का आयोजन किया गया जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज आयोन के मार्केट फंक्शन एंड प्रोडक्ट हेड गोपाल ष्णा उपस्थित थे। उन्होंने एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम) के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए किसी भी कंपनी के कर्मचारियों में लीडरशिप की क्वालिटी व अन्य जरूरी गुणों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। इस बदलती दुनिया में किसी भी कंपनी के कर्मचारियों के साथ ही उसके पदाधिकारियों में यह गुण होना जरूरी है कि वे सकारात्मक बदलाव को स्वीकार करें। उन्होंने इसे लेकर अपने करियर के कई उदाहरण दिये।

पर्सनल व प्रोफेशनल लाइफ को घालमेल नहीं करने की बात कही। गोपालकृष्ण ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड के बाद से कई सेक्टर में तेजी से बदलाव हुआ है। डिजिटल प्लेटफर्म पर हमारी निर्भरता बढ़ी है। इस दिशा में उन्होंने टीसीएस आयोन द्वारा लगातार किये जाने वाले प्रयासों की जानकारी दी। कहा कि आज अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के साथ ही प्रवेश परीक्षाएं अनलाइन मोड में होने लगी है।

इस दिशा में टीसीएस आयोन ने उपभोक्ता के प्रति अपने कमिटमेंट के कारण सबसे अव्वल है। उन्होंने रणनीति बनाने के साथ ही उसे समय-समय पर बदलाव करने से संबंधित बातें भी कही। इस दौरान एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों ने उनसे कई सवाल किये, जिसका उन्होंने जवाब दिया।

### सांसद ने चहारदीवारी निर्माण का किया शिलान्यास



**पोटका।** प्रखंड के आदिम भूमिज मुंडा समाज कल्याण समिति जुड़ी जाहेरस्थान में सांसद निधि से 800 मीटर चहारदीवारी का निर्माण 1650 लाख से होगा। योजना का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि सांसद विद्युतवरण महतो ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सात एकड़ में फैला यह जाहेरथान आदिवासी समुदाय के अच्छे पूजास्थल के रुप पहचान है। इस पवित्र स्थान का विकास कराया जाएगा। समिति के पदाधिकारी व सदस्य यहां के विकास का रुपरेखा तय करें एवं मेरे संज्ञान में लाएं। मैं यहां के विकास के प्रति संकल्पित हुं। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, अनिल मोदी, संजीव कुमार, जसवंत महतो, उपेंद्र नाथ सरदार, होपना माहली, पंसस रायसिंह सरदार, समिति के अध्यक्ष दिनेश सरदार, सचिव धिरेन सरदार, उपाध्यक्ष सविता सरदार, मंडल अध्यक्ष सुदीप डे, ग्राम प्रधान भीमसेन सरदार, पुजारी दीबू सरदार, रंजीत सरदार, जयहरि सिंह मुंडा, जयपाल मुंडा, श्रीकांत सरदार, निरोध सरदार, श्रीजन सरदार सहित समिति के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# जदयू के संगठन को मजबूती देने आज आयेंगे मंत्री अशोक चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह जनता दल यू (जदयू) के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी और राज्यसभा सांसद सह जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो कोल्हान प्रमंडल में संगठन को और धारदार बनाने के लिये दो दिवसीय दौरे पर कल 3 जून को शहर आएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता सह दौरा कार्यक्रम के को-अर्डिनेटर शैलेन्द्र महतो ने बताया कि कल, 3 जून को नेताद्वय चाईबासा स्थित फरेस्ट गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। बाद में कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन को तेज करने की रणनीति तैयार करेंगे। इसके बाद सडक मार्ग से सरायकेला होते हुए देर शाम जमशेदपुर पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम भी यहीं करेंगे।

इसके बाद 4 जून को पूर्वाह्न 11 बजे जमशेदपुर स्थित बाग-ए-जमशेद सभागार में जदयू पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री व सांसद का अभिनंदन समारोह किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के बाद आदित्यपुर स्थित एशिया भवन में अपराह्न 3 बजे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी को मजबूत करने का दिशा निर्देश देंगे। शैलेन्द्र महतो ने उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं को पहुंचने की अपील की है।

### आनंद मार्ग का पर्यावरण सप्ताह संपन्न



**जमशेदपुर। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आनंद मार्ग में पर्यावरण सप्ताह 27 मई से लेकर 2 जून तक मनाया। सोनारी कबीर मंदिर के पास एवं गदरा आनंद मार्ग जागृति में शहर के विभिन्न संगठनों एवं देहात क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच पृथ्वी की गर्मी को कम करने के लिए पृथ्वी बचाओ सप्ताह मना कर 7 दिनों में 1000 एवं 2020 बीज बल का निशुल्क वितरण किया गया। साथ ही साथ सभी लोगों के बीच बीज बल बनाने की विधि बताई गई। घर के एक भी बीज को बर्बाद ना होने दें मिट्टी से बल बना कर प्रति की गोद में दे एक न एक दिन आपका प्रयास पेड़ का रूप लेगा।**

# टीएमएच के इमर्जेंसी से ओपीडी ब्लॉक तक बनेगा रेन प्रोटेक्शन शेड

## बुनियादी संरचना विकास कार्यों के लिए सड़क अस्थायी रूप से बंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से टाटा स्टील, टाटा मेन हस्पीटल (टीएमएच) के आपातकालीन क्षेत्र और ओपीडी ब्लकों के बीच के रास्ते के लिए रेन प्रोटेक्शन शेड का निर्माण करेगी।

इस परियोजना का उद्देश्य खराब मौसम की स्थिति के दौरान रोगियों, कर्मचारियों और आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा को बढ़ाना है। इमरजेंसी और ओपीडी के बीच मरीजों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए रेन प्रोटेक्शन संरचना के निर्माण की योजना बनायी गयी है। इमरजेंसी और ओपीडी भवन के बीच, जेजीएमएच की ओर जाने वाली सड़क को 3 जून 2023 से अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा।

**मरीजों के वाहनों के आवागमन के वैकल्पिक मार्ग निम्न हैं**




1.सीसीयू, आईसीयू व जेजीएमएच में प्रवेश नर्सिंग कॉलेज के बगल वाले गेट से होगा।

2.उसी गेट से बाहर निकलना होगा जो होटल सेंटर पइंट के सामने निकलता है।

3.टीएमएच की बाकी विजिट के लिए प्रवेश और निकास में कोई बदलाव नहीं होगा।

टीएमएच प्रबंधन ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल अपने हितधारकों की भलाई और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध हैं और सभी के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

# जस्ट डायल का उपयोग कर डॉगी ओए के कारोबार ने भरी उड़ान

जमशेदपुर के छोटे और मध्यम उद्योग जस्टडायल प्लेटफर्म से लाभ उठा रहे हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के छोटे और मध्यम उद्योग जस्टडायल प्लेटफर्म से लाभ उठा रहे हैं। शहर के कई कारोबारियों ने जस्टडायल के साथ जुड़ने के बाद अपनी सफलता की कहानियां पर रोशनी डाली है।

इसी क्रम में डगी ओए के मालिक चरणदीप सिंह ने बताया कि मात्र एक दुकान से शुरूआत करने के बाद तेजी से विकास किया है। अपने इस विकास का श्रेय वे अनलाईन मौजूद्गी जस्टडायल को देते हैं।

सिंह 2013 में मात्र रु 5000 का मामूली शुल्क देकर जस्टडायल के साथ जुड़ गए और तब से उनका व्यवसाय लगातार बढ़ा है। जस्टडायल से मिलने वाली लीड्स की वजह से उनके ग्राहकों की संख्या तेजी से बढ़ी।

अच्छी अनलाईन मौजूद्गी एवं बेहतरीन कस्टमर सर्विस के साथ यह प्लेटफर्म डगी ओए की सफलता की कहानी में भरोसेमंद पार्टनर बन गया है। इंडस्ट्रियल सिटी जमशेदपुर में डगी अए जैसे कई छोटे और मध्यम उद्योग है। शहर में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ-साथ जस्टडायल प्लेटफर्म का लाभ उठाकर ये व्यवसाय तेजी से विकसित हो रहे हैं।

यह अनलाईन मार्केटिंग प्लेटफर्म कारोबारियों के लिए अनुकूल माध्यम बन गया है, उन्हें ग्राहकों के साथ जोड़कर सफलता हासिल करने में मदद करता है। जमशेदपर के व्यवसायियों की कई कहानियां उनके व्यवसाय पर जस्टडायल के बेहतरीन प्रभाव को दर्शाती हैं। डगी ओए की जबरदस्त बढ़ोतरी, बीआरएल क्लिनिक के लगातार बढ़ते ग्राहक तथा प्रभुजी हल्दीराम स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट्स की सफलता के बीच जस्टडायल उनके अनलाईन मार्केटिंग का सच्चा साथी बन गया है।

यह प्लेटफर्म प्रासंगिक व्यवसायों को उनके ग्राहकों के साथ जोड़ता है। ऐसे में यह जमशेदपुर एवं अन्य स्थानों के व्यवसायियों के लिए विकास का महत्वपूर्ण जरिया बन गया है। भारत में व्यवसाय लगातार विकसित हो रहे हैं, इस बीच जस्टडायल उनकी सफलता के लिए भरोसेमंद पार्टनर साबित हुआ है।

# खैरबनी सामुटोला में कचरा प्लांट के भूमि निरीक्षण करने आये दल का हुआ विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को खैरबनी सामुटोला ग्राम में दोपहर को अचंल कार्यालय के राजस्व एवं बन्दोबस्त विभाग के आमीन सहित 8 कर्मचारियों द्वारा खैरबनी कचड़ा संयंत्र के लिए भूमि का निरीक्षण करने खैरबनी सामूटोला गये, वहां ग्राम प्रधान दिकू मेलगांडी के नेतृत्व मे ग्रामीणों द्वारा कर्मचारियों का विरोध किया गया। ग्राम प्रधान दिकू मेलगांडी ने कहा कि जिला पूर्वी सिंहभूम पांचवीं अनूसूची के अन्तर्गत आता हैं। पेसा अधिनियम 1996 के तहत भूमि अधिग्रहण करने से पहले ग्राम सभा की सहमति जरूरी है। परंतु जिला प्रशासन द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया नहीं आपनाई गई, जिसका ग्रामीणो पर काफी अक्रोश है। क्योंकि हम सभी ग्रामवासी इस परियोजना का विरोध विगत 14 बर्षो, यानि 2010 से करते आ रहे है। ग्रामीणो ने कहा बिना ग्राम सभा के किसी भी निर्माण को नहीं करने देंगे और इसका जोरदार विरोध करेंगे।

स्पीड न्यूज

## नामकुम: रिंगरोड में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नामकुम।** शुक्रवार सुबह खरसीदाग ओपी क्षेत्र के खरसीदाग मोड समीप हुई एक पिकअप वैन की चपेट में आने से एक बाईक सवार व्यक्त की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ओपी पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी। ओपी प्रभारी सुकदेव कुमार साहा ने बताया कि मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान तोरपा के रहने वाले बरथेलोमीयूस भेंगरा 60 वर्स के रूप में की गयी, बताया जा रहा है कि मृतक खरसीदाग चैक पर रिंगरोड क्रास कर रहा था उसी दौरान सामने से आती कार ने उसे असंतुलित कर दिया और पीछे से तेज गति से आ रहे पिकअप वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वैन में फंसकर घीसटता हुआ वह दुर तक चला गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक अपने परिवार सहित हुलहुण्डु में किराए के मकान में रहता था।

## नवनियुक्त जीएम के योगदान पर किया गया स्वागत

**पिपरवार।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के नवनियुक्त महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ के बचरा स्थित मगध संघमित्रा महाप्रबंधक कार्यालय मैं योगदान देने पर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के श्रमिक प्रतिनिधियों ने बचरा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात किया द्य इस दौरान आरकेएमयू के जेसीसी सदस्य सह सीसीएल सचिव लल्लन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ देकर नवनियुक्त महाप्रबंधक नृपेन्द्रनाथ का जोरदार स्वागत किया गया। इसमें मगध संघमित्राए एन के क्षेत्रए पिपरवार क्षेत्र के यूनियन प्रतिनिधियों में पिपरवार क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहताए सुनिल सिंहए मनिन्द्र कुमार सिंहए प्रेम कुमारए मनोज गुप्ता शामिल थे।

## गोमियाडीह गांव में किसान गोष्ठी

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारूहातू पंचायत के गोमियाडीह गांव में ग्राम प्रधान जीवाधन मुंडा के अध्यक्षता में आत्मा रांची के द्वारा किसान गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। गोष्ठी में बीटीएम दीनानाथ भगत के द्वारा मिशन लाईफए एफओएमएए एफओएमए जैविक खेती एगोबरधन योजनाए जीवामृत एवीजामृत धनामृतएआदि विषयों की जानकारी दिया गया ।इस विषयों को प्रयोग करने की विधि भी बतलाया गया। साथ ही मोटे अनाज की महत्ता को बताया गया।

# जोरार में तीन योजनाओं का शिलान्यास

## खिजरी विधायक ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** शुक्रवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने वार्ड संख्या 47 के जोरार में तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक श्री कच्छप ने हंसराज वाधवा हाईस्कूल में जिला योजना अनाबद्ध निधि से ग्यारह लाख 61 हजार रुपए की लागत से बनने वाले चार यूनिट टायलेट निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। साथ ही जिला योजना अनाबद्ध निधि से ही बीस लाख रुपए की लागत से विद्यालय की चाहरदिवारी, मुख्य गेट, पुराने चाहरदीवारी की मरम्मत कार्य तथा जोरार सपाही नदी समीप शेड निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। मौके पर स्कूल की प्रभारी प्रचार्या एबी केरकेटटा ने विधायक श्री कच्छप से खेल मैदान और विद्यालय कमरे बनवाने की मांग रखी, जिसपर विधायक श्री कच्छप ने कहा कि शिक्षकगण बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध करायें। वे विद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग करने को तैयार है। मौके पर मुख्य रूप से दीपक राणा, पिन्टु सिंह, सोनल कच्छप, सलेम डहंगा, सुनील यादव, रंजीत बड़ाईक, चमन रजक, ज्ञान मुंडा, राजेन्द्र कच्छप, शशांक यादव, दिनेशचन्द्र प्रमाणिक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राजस्व ग्राम में विशेष ग्रामसभा

**सोनाहातू/राहे।** सोनाहातू और राहे प्रखंड के सभी राजस्व ग्राम में ग्रामप्रधान के अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण के लिये प्रस्ताव, साप्ता गड्ढा या नाडेप गड्ढा निर्माण का प्रस्ताव तथा खराब चापानल ओर खबर सोलरयुक्त जलमीनार का मरम्मत करने का प्रस्ताव लिया गया। ग्रामसभा बीडीओ के निगरानी में पर्यवेक्षक नियुक्ति किये गये थे। इस संबंध में राहे बीडीओ हारून रशीद ने बताये कि विशेष ग्राम सभा डीसी के निर्देश पर आयोजित किया गया। ग्रामसभा के प्रस्ताव क्रियान्वयन किया जायेगा।



## विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने किया खलारी कोयलांचल का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखंड राज्य समन्वय समिति सदस्य सह रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु फेसरा ने शुक्रवार को खलारी कोयलांचल का दौरा किया। डकरा पहुचने पर रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सदस्यों ने बुके देकर एव माला पहनाकर स्वागत किया। केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा ने मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। बैठक में मोर्चा के सभी शाखाओं के सदस्यों ने केंद्रीय अध्यक्ष को रैयत विस्थापितों की समस्याओं से अवगत कराया। केंद्रीय अध्यक्ष ने रैयत विस्थापितों को आश्वस्त किया कि उनकी नौकरी, मुआवजा, रोजगार, पुनर्वास सहित अन्य समस्याओं को लेकर मोर्चा के द्वारा हमेशा संघर्ष किया जाता रहा है।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता इकबाल हुसैन रामचन्द्र उरांव रंथू उरांव जगरनाथ महतो जालिम सिंह राम लखन गंझू नरेश गंझु विनय खलखो अमृत भोगता नागेश्वर महतो राजेंद्र उरांव शिवनारायण लोहरा दामोदर गंझू प्रकाश महतो रामधारी गंझू सुनील यादव धनराज भोगत शिवनाथ भोगता प्रेम गुप्ता हेमलाल गंझू नरेश यादव किशुन गंझू मुकद्दर कुमार प्रभाकर गंझू गणेश मुंडा दिनेश प्रसाद छोटन भोगता रूपलाल गंझू आदि मौजूद थे।

# खिलाड़ी शुरू से ही नींव करें मजबूत: मृणाल चक्रवर्ती

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर एवं वुशु एकाडमी सिल्ली में तीरंदाजों तथा वुशू खिलाड़ियों को कोलकाता के मेंटल ट्रेनर मृणाल चक्रवर्ती ने राष्ट्रीय,अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रर्दशन करने हेतु लक्ष्य निर्धारित करने, प्रारंभिक अवस्था से नींव को मजबूत करने, आत्मा विश्वास बढ़ाने, समेत कई टिप्स दिये। आगे उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में दिमाग का संतुलन होना बहुत जरूरी है, लेकिन अत्यधिक तनाव के कारण आजकल लाखों लोग मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहे हैं। यह मनोवैज्ञानिक और सामाजिक भी हो सकता है। जब हम मानसिक रूप से अस्वस्थ होते हैं तो हम आसानी से होने वाले काम में भी बहुत असहज महसूस करते हैं। इतना ही नहीं खराब मानसिक स्वास्थ्य के चलते आप गंभीर डिप्रेशन के भी शिकार हो सकते हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को मानसिक रूप से फिट रहने की जरूरत है ।साथ ही उन्होंने ओलंपियन खिलाडि ?ों के जीवनी, उनके द्वारा बचपन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सफर को प्रर्दशन को लेकर वीडियो,आडियो के माध्यम अपने अन्दर की प्रतिभा को खुल कर प्रदर्शित करने और निखारने हेतु प्रोत्साहित किया। वे लगभग 1 घंटे से अधिक समय तक खिलाड़ियों के साथ बिताये। कार्यक्रम का संचालन कोच मुकेश तुरी ने किया। इस मौके पर वुशू कोच वाहिद अली, आर्चरी कोच शिशिर महतो, आर्यन साव, कमलेश महतो, रोहित कुमार, रोहित भारद्वाज, मधुमिता कुमारी ,सिंपी कुमारी, कलावती देवी , दीप्ति कुमारी समेत एकेडमी के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## पिस्का में बनेगा आदर्श रेलवे स्टेशन: सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** रांची सांसद संजय सेठ शुक्रवार को पिस्का स्टेशन में 60 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे निर्माण कार्य और रांची गुमला मार्ग पिस्का स्टेशन ओवरब्रिज के कार्यों का निरीक्षण किया मौके पर स्थानीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि पिस्का स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करना मेरा लक्ष्य है इस स्टेशन में तीस करोड़ का कार्य लगभग पुर्ण होने जा रहा है जिसमें अभी तक एक आधुनिक सुविधा लैंस नया स्टेशन भवन और एक प्लेट फार्म और स्टेशन का से सजा का कार्य चलेगा । जल्द ही इस पिस्का स्टेशन मे रुपए तीस करोड़ का सेकंड फेज का कार्य प्रारंभ होगाण जिसमें एक प्लेट फार्म और एक ओवरब्रिज का निर्माण होगाण आज इस स्टेशन में तीन प्लेट फार्म मौजूद हैं और एक और प्लेट फार्म बनेगा पिस्का स्टेशन में कुल चार प्लेट फार्म होगाण्विकास तीर्थ यह स्थल प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य की ही देन है जिसमें हजारों रेलयात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगीण इन्होंने आगे कहा कि कुल ?60 करोड़ की लागत से यह स्टेशन मॉडल स्टेशन के रूप में पूर्ण रूप से विकसित होगा भारत सरकार के रेल मंत्री से वार्ता कर इस स्टेशन मार्ग से दो रेल गाड़ी का आज परिचलन हो रहा है एक नई दिल्ली और दुसरी रांची सासाराम पसेंजर रेल हैण इस पिस्का स्टेशन से जल्द ही एक रेलगाड़ी दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगीण उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 9 सालों में देश के विकास के लिए कार्य किया लोगों के जनहित और जन जन कल्याणकारी योजनाओं कार्य किए हैंण नगड़ी में निमार्णाधीन रेल ओवरब्रिज का कार्य भी बहुत जल्द होगाण इन्होंने ओवरब्रिज के कार्य में हुए देरी का कारण राज्य सरकार को ठहराया राज्य सरकार के ढुल मूल नीति और ओवर ब्रिज के आसपास के निवासियों को मुआवजा की राशि नहीं देना इसका बड़ा कारण है । मौके पर सांसद ने रांची के उपायुक्त से बात कर उन्हें ओवर ब्रिज के कार्य में हो रहे बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि पूरे नगड़ी प्रखंड के साथ.साथ रांची लोकसभा में विकास की गंगा बहाना ही मेरा लक्ष्य है।

## ओरमांझी: भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा खिजरी विधानसभा स्तरीय महा जनसंपर्क अभियान का शुरूवात शुक्रवार को ओरमांझी विकास तीर्थ कार्यक्रम से किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नौ साल बेमिसाल की उपलब्धियों के तहत आयोजित कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता ब्लॉक चैक स्थित पॉवर सब्स्टेशन पहुंचे। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल के दौरान ही पॉवर व जलमीनार निर्माण हुआ है। इसके अलवे मोदीजी के कार्यकाल के दौरान कई विकास का कार्य हुआ है। जिसका लाभ क्षेत्र की ग्रामीण जनता को मिल रहें हैं। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चैधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में विकास की एक लकीर खींच दी गई है। पानी बिजली, आवास व स्वास्थ्य लाभ जनता तक पहुंची है। आज कोई भी घर योजना की लाभ से अछूता नहीं हैं। इनके कार्य करने के सैली से पूरा विश्व प्रभावित है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, कार्यक्रम प्रभारी रोहित साहू, सुरेंद्र प्रजापति, भानु प्रताप महतो, बालक पाहन, राजधम साहू, कृष्ण कुमार, धनंजय कुमार मौजूद थे।

## बेड़ो: केसीबी कॉलेज में इंटर की पढ़ाई शुरू होने पर हर्ष

### कॉलेज पहुंचीं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शुक्रवार को करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो पहुंचीं। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार से मिलकर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं और सभी कर्मचारियों को पुनः इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी होने की खुशी में बधाई व शुभकामना दिया। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने गुरुवार को अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ महामहिम राज्यपाल से मिलकर कर सभी ग्रामीण अंगीभूत महाविद्यालयों में बंद हुए इंटरमीडिएट की पढ़ाई को पुनः जारी करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा था। साथ ही माध्यमिक पास हजारों ग्रामीण विद्यार्थियों के प्रति चिंता व्यक्त किया था। वहीं परिणाम स्वरूप कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई पुनः बहाल हुई। जिससे पूरे क्षेत्र में शिक्षकए छात्र व अभिभावकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने भी पूरे शिक्षक व छात्र समुदाय की ओर से इस ऐतिहासिक फैसले के लिए महामहिम राज्यपाल के प्रति आभार जताया। वहीं मौके पर प्राचार्य ने पूर्व विधायक को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। साथ ही सयुंक्त रूप से कॉलेज परिसर में संस्थापक पूर्व शिक्षा स्वण्करमचन्द भगत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर इंटर संकाय के शिक्षक और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व विधायक से मिलकर उनके प्रति आभार जताया और उनके द्वारा किये गए पहल और कार्य की सराहना किया।

## भाजपा के प्रदेश महामंत्री सिल्ली पहुंचे

**सिल्ली।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विकास यात्रा के तहत प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा सिल्ली प्रखंड के हाके दाग गांव पहुंचे। वहीं उन्होंने क्षेत्र के तीन पंचायतों में चल रहे जल नल योजना कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किए गये जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकास यात्रा भाजपा द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया है। मोदी सरकार ने देश के गरीबों की पीड़ा समझते हुए जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना समेत कई जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब जनता को लाभान्वित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, जिला युवा महामंत्री उमेश महतो, मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पंकज कुमार, मंत्री राजेश राय, भरत महतो, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रदेश महामंत्री कुटाम स्थित भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल पहुचे। जहां उन्हें गुरुकुल के आचार्यों ने उनका स्वागत किया। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पुर्व गुरुकुल का मंदिर समेत कई कमरा जल कर पुरी तरह नष्ट हो गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा ।**

**शुद्धि–पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा अन्तर्गत प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–SPUF/MID/KODERMA/F2-02/2023-24 Date-23.05.2023 के ग्रुप संख्या–05 में अंकित निविदा शुल्क की राशि–5000.00 रूपये के स्थान पर 2500.00 रूपये पढ़ा जाय। जिसका PR. No.298197 Minor Irrigation (2023-24):D है।

शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR 298939 Minor Irrigation(23-24)D

**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूंटी**

**अति अल्पकालीन निविदा की सूचना 2023–24**

मत्स्य निदेशक झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 470 दिनांक 06/03/2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) के अंतर्गत चालू वर्ष की भांति खूंटी जिला के मत्स्य बीज उत्पादकों को फाई कैचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों (फर्म) से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम–जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूंटी
2. अग्रधन राशि–20,000/– (जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूंटी के पदनाम से खूंटी में भुगतेय ड्राफ्ट)।
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय– दिनांक 15/06/2023 पूर्वाह्न 11:15 बजे तक
4. निविदा जमा करने का स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय, खूंटी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक 15/06/2023 अपराह्न 1:00 बजे
6. निविदा खोलने का स्थान–ITDA, कार्यालय, खूंटी।
7. निविदा खोलने की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूंटी।

PR.NO.299031 Fish(23-24):D


## धारदार हथियार से पूर्व विधायक प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो छापर के निकट अपने खेत में ट्रैक्टर से खेत की जुताई करवा रहे पूर्व शिवसेना के कार्यकर्ता सह विधायक प्रतिनिधि और समाजसेवी बजरंग गोप पिता गोयन्दा गोप के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। उसके सिर गर्दन और माथे में गंभीर चोटें आई है। खून से लथपथ गंभीर स्थिति में बजरंग गोप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रिम्स भेज दिया गया। इस संबंध में घायल बजरंग गोप के पिता गोयन्दा गोप ने बेड़ो थाना में लिखित आवेदन देते हुए बजरंग गोप के ऊपर हमला करने वाले हमलावरों में बासुदेव महतोए फुलेश्वर महतोए बानेश्वर महतोए भगत महतोए राम महतोए कोले महतो, अनिल महतो सुनील महतो के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि हमले में घायल बजरंग गोप को खेत से उठाकर समाजसेवी किशोर कुमार साहुए सिद्धेश्वर भारती तथा विनोद उरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाएं। इधर इस संबंध में बेड़ो पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## अंडर 19 ब्वायज एंड गर्ल्स हैंडबॉल टीम दिल्ली रवाना

### खिलाड़ियों को आजसू नेता ने स्टेशन जाकर दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** दिल्ली में 6 से 12 जून तक आयोजित 66 वां अंडर.19 बॉयज एंड गर्ल्स हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये झारखंड हैंडबॉल टीम दिल्ली के लिये रवाना हो गयी। आजसू के हटिया विधान सभा संगठन प्रभारी भरत साहू कांसीए पार्टी नेता राजीव रंजन उर्फ चिंटू मिश्रए पंचू कच्छप व किशन कांसी ने उन्हें बिदाई दी। इस दौरान खिलाड़ियों को जीत हासिल कर राज्य का नाम रोशन करने की शुभकामनाये दी गयी। मौके पर कोच बिष्णु कुमार और अमित कुमार पाठक भी मौजूद थे।



**टीम में हैं शामिल**

बॉयज में ऋतिक कुमारए कुमार सुरज, दिलीप कुमार, सुशील कुमार, ओम कुमार, यश कुमार, रितेश कुमार, कुमार आरव, दिनेश कुमार, कुमार अंशुल व शौरभ कुमार तथा गर्ल्स टीम में ममता कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रिया अंजली कुमारी, सृष्टि कुमारी, पीहू कुमारी, आराधना कुमारी, शिखा कुमारी, शालू कुमारी, आकांक्षा कुमारी, अंशु व कुमारी संजना।


**Office of Chief Engineer-cum-Executive Director**
Programme Management Unit (SWSM) Drinking Water & Sanitation Department, Jharkhand
Doranda Bazar (Water Tower Compound, First Floor) Doranda, Ranchi – 834002, Jharkhand
Fax/ Phone: 0651-2480166, Email:swsm.jharkhand@gmail.com

**SHORT QUOTATION NOTICE**

Sealed quotations are invited from Authorized / Registered CA firms for providing service of Income tax related work under Office of Chief Engineer-cum-Executive Director Programme Management Unit (SWSM), Drinking Water & Sanitation Department, Jharkhand inclusive all works as given in Annexure-1, so as to reach the office of the undersigned on or before 08.06.2023 up to 03:30 P.M. in their proper format. The quotations received will be opened on the same day at 4:00 P.M. The quotationers may wish to be present personally or through their authorized representatives at the time of opening of quotations received. Rate should be quoted for providing service of above work inclusive of all taxes, all complete job. Quotationers are requested to submit attested copies of Registration/ PAN Card,copy of latest GST and IT return with their quotation.The undersigned reserves the right to accept or reject one/ all quotations without assigning any reason thereof.

Deputy Director-I
P.M.U. (SWSM), Ranchi

PR 298965 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


# अमित की तेजतर्रार पारी से 21 गेंद में जीता मैच

## ओरमांझी में लाल बहादुर शास्त्री रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि सिल्ली डीएसपी व थाना प्रभारी।

**ओरमांझी।** लाल बहादुर शास्त्री क्लब ओरमांझी द्वारा एसएस हाई स्कूल मैदान में आयोजित रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए चार मैच में एलबीएस, नेवरी, आनंदी व चकला की टीम अपने मुकाबले जीत सेमीफाइनल में प्रवेष किए। एलबीएस ओरमांझी व डहु एकादस के बीच खेला गया मैच में टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी डहु की टीम को एलबीएस के मेन ऑफ दी मैच खिलाड़ी राहुल ने घतक गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में मात्र 6 रन पर तीन विकेट लेकर मात्र 60 रन पर रोक दिया। वहीं लक्ष्य का पिछा करने उतरी एलबीएस के खिलाड़ी अमित कुमार ने तजेर्रार पारी मात्र 16 गेंद में 47 रन बनाए और मात्र 3.3 ओवर में अपने टीम को जीत दिला दिया। राहुल के अलावा अन्य विजेता टीम के खिलाड़ी काली, अभिषेक व आफताब को मैन ऑफ-दी मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिल्ली डीएसपी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा व विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर रामदास साहू, खुर्षीद आलम, सौरभ कुमार विक्की, अभिमन्यू सिंह पप्पु, श्वेतांक कुमार, मनिष कुमार, आफताब आलम, अजित गिरी, नीरज शाह, रोहित कुमार, शषि कुमार साहू, ललित सिंह व संजय तिर्की सहित कई लोग उपस्थित थें।


**Office Nagar Parishad, Lohardaga**

**Very Short Tender Notice**

NIT No.-RFP/LNP/04/2023-24 Date: 02/06/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report and Project Management Consultancy for Various Projects Under Nagar Parishad Lohardaga, Jharkhand. |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Tender |
| 3. | Tender Fee &Earnest MoneyDeposit (EMD) (In INR) | Cost of Tender Document: 5,000/- *(Rupees five Thousand) only(Non-refundable) + 18% GST* Earnest Money Deposit (EMD) – Rs. 10,000/- *(Rs. Ten Thousand) only* |
| 4. | Date of starting of sale ofonline Tender | 05/06/2023 |
| 5. | Date of Start of Submissionof online Bids | 05/06/2023 |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 12/06/2023 at 17.00 Hrs |
| 7. | Last Date/Time for submission of Tender feeand EMD (Hard Copy) | 13/06/2023 at 3.00 Hrs |
| 8. | Date of Online Bid Opening | 13/06/2023 at 5.00 Hrs |
| 9. | Tender fee and EMD submission address | In favour of Executive Officer Nagar Parishad,Lohardaga |
| 10. | Helpline no. | + 91 9304502260 |

**Note: Only e-tender will be accepted**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

PR 298990 Lohardaga (23-24)_D Administrator, Nagar Parishad Lohardaga

खबर मन्त्र
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net
रांची. शनिवार .03 जून 2023

# आगे बढ़ता देश

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल गया है और आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉरगेन स्टेनले की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा है कि आज भारत एशिया और वैश्विक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। मॉरगेन स्टेनले की रिपोर्ट कहती है कि भारत को लेकर संदेह, विशेषरूप से विदेशी निवेशकों के मामले में, 2014 के बाद से हुए उल्लेखनीय बदलावों को नजरअंदाज करने जैसा है। रिपोर्ट में इन आलोचनाओं को खारिज किया गया है कि दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने और पिछले 25 साल के दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले शेयर बाजार के बावजूद भारत अपनी क्षमता के अनुरूप नतीजे नहीं दे सका है। रिपोर्ट कहती है कि भारत एक दशक से कम समय में बदल गया है। यह भारत 2013 से अलग है। 10 साल के छोटे से अरसे में भारत ने दुनिया की व्यवस्था में स्थान बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के पद संभालने के बाद 2014 से हुए 10 बड़े बदलावों का जिक्र करते हुए ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि भारत में कॉरपोरेट कर की दर को अन्य देशों के बराबर किया गया है। इसके अलावा बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके साथ ही माल एवं सेवा कर संग्रह लगातार बढ़ रहा है। साथ ही सकल घरेलू उत्पाद के फीसदी में डिजिटल लेनदेन बढ़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था के संगठित होने का संकेत है। निश्चित तौर पर यह देशवासियों के लिये एक सुखद सर्वेक्षण है। महंगाई पर नियंत्रण, आधारभूत संरचना का तेज विकास, नीतियों में स्थिरता, विश्व में देश को लेकर सकरात्मक दृष्टिकोण ने हर भारतीय को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचा दिया है। आने वाले समय में इस विकास का लाभ सभी को मिलना तय है।

# कठघरे में चीन

कोरोना संक्रमण दुनिया में शक की सूई पहले से चीन की तरफ रही है क्योंकि वह जितनी तेजी से इस संकट से उबरा और अप्रत्याशित आर्थिक तरक्की इस दौर में की, उसने कई सवालों को जन्म दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को 90 दिन में कोरोना वायरस की वुहान थ्योरी से पर्दा उठाने का आदेश दिया है। पिछले दिनों आस्ट्रेलिया के मीडिया में इस आशय की खबर प्रकाशित हुई थी कि चीन जैविक युद्ध के रूप मे कोरोना वायरस को विकसित करने का कार्यक्रम 2015 से चला रहा था, जिसकी सोच थी कि आने वाले समय में जैविक युद्ध कारगर होंगे। दरअसल, ब्रिटेन के प्रोफेसर एंगस डल्गालिश और नार्वे के विज्ञानी डॉ. बिर्गर सोरेनसेन ने एक अध्ययन में दावा किया कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि कोरोना वायरस सार्स-कोव-2 प्राकृतिक रूप से पैदा हुआ है। इसे एक विशेष प्रोजेक्ट पर काम करने वाले चीनी विज्ञानियों ने तैयार किया है, जिसमें प्राकृतिक वायरस में फेरबदल करके उसको अधिक संक्रामक बनाने का काम लैब में किया गया है। अध्ययन में दावा किया गया कि गुफाओं में रहने वाले चमगादड़ों से प्राकृतिक कोरोना वायरस निकाला गया और उसे स्पाइक से चिपकाकर घातक व तेजी से फैलने वाला बनाया गया है। शोधकताओं का दावा है कि उन्होंने कोविड-19 के सैंपल में एक यूनिक फिंगरप्रिंट पाया है, यह लैब में वायरस के साथ छेड़छाड़ से ही संभव था। उनका कहना है कि उनके पास वायरस पर रेट्रो-इंजीनियरिंग के सुबूत थे, लेकिन उनकी रिपोर्ट को प्रमुख जर्नलों ने अनदेखा किया। आरोप है कि चीन ने इससे जुड़ा डाटा नष्ट किया है। चीन की वुहान लैब में शोध के साथ सैन्य गतिविधियां भी होती थीं, जिससे पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लोग भी जुड़े रहे हैं। यह दुनिया के लिये खतरनाक संकेत है।

# नीतीश की पीएम बनने की चाह में अनेक बाधा





-डॉ अनिल निगम

**वर्ष** 2024 के लोकसभा चुनाव में चंद महीने ही शेष हैं। केंद्र में वर्ष 2014 से एनडीए की सरकार विराजमान है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को पटकनी देने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूरी ताकत झोंक रखी है। सभी विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के लिए पटना में 12 जून को विभिन्न दलों के नेताओं की एक बैठक भी आहूत की गई है। इस बैठक में ह्यऊंट किस करवटह्न बैठेगा, यह तो समय बताएगा लेकिन एक बात तो स्पष्ट है कि सभी दलों को एक फामूर्ले पर सहमत करना ह्यलोहे के चने चबानाह्न जैसा ही है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की मुहिम में जुटे हुए हैं। उन्होंने विभिन्न राज्यों का दौरा कर वहां के क्षेत्रीय दलों के प्रमुखों से भेंट की है। उन्होंने अब तक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पंवार, टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, जनता दल-बीजू के नवीन पटनायक, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह आदि से भेंटकर विपक्षी एकता के लिए बात की है। लेकिन लोकसभा के आगामी चुनाव के पूर्व सभी विपक्षी दल एक सूत्र में बंधेंगे या नहीं, इसका दरोमदार पूरी तरह से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के रुख पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि नवीन पटनायक इस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं होंगे, वह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं।

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस आत्मसमर्पण की मुद्रा में थी। लेकिन कर्नाटक में चुनाव के नतीजे आने के बाद पार्टी का रुख बदल चुका है। अब कांग्रेस विपक्षी एकता के लिए शर्तें रख रही है। उसने स्पष्ट संकेत दिया है कि उसका बीआरएस, आम आदमी पार्टी और केरल में वाम दलों से समझौता नहीं हो सकता। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पहले ही कह चुके हैं कि कांग्रेस नेतृत्व में विपक्षी एकता आगे बढ़ेगी। दूसरी ओर, विपक्षी दलों का मानना है कि अगर वे कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार करते हैं तो इससे उनका भारी नुकसान होगा। विदित है कि पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और बिहार जैसे राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी खराब रहा है। ऐसे में आम आदमी पार्टी, टीएमसी, जेडीयू, आरजेडी और एनसीपी जैसे दलों को अपनी सीटों से समझौता करना पड़ सकता है।वास्तविकता तो यह है कि विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के पीछे नीतीश कुमार का सबसे बड़ा दांव है। प्रधानमंत्री बनने के आकांक्षी नीतीश विपक्षी एकता के साथ जनता परिवार को एकजुट करना चाहते हैं। बिहार में भाजपा से दूरी बनाने के बाद एकीकरण के लिए नीतीश की रालोद, सपा, जदएस, इनेलो और राजद से कई दौर की बातचीत हो चुकी है। नीतीश को लगता है कि अगर एकीकरण हुआ तो जनता दल परिवार में अब उनके आवाल प्रधानमंत्री पद का और कोई दावेदार नहीं है।

लेकिन नीतीश कुमार के लिए यह राह बहुत सहज नहीं लग रही। एक ओर कांग्रेस ने विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस के नेतृत्व की बात स्पष्ट तौर पर कर दी है, वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी विपक्षी एकता के लिए अपनी शर्त रख दी है। केजरीवाल ने नीतीश कुमार से कहा कि विपक्ष को एकजुट होकर केंद्र की भाजपा सरकार के उस अध्यादेश का संसद से लेकर सड़क तक विरोध करना चाहिए, जिसके जरिए केंद्र सरकार ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर अधिकार से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का काम किया है। उनका मानना है कि अगर राज्यसभा में सभी गैर भाजपा दल इस मुद्दे पर एकजुट हो जाएं तो केंद्र सरकार के लिए इस अध्यादेश से जुड़े बिल को पारित करना संभव नहीं होगा। अगर राज्यसभा में ऐसा हो गया तो ये एक तरह से 2024 का सेमीफाइनल होगा।

लेकिन अहम सवाल यह है कि केजरीवाल वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी मोर्चा बनाने और उसका हिस्सा बनने की बात नहीं कर रहे हैं। बावजूद इसके इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि केजरीवाल अब विपक्षी एकता के लिए जरूरी अवयव बन गए हैं। इसका प्रमुख कारण है कि आज आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में अत्यंत मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी अपने संगठन को मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ में मजबूत करने में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि देश की राजधानी दिल्ली में वर्ष 2014 और 2019 दोनों ही लोकसभा चुनाव में सभी सात सीटों पर भाजपा ने ही अपना परचम लहराया था। लेकिन आज आम आदमी पार्टी की स्थिति यहां कमजोर नहीं है। वर्ष 2015 और 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने लगातार दो बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। वर्ष 2015 में उसे 70 में से 67, जबकि 2020 में आम आदमी पार्टी को 70 में 62 सीटों पर जीत मिली थी।

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा भी कुछ नेता ऐसे हैं जिनकी अपनी महत्वकांक्षाएं हिलोरे मार रही हैं। तेलंगाना राष्ट्रसमिति (टीआरएस) के नेता और सीएम के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने अपनी एक रैली में सवाल किया था कि क्या उनको राष्ट्रीय राजनीति में जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने देश भर में किसानों को बिजली-पानी फ्री करने का वादा भी कर दिया। वह गलवान में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को आर्थिक मदद का कार्यक्रम भी चला रहे हैं।

हालांकि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए एनसीपी के शरद पवार ने बेशक खुद कोई इच्छा न जताई हो, लेकिन उनकी पार्टी बात-बात पर शरद पवार को इस पद का उम्मीदवार बताने से नहीं चूकती है। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। जब बात दलों से गठबंधन की आती है तो वे कांग्रेस और बहुजन समाजवादी पार्टी के साथ पूर्व में हुए गठबंधन के कड़वे अनुभव सुनाने लगते हैं।

अंततः लोकसभा चुनाव में फिलहाल विपक्षी एकता के बारे में कुछ भी भविष्यवाणी करना बेहद मुश्किल है। कांग्रेस, टीआरएस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी आदि की महत्वाकांक्षाएं अगर हावी होती हैं तो विपक्षी एकता की राह जटिल हो सकती है।

> प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए एनसीपी के शरद पवार ने बेशक खुद कोई इच्छा न जताई हो, लेकिन उनकी पार्टी बात-बात पर शरद पवार को इस पद का उम्मीदवार बताने से नहीं चूकती है। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। जब बात दलों से गठबंधन की आती है तो वे कांग्रेस और बहुजन समाजवादी पार्टी के साथ पूर्व में हुए गठबंधन के कड़वे अनुभव सुनाने लगते हैं।

खास बात

## पाक में महिलाओं पर भीषण अत्याचार

**मीम हासिमी**

**पाकिस्तान** में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। इमरान खान सरकार में इसमें 200 प्रतिशत तक का उछाल आया है। इसके चलते पाकिस्तान को औरतों के मामले में विश्व का तीसरा सबसे खतरनाक देश मान लिया गया है।

पाकिस्तान में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। इमरान खान सरकार में इसमें 200 प्रतिशत तक का उछाल आया है। इसके चलते पाकिस्तान को औरतों के मामले में विश्व का तीसरा सबसे खतरनाक देश मान लिया गया है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाली सर्वाधिक घटनाएं पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दर्ज की जा रही हैं। इस प्रदेश में अल्पसंख्यक हिंदू सर्वाधिक संख्या में रहते हैं। यहां से आए दिन हिंदू लड़कियों के अपहरण और कन्वर्जन की खबरें सामने आती हैं। इनमें से अधिकांश पुलिस और कोर्ट-कचहरियों तक नहीं पहुंच पातीं। जो पहुंचती हैं उन्हें नतीजे तक पहुंचने से पहले दबा दिया जाता है। महिला दिवस पर औरत आजादी मार्च के बहाने कराची, लाहौर, मुल्तान और इस्लामाबाद जैसे बड़े शहरों की जागरूक महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर, हाथों में तख्तियां लेकर तथा नारे लगाकर महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के प्रति विरोध जताया।

सिंध में कम उम्र विवाह करने पर रोक है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है, पर हिंदुओं की छोटी बच्चियों के अपहरण, कन्वर्जन और निकाह की वारदातें इस प्रांत में हो रही हैं।गल्फ न्यूज में ह्यसस्टैनेबल सोशल डेवलप्मेंट आर्गेनाइजेशन के हवाले से छपी एक रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान की इमरान खान सरकार में महिलाओं के प्रति अपराध में 200 प्रतिशत तक का उछाल आया है। खासकर एसिड अटैक में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। विदेशी मीडिया ह्यडीडब्ल्यू टॉट कॉम के अनुसार, पाकिस्तान में 2010 से तेजाबी हमले का चलन बढ़ा है। तब ऐसे करीब 8,000 मामले दर्ज किए गए थे।

थॉम्सन राइटर्स फाउंडेशन की रिपोर्ट कहती है कि औरतों के मामले में पाकिस्तान दुनिया का तीसरा सबसे खतरनाक मुल्क है।

# कैसा आहार

धर्म-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**दुर्भाग्यवश,** बहुत सारे लोगों को आलस्य और जड़ता में ही मजा आता है। उनको जीवन ने छुआ ही नहीं है, तो उन्हें अपने एक भाग के मृत होने में ही मजा आता है। बस पड़े रहना, सोना, नशे में रहना और ज्यादा खाना, उन्हें सक्रिय, गतिशील और जीवंत रहने से बेहतर लगता है। ऐसे ही लोगों के लिये फल समस्या हो सकते हैं क्योंकि फल आप को जागृत और सतर्क रखते हैं। अगर ये पके हुए न हों तो ये आप को मदहोश नहीं रखेंगे।

हां, उच्च स्तर की जागरूकता भी आप को अपार आनंद, गहरा सुख और नशा दे सकती है। मगर अब प्रश्न यह है कि क्या मैं फल खा कर भी सामान्य जीवन जी सकता हूं प्रकृति ने हमारे लिए फलों का आहार ही चुना है!

एक सरल उत्तर, जो आप के जीवन की सामान्य क्रियाओं में ही है। मान लीजिये, आप एक अस्पताल के बिस्तर पर बीमार हैं, तो कोई भी आप के लिये चिकन बिरयानी नहीं लायेगा। वे आप के लिये फल ही लायेंगे क्योंकि आप के रिश्तेदार, मित्र भी समझते है, ₹तुम ये सब खा कर बीमार हो गये हो, कम से कम अब तो सही ढंग से खाओ ! आप जानते हैं, आदम ने भी शुरूआत फल से ही की थी। तो फल एक ऐसी चीज है जिसे प्रकृति ने भोजन के रूप में ही बनाया है। आम में गुठली महत्वपूर्ण भाग है, उसका गूदा और छिलका तो पशु, पक्षियों को आकर्षित करने के लिये है, जिससे वे फल खायें और उसके बीज को कहीं दूर तक पहुंचा दें।

**जो** निःशुल्क है , वही सबसे ज्यादा कीमती है ...
नींद , शांति , हवा , पानी ,
प्रकाश और
सबसे ज्यादा हमारी सांसें ..!!
**-अमिताभ बच्चन**

आपके ट्वीट

**कैबिनेट** से स्वीकृत और शिलान्यास किये गए विभिन्न विभागों के कई परियोजनाओं की जोहार परियोजना पोर्टल के तहत समीक्षा की।बैठक में उपस्थित परियोजनाओं में तेजी लाने ससमय उन्हें पूर्ण करने का निर्देश दिया।
**– हेमंत सोरेन**





**संस्थानों** का निर्माण लोग सेवाभाव से करते हैंऔर आशा करते हैंकी नाम सदा रहेगा यदिशासन नाम बदलनेलगें तो लोगों में सेवाके प्रति रुझान कमहोगा। (संदर्भ हिन्दूनामधारी स्कूलों का नाम बदलने को लेकर)
**– महेश पोद्दार**

# महारानी अहिल्या ने देश भर के मंदिरों का निमार्ण कराया

**अविनाश**

धर्म

**एक** आदर्श हिंदू राज्य व्यवस्था स्थापित करने वाली सनातन धर्म के न जाने कितने तीर्थों, मंदिरों को पुनर्जीवित, संरक्षित करने का श्रेय अहिल्याबाई को जाता है। मराठा महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने मालवा क्षेत्र पर 30 साल शासन किया और एक आदर्श हिंदू राज्य व्यवस्था स्थापित की। महारानी अहिल्या बाई आज भारतीय जनमानस में एक देवी का दर्जा प्राप्त कर चुकी हैं। ऐसी मालवा की महारानी अहिल्या बाई की 294वीं जन्मतिथि है।

महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को जामखेड (महाराष्ट्र) में हुआ था। ये वह समय था जब पेशवा बाजीराव के नेतृत्व में मराठा सेना उत्तर भारत में तेजी से मराठा साम्राज्य का प्रसार कर रही थी। जल्द ही मराठों ने मालवा क्षेत्र को मुगलों से मुक्त करा लिया और यहां पर पेशवा बाजीराव ने अपने एक सशक्त सेनापति मल्हावराव होल्कर को कमान सौंप दी।

आगे चल कर इन्हीं मल्हावराव होल्कर के बेटे खांडेराव होल्कर से उनका बचपन में ही विवाह हो गया लेकिन जल्द ही उनके पति की एक युद्ध में मृत्यु हो गई। इसके बाद अहिल्याबाई अपने पति के चिता के साथ सती होना चाहती थीं लेकिन उनके ससुर मल्हावराव होल्कर ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। बड़े होने पर महारानी अहिल्याबाई ने अपने ससुर मल्हावराव होल्कर से ही राजकाज की शिक्षा ली। पानीपत की तीसरी लड़ाई के कुछ समय बाद साल 1766 में मल्हावराव होल्कर का भी देहांत हो गया। इसके बाद अगले 30 साल तक महारानी अहिल्याबाई ने मालवा क्षेत्र का नेतृत्व किया और इस पूरे क्षेत्र को सुख,-संपदा और भक्ति-शक्ति से संपन्न एक राज्य बनाया।

**आदर्श है उनका शासन**

महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने करीब 30 साल 1767 से लेकर 1795 तक मालवा क्षेत्र पर शासन किया। उनके शासन को आदर्श राज के रूप में माना जाता है। पं. जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती एनी बेसेंट से लेकर कई देसी-विदेशी विद्वानों ने उनके शासन व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। अगर माता जीजाबाई ने संघर्ष की बीज बोया और महारानी ताराबाई ने उस बीज को आंधियों और तूफानों से बचाया तो महारानी अहिल्याबाई होल्कर ही हैं जिन्होंने उस संघर्ष से प्राप्त होने वाली सुखद फल की अनुभूति हिन्दू समाज को कराई।

**मृतप्राय हिंदू तीर्थों का कायाकल्प**

मालवा में तो उन्होंने एक आदर्श हिन्दू राज स्थापित किया ही, अपनी राज्य की सीमाओं से परे जाकर भी उन्होंने मृतप्राय पड़े हिन्दू तीर्थों का पुनरोद्धार किया। आज जिन भी स्थानों को हिन्दू समाज तीर्थ के रूप में जानता है उसके 80 फीसदी निर्माण महारानी आहिल्या बाई होलकर ने कराया है। काशी विश्वनाथ, वैद्यनाथ, सोमनाथ, ॐकारेश्वर, भीमाशंकर, महाकालेश्वर जैसे ज्योतिर्लिंग या इन तीर्थों में दूसरे अन्य बड़े मंदिरों, कुंडों, धर्मशालाओं का निर्माण महारानी आहिल्या बाई ने कराया। पुष्कर से लेकर गया तक अयोध्या, मथुरा से लेकर केरल-तमिलनाडु तक महारानी आहिल्या बाई ने सैकड़ों मंदिरों-तीर्थों को पुनर्जीवित किया। काशी, गया, सोमनाथ, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, कांची, द्वारका, बद्रीनारायण, रामेश्वर और जगन्नाथपुरी का आज जो भी रूप हम देखते हैं, वह महारानी आहिल्या बाई की ही देन है।

अपने 70 वर्ष के जीवन में चाहे महारानी अहिल्याबाई ने कितने भी दुख और संताप झेले लेकिन 30 साल के अपने शासन में एक शासक के तौर पर वो हमेशा जनता की सेवा में लगी रहीं। इसलिए आज भी कई राज्य उनके नाम पर लोक कल्याणकारी योजना चलाते हैं।

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडीटर

## समय सीमा तय हो

**तब-तब** पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए घोषणा पत्रों को तैयार करने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ती। सत्ता हासिल करने के बाद घोषणा पत्र को लागू करना भूल जाते हैं और केवल कागजों में ही सिमट कर रह जाते हैं। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए तय सीमा सुनिश्चित करनी चाहिए। ऐसे भ्रम फैलाने वाले घोषणा पत्रों से बचा जा सके। **-संदीप वत्स, रांची**

## छल ही नियति

**चुनाव** चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं। जनता हर बार नेताओं के शब्दजाल और आंकड़ों की बाजीगरी के जाल में फंस जाती है। अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है। सभी दल इस रोग से ग्रसित है और लोग परेशान है। **-रवि सिंह, रांची**

# कट्टरपंथियों के दुश्मन थे शिवाजी महाराज

**अंकित जायसवाल**

इतिहास

**भारत** के वीर सपूतों में से एक श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज को सभी जानते हैं। बहुत से लोग उन्हें हिन्दू हृदय सम्राट कहते हैं तो कुछ लोग मराठा गौरव। जबकि उन्हें भारतीय गणराज्य का सबसे बड़ा महानायक कहा जाए तो गलत नहीं होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 में एक हिन्दू परिवार में हुआ। कुछ लोग 1627 में उनका जन्म बताते हैं। उनका पूरा नाम शिवाजी भोंसले था। पिता शाहजी और माता जीजाबाई के पुत्र थे वीर शिवाजी महाराज। उनका जन्म स्थान पुणे के पास स्थित शिवनेरी का दुर्ग है।

शिवाजी का सारा संघर्ष उस कट्टरता और उद्दंडता के विरुद्ध था, जिसे औरंगजेब जैसे शासकों और उसकी छत्रछाया में पलने वाले लोगों ने अपना रखा था।

1674 की ग्रीष्म ऋतु में शिवाजी ने धूमधाम से सिंहासन पर बैठकर स्वतंत्र प्रभुसत्ता की नींव रखी। दबी-कुचली हिन्दू जनता को उन्होंने भयमुक्त किया। शिवाजी ने अपने आठ मंत्रियों की परिषद के जरिए छह वर्ष तक शासन किया। उनके प्रशासन तंत्र में कई मुसलमान भी शामिल थे।

शिवाजी वो राजा थे जो सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उन्होंने अपने प्रशासन में मानवीय नीतियाँ अपनाई, जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। स्वयं शिवाजी के दादा मालोजीराव भोसले ने सूफी संत शाह शरीफ के सम्मान में अपने बेटों को नाम शाहजी और शरीफजी रखा था। उनकी थलसेना और जलसेना में सैनिकों की नियुक्ति के लिए धर्म कोई मानदंड नहीं था और इनमें एक तिहाई मुस्लिम सैनिक थे। उनकी नौसेना की कमान सिद्दी संबल के हाथों में थी और सिद्दी मुसलमान उनकी नौसेना में बड़ी संख्या में थे। जब शिवाजी आगरा के किले में नजरबंद थे तब कैद से निकल भागने में जिन दो व्यक्तियों ने उनकी मदद की थी उनमें से एक मुसलमान था, उनका नाम मदारी मेहतर था। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और उनके तोपखाने की कमान इब्राहिम खान के हाथों में थी। शिवाजी सभी धर्मों का सम्मान करते थे और उन्होंने ह्यहजरत बाबा याकूत थोरवालेह्न को ताउम्र पेंशन देने का आदेश दिया था तो फादर एंब्रोज की भी उस वक्त मदद की जब गुजरात स्थित उनके चर्च पर आक्रमण हुआ था।

शिवाजी ने अपनी राजधानी रायगढ़ में अपने महल के ठीक सामने मुस्लिम श्रद्धालुओं के लिए पूजास्थल का ठीक उसी तरह निर्माण करवाया था जिस तरह से उन्होंने अपनी पूजा के लिए जगदीश्वर मंदिर बनवाया था। शिवाजी ने अपने सैनिक कमांडरों को ये स्पष्ट निर्देश दे रखा था कि किसी भी सैन्य अभियान के दौरान मुसलमान महिलाओं और बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार न किया जाए। मस्जिदों और दरगाहों को समुचित सुरक्षा दी गई थी। उनका ये भी आदेश था कि जब कभी किसी को कुरान की प्रतिलिपि मिले तो उसे पूरा सम्मान दिया जाए। जब अफजल खान ने उन्हें अपने तंबू में बुलाकर हत्या की योजना बनाई थी तो शिवाजी को एक मुसलमान, रुस्तमे जमां ने आगाह कर दिया था, जिन्होंने शिवाजी को एक लोहे का पंजा अपने साथ रखने की सलाह दी थी।

वीर शिवाजी का एक धेय था, कट्टरपंथियों से मुल्क आजाद हो। सभी के धर्म, कर्म, संस्कृति और परंपरा का सम्मान हो।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## चरही थाना के नए प्रभारी को स्वागत किया गया

**चरही।** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिसद, बजरंगदल और मातृ शक्ति दुर्गा वाहनी के सदस्यों में चरही के नए थाना प्रभारी विक्रम कुमार से औपचारिकता मुलाकात किया। तथा बुके देकर स्वागत किया।थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने कहा कि चरही थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर गौतम सोनी,सतीश कुमार साहू, राजू गुप्ता, दीपू यादव,निर्मल ठाकुर, शशि सिंह,गौतम सिंह,कुसुम देवी, सोनी देवी,सीता देवी,रीना देवी, रेखा देवी,चाँदनी देवी,गीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत

**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत मिडवे के निकट शुक्रवार को सड़क पर खड़े हाईवा में जोरदार टक्कर मारने से बाइक सवार सनी उरांव की मौके पर मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सनी उरांव रांची से अपने कॉलेज में एडमिट कार्ड में मोहर लगवाने के उपरांत अपने आवास तालाटांड़ लौट रहे थे। जिस दौरान मिडवे के निकट उनकी बाइक वहां खड़ी हाईवा से टकरा गई। जिससे उनकी मौत हो गई।

## एक दिवसीय प्रवास पर रहें हजारीबाग विधायक

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल शुक्रवार को लोहरदगा जिले के प्रवास पर रहें। सर्वप्रथम वे यहां शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा परिसर में आयोजित राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए और वर्ग में शामिल स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाया। विधायक मनीष जायसवाल ने यहां भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री कर्मवीर जी, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत हजारीबाग के पूर्व सांसद प्रो.यदुनाथ पांडेय सहित कई अन्य अभिभावक तुल्य जनों से भी मुलाकात की और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विशेष चर्चा- परिचर्चा की।

## वरिष्ठ कांग्रेसी पीएन सिंह को कांग्रेसियों ने किया याद

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की 81 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएन सिंह जी अजीवन कांग्रेसी रहे । वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य तथा 1985-1987 तक सयुंक्त बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव के अतिरिक्त 1987-1990 तक लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे। प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि बिहार से झारखंड प्रदेश अलग होने पर वे 1999-2004 तक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष रहे। मौक पर कार्यकारिणी के सदस्य रविन्द्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान इंटक के बिनोद सिंह, रवि सिंह, दिलीप कुमार रवि, कृष्णा किशोर प्रसाद, सेवा दल के विश्वास पासवान, राम कुमार पटेल, सदरूल होदा के अतिरिक्त कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम बना चंद लोगो के लिए दलाली का माध्यम

**विष्णुगढ़।** गांव पंचायत में हीं मेहनतकस मजदूरों को काम मिले इस सोच के तहत कांग्रेस सरकार द्वारा सन 2005 में (नरेगा) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम बना।जिसमें ग्रामीण मजदूर को साल में 100 दिन की का कार्य देने की गारंटी का प्रावधान है। बाद में महात्मा गांधी के जन्मदिन पर नरेगा का नाम 2009 में महात्मा गांधी के नाम पर ( मनरेगा )यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम बनाया गया। लेकिन यह अधिनियम में विहित सारी प्रकिया विष्णुगढ़ में अब चंद लोगों के हाथों का उद्योग बन गया है। विभाग द्वारा जहां स्लोगन के जरिये लोगों को अवेयरनेस करने के लिए वाल पेंटिंग की है, की हर हाथ को काम दो , काम के बदले उचित दाम दो, लेकिन उसके बिपरित विभाग मनरेगा द्वारा चंद लोगों को काम दे रही है।

### छात्रा से छेड़-छाड़, स्क्रैप बेचने सहित प्रतिपूर्ति भत्ता वितरण नहीं करने का लगा था आरोप

# धनंजय पर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित: डीएसई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गंभीर आरोपों का दंश झेल रहे मसरातू के शिक्षक धनंजय कुमार को निलंबन मुक्त कर दिया गया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय के उक्त शिक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इनमें आठवीं की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़, विद्यालय का स्क्रैप बेचने सहित प्रतिपूर्ति भत्ते का वितरण छात्रों के बीच नहीं करना शामिल है। इन मामलों की जांच चौपारण बीईईओ व बरही बीईईओ कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार जांच कमिटी ने शिक्षक का स्थानांतरण अन्यत्र करने की अनुशंसा की थी। इसे दरकिनार करते हुए उक्त शिक्षक को उसके मूल विद्यालय ही वापस भेज दिया गया है।

**क्या कहते है डीएसई संतोष गुप्ता :** ज्ञात हो कि दो बार पूर्व भी धनंजय कुमार पर इसी तरह के गंभीर आरोप लग चुके हैं। जब इस मामले पर डीएसई संतोष गुप्ता से खबर मंत्र संवाददाता ने बात की तो उन्होंने कहा की शिक्षक पर लगाया गया आरोप राजनीति से प्रेरित है। हालांकि इस बात से वे बाद में कन्नी काटते भी नजर आए। उन्होंने कहा कि शिक्षक पर लगा कोई भी आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है।

**दो बार पूर्व में भी लगे थे गंभीर आरोप :** ऐसे में सवाल उठता है कि जिस शिक्षक पर पूर्व में भी गंभीर आरोप लग चुके हैं उनका इस तरह से बचना न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि उसका मनोबल बढ़ाने वाला भी है। क्या हर जगह इनको फसाने के लिए राजनीती ही होती है। इचाक और कटकमसांडी में भी इनपर गंभीर आरोप लगे थे, लेकिन वहां भी इनपर कोई कार्रवाई नहीं हुयी थी। बहरहाल डीएसई ने कहा कि अन्यत्र स्थानांतरण इसलिए नहीं किया जा सकता था क्योंकि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए अब ट्रांसफर पोर्टल है। अभी उसका ट्रांसफर नहीं किया जा सकता था। वहीं जानकार बतातें हैं कि तब तो इन परिस्थितियों में किसी भी शिक्षक को स्थानांतरण का दंड नहीं दिया जा सकेगा। जबकि प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण किया जा सकता है। अथवा विभाग से मंतव्य भी मांगा जा सकता था।

### केरेडारी में एक ही सड़क का एक साथ दो विभाग से टेंडर

# डेढ़ किमी सड़क निर्माण में फंसा है पेंच



दोनों विभाग के टेंडर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी।** हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड में डेढ़ किलोमीटर सड़क का एक साथ दो विभाग से टेंडर किया गया है। दोनों योजना का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद ने किया है। विधायक का पैतृक गांव होने के कारण दोनों शिलापट्ट पर किसी ने सवाल नहीं उठाया। एक टेंडर डीएमएफटी मद से 44 लाख की प्राक्कलित राशि से जिला परिषद विभाग से किया गया। यह सड़क जमीरा से पहरा डेढ़ किलोमीटर बनाई जा रही है। वहीं दूसरा टेंडर ग्रामीण कार्य विभाग आरइओ से चार करोड़ 53 लाख की प्राक्कलित राशि से जमीरा से पहरा होते हुए मनातू नौ किलोमीटर तक के लिए हुआ है। दोनों टेंडर लगभग एक ही समय अगस्त 2022 में हुआ है। जमीरा से मनातू तक मां अष्टभुजी कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। इनका कार्य अंतिम चरण में है। इस विवादित डेढ़ किलोमीटर में 600 मीटर पीसीसी व 900 मीटर में जेसीबी का कार्य हो चुका है। इसके संवेदक राजेश साव ने बताया कि जमीरा के ठेकेदार बसंत सिंह का फोन आया था। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण में उनका पैसा फंस गया है।

### उपेक्षित है हजारीबाग संसदीय क्षेत्र, टूरिज्म कैपिटल बनाने का हो प्रयास, मौजूद है असीम संभावनाएं

# समय आ गया झारखंडियों के उठ खड़े होने का : संजय

### हजारीबाग के स्थानीय लोगों को जागरूकता की जरूरत भुनेश्वर यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** जनसंवाद यात्रा के तहत चंदवारा के मदन गुंडी सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि हमारे पास संसाधन की कमी नही है। स्वभाविकतौर पर रोजगार की भी कमी नही होनी चाहिए। परंतु सही नीति नहीं होने के कारण इस अवसर को बाहरी तत्व छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के मसले पर भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। यदि बरही हजारीबाग के इलाके को टूरिज्म कैपिटल के तौर पर विकसित किया जाता तो यहां पर पर्यटन से काफी आमदनी होती। सरकार को भी राजस्व मिलता। उन्होंने कहा कि पूरा हजारीबाग का इलाका प्रकृति की गोद में बसा है आसपास के कई क्षेत्रों में बड़े बड़े डैम भी हैं। साथ में पहाड़ों की सुंदरता भी है। इसके बावजूद नेशनल हाईवे पर स्थित हजारीबाग लोकसभा एवं बरही विधानसभा पर्यटन के क्षेत्र में अब तक कोई खास विकास नहीं कर पाया है। इस कारण से पर्यटक यहाँ नहीं आते



ग्रामीणों को संबोधित करते संजय मेहता व अन्य

हैं। यदि आज बरही और हजारीबाग को टूरिज्म कैपिटल के तौर पर विकसित किया जाता तो इस इलाके से पलायन की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता था। हमारी पीढ़ियां पाँच - दस हजार की नौकरी के लिए यहां से पलायन कर रही हैं। आखिर कब तक गरीब लाचार लोग ऐसे परेशान होते रहेंगे। झारखंड झारखंडियों के लिए बना था लेकिन झारखंड को चारागाह बनाकर यहां के लोगों का हक और अधिकार छीना जा रहा है। ऐसे में अब सबको खड़ा होना होगा और अपने हक के लिए आवाज बुलंद करना होगा। ताकि झारखंड में झारखंडी अधिकारों को बचाया जा सके। भुवनेश्वर यादव ने कहा कि माटी का जो हाल है उसे देखकर बहुत पीड़ा होती है। जिन लोगों पर भरोसा किया उन लोगों ने ही हमारी माटी के साथ छल किया। आखिर क्या कारण है विकास के पायदान पर इलाका पूरी तरीके से पीछा छूट गया। दुनिया में तेजी से विकास हो रहा है राज्य के कई कोनों में विकास हुआ। बरही में उल्लेखनीय कार्य अब तक नहीं हो पाया जिससे जनता का कल्याण हो सके। 90 के दशक के बाद से इलाके में विकास के काम नहीं हो पाए ना ही कोई बड़ी परियोजना पहुंच पायी। ऐसे में अब हम सबको मिलकर आवाज उठाना होगा और अपना नेतृत्व माटी से तय करना होगा।

## सीमा सुरक्षा बल त्रैमासिक ई-पत्रिका 'मेरू ग्रैफिटी' का विमोचन

**दारु।** प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप, हजारीबाग में श्री इन्द्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन कॉन्फ्रैन्स हॉल में सीमा सुरक्षा बल मेरू परिवार पर अध्ययन संकाय द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका 'मेरू ग्रैफिटी' के दशम्-ई-संस्करण अवधि 11 जनवरी 2023 से 10 अप्रैल 2023 का विधिवत विमोचन किया गया। इस मौके पर देवी सरण सिंह, उपमहानिरीक्षक (प्रशा0), राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (एसटीएस), आर0आर0 लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रशि0), डी0के0 प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक, एवं टी0सी0एण्ड एस के सभी अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विदित रहे कि इस पत्रिका का नवम ई-संस्करण दिनांक 31 जनवरी 2023 को जारी किया जा चुका हैं तथा वर्तमान परिवेश में वन संरक्षण के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप व पत्रिका सभी पाठकों तक पहुंचे इसे पुनः ई-स्वरूप में जारी किया गया है।

# आदर्श विकास समिति का हुआ गठन

### हरिला को प्रधानमंत्री आदर्श गांव में तहत किया जायेगा विकसित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत करसो पंचायत के हरिला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करसो मुखिया उषा राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, जिला समन्वयक डीआरडीए अमित कुमार सिंह, विस विधायक प्रतिनिधि छद्दु गोप, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बीडीओ क्रिस्टिना रिचा इंदवार व जिला से आए पदाधिकारियों को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही बीडीओ को भेंट स्वरूप साड़ी सौंपा। तत्पश्चात बैठक में हरिला गांव को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने को लेकर कई चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आदर्श विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें मुखिया उषा राम, पंचायत सचिव खड़गधारी प्रसाद महतो, आंगनबाड़ी सेविका देवी, उर्मिला देवी, सावित्री देवी, एफटीसी राजीव पांडेय, पारा शिक्षक कृष्ण देव तुरी, कृति कुमारी, मनीषा कुमारी, एनएम सावित्री देवी, जलसहिया फूलमती देवी, शांति देवी, वार्ड सदस्य दीपक कुमार, यशोदा देवी, बालेश्वर यादव, कामेश्वर यादव, अनु कुमारी, कुंती देवी आदि को चुना गया। बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बताया कि एससी बहुल क्षेत्र चयनित आदर्श विकास समिति की बैठक प्रत्येक 15 दिनों में आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी चयनित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस बैठक में आदर्श गांव के विकास से संबंधी चर्चा और कार्यों की



समिति गठन करते बीडीओ सहित अन्य अधिकारी के साथ ग्रामीण

रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि चयनित गांव में विकास की गति तेज होगी। हरीला में पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़कें और आवास, विद्युत एवं स्वच्छ ईंधन, कृषि, वित्तीय समावेशन की व्यवस्था होगी। साथ ही स्किल्ड डेवलप कर गांव के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल होगी। जिला समन्वयक डीआरडीए अमित कुमार सिंह ने बताया कि तत्काल गांव को 20 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके बाद गांव के विकास को लेकर और भी मद आएंगे।

## पांच महीने का राशन पड़ा है डीलर के गोदाम में, खाने को तरस रहे है लोग

**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड क्षेत्र के हरा कार्डधारी परिवार की स्तिथि बहुत बुरी होते जा रही है इन्हें छह महीने से डीलर के पास से अनाज नही मिल रहा है जिस कारण प्रखंड के 647 कार्डधारी परिवार के 2234 सदस्यों की स्तिथि भूखे रहने की हो गयी है। इस बारे में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उग्रनाम बड़ाईक ने बताया कि प्रखंड के सभी 647 कार्डधारियों का पांच महीने का राशन डीलर को गोदाम में आ चुका है पर नेट में विकल्प नही आने के कारण राशन का बितरण नही हो पा रहा है। डीलर के पास रोजाना दर्जनों लाभुक जाकर उन्हें राशन देने की गुहार लगाते है साथ ही खाने के लिए अनाज नही होने की बात कह रहे है पर डीलर द्वारा राशन देने में तकनीकी कारणों से असमर्थता जताई जा रही है। इस संबंध में सॉफ्टवेयर सम्वन्धी समस्या को दूर करने का प्रयास चल रहा है उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही समस्या को दूर कर राशन का बितरण किया जाएगा।

# ग्रामीणों ने सांसद से लगाई न्याय की गुहार



विस्थापित होने वाले ग्रामीणों की समस्या सुनते सांसद जयंत सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राज्य सरकार द्वारा भदानीनगर के मतकमा चौक से बनखेता (चुटुपालू) लगभग 30 किमी. तक पथ निर्माण विभाग रामगढ़ द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण को ले अंचल कार्यालय पतरातू द्वारा पिछले दिनो सड़क चौड़ीकरण करने को ले मापी की गई थी। इस दौरान पुरानी सड़क को पूरी तरह छोड़ते हुए एक छोर से लगभग 42-45 फीट मापी की गई है। इस मापी से चिकोर व लादी के दर्जनों ग्रामीणों ने असंतुष्टता जताते हुए कहा था कि इस मापी के आधार पर सड़क बना दर्जनो ग्रामीण बेघर हो जायेंगे। मामले को ले भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी कुशवाहा ने क्षेत्र के सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा को इसकी जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराने की गुहार लगाई थी। इसी आलोक में शुक्रवार को सांसद जयंत सिन्हा चिकोर पहुंच ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर चिकोर-लादी के दर्जनो ग्रामीणों ने सन्नी कुशवाहा के नेतृत्व में सांसद जयंत सिन्हा को आवेदन के माध्यम से पूरे मामले से अवगत कराया। समस्या सुनने के बाद सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि किसी को बेघर नहीं होने दिया जायेगा।

# सांसद जयंत सिन्हा ने ट्रॉमा सेंटर का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा द्वारा पटेल चौक स्थित ट्रामा सेन्टर का शुक्रवार अपराहन 3:00 बजे निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनका भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के नगर अध्यक्ष शिव कुमार महतो के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया। निरीक्षण के क्रम में सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से ट्रामा सेंटर के संबंध में जानकारी ली तथा उसे अधिक से अधिक जनोपयोगी बनाने पर सकारात्मक पहल का निर्देश दिया। मौके पर सांसद ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्ष के सफल कार्यकाल पर महाजनसंपर्क अभियान के तहत कई कार्यक्रम केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय किया गया है। उसी के आलोक में हमलोग आज यहां ट्रामा सेंटर के चिकित्सक , स्वास्थ्य कर्मी





ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे जयंत सिन्हा

और मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना तथा उनके समस्याओं से अवगत हुआ। उन्होंने ट्रामा सेन्टर को अधिक से अधिक जनोपयोगी बनाने को लेकर सिविल सर्जन को निर्देश दिए।

मौके पर नायक टोला के मुहल्लावासियों के द्वारा हर घर नल से जल से नहीं जुड़ने को लेकर एक ज्ञापन सुरजीत सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में सौंपा। जिसपर उन्होंने तुरन्त छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी से दूरभाष पर पानी की समस्या से निदान हेतु बात की। वहीं, घाटी में लगातार हो रहे दुर्घटना को लेकर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद भौमिक, रणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, रंजन फौजी, रविन्द्र प्रसाद शर्मा,प्रो आलोक कुमार, वरुण कुमार सिंह, उमेश प्रसाद, सुरजीत सिंह छाबड़ा,सहदेव ठाकुर रामगढ़ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह,देवेन्द्र सिंह,सुमन सिंह, राजीव पामदत्त, सत्यजीत चौधरी, प्रवीण कुमार सोनू, नगर अध्यक्ष शिव कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने उपस्थित सभी सहियाओं को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आप सभी सहियाओं ने स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्य किया है वह सराहनीय है लेकिन अभी भी काफी कार्य करना बाकी है। कोरोना काल में भी आपने सराहनीय कार्य किया। उपायुक्त ने सभी सहियाओं से आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ समन्वय बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करने की अपील की। जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने सभी सहियाओं को शुभकामनाएं देने के उपरांत जन जागरूकता में सहियाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन के दौरान सहियाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इससे पूर्व कार्यक्रम के दौरान छोटा नागपुरी कला केंद्र कला दल के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई वही वर्ष 2022-23 में बेहतरीन कार्य करने वाले पतरातू प्रखंड की सहिया सविता देवी, आशा देवी, किरण देवी, हँसीबुन निशा, गोला प्रखंड की कविता देवी चंचला देवी, सविता देवी, रोगिया देवी, रूपा देवी, मांडू प्रखंड की रवीना खातून, गीतांजलि कच्चप, सारों देवी, सुमित्रा देवी, सलमा खातून रामगढ़ प्रखंड की सविता कुमारी, मंजू बाला देवी, रुकसाना खातूनज आशा देवी प्रतिमा देवी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, डीएमओ डॉ तूलिका रानी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी, डीपीएम देवेंद्र श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## बलकुदरा पंचायत में ग्रामसभा का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत को खुले में शौच से मुक्त करने को ले शुक्रवार को बलकुदरा पंचायत भवन में स्वच्छता ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया विजय मुंडा व संचालन जल सहिया अंजु देवी ने की। ग्रामसभा में पंचायत के गरीब परिवार जिनके यहां शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है, वैसे परिवारों को जल्द से जल्द शौचालय निर्माण कराने की बात कही गई। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि जो लोग शौचालय निर्माण के लाभ से छूट गये हैं वे प्रज्ञा केंद्र में ऑनलाइन आवेदन कर एक माह के अंदर शौचालय बना लें। ग्रामसभा में पंचायत को ठोस एवं तरल कचरा से कैसे निपटारा हो इसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि अपने घर व पंचायत को साफ-सूथरा रखना हमसबों को दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के बल पर कई बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। ग्रामसभा के दौरान जिंदल सीएसआर विभाग द्वारा ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में करीब 50 ग्रामीणों इसका निःशुल्क लाभ उठाया। के द्वारा किया गया मौके पर पंसस राजू मुंडा, उपमुखिया लक्ष्मी कुमारी, वार्ड सदस्य राधा देवी, सुमंती देवी, ग्रामीण खेदन मुंडा, अजय यादव, विनोद यादव, रंजीत उरांव, अमित मुंडा सरोज यादव, सुखदेव करमाली, पुष्पा देवी रेनू देवी, आरती देवी, हिना कुमारी, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, प्रिया देवी, रेशमा देवी, रीता कुमारी, सोनी देवी, आशा देवी, अंजू देवी, गीता देवी, मालती देवी, मंजू देवी, पूजा देवी, पूनम देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, बिंदिया देवी, किरण देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## उत्कृष्ट कार्यस्थल सुरक्षा के लिए जेएसपी को मिला प्रतिष्ठित ग्रीन टेक सेफ्टी अवार्ड 2023

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्कृष्ट कार्यस्थल सुरक्षा के लिए जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातू को प्रतिष्ठित ग्रीन टेक सेफ्टी अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान वित्त वर्ष 2022-23 में कार्यस्थल में सुरक्षा के लिए जेएसपी की असाधारण प्रतिबद्धता के लिए मिला है। उक्त जानकारी देते हुए शुक्रवार को जेएसपी पतरातू इकाई के अधिकारियों ने बताया कि असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी ने 30 मई को नई दिल्ली में आयोजित 21वें वार्षिक ग्रीन टेक पुरस्कार समारोह में उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जेएसपी की पतरातू इकाई को यह सम्मान प्रदान किया है। बताया गया है कि यह सम्मान मानक सुरक्षा संसति परिवर्तन (सेफ्टी कल्चर ट्रांसफर्मेशन), आग से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन संबंधी उत्ष्ट कदमों के लिए प्रदान किया जाता है। जिन्दल स्टील एंड पावर के प्रबंध निदेशक बिमलेंद्र झा ने कहा कि कार्यस्थल सुरक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया यह सम्मान एक औद्योगिक लीडर के रूप में जेएसपी-पतरातू की स्थिति की पुष्टि करता है। इसके अलावा यह सम्मान सुरक्षा प्रयासों की दिशा में कंपनी के निरंतर कार्य और अटूट समर्पण का भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने सभी कारखानों में उच्चतम कार्यस्थल सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए विश्व की अग्रणी सुरक्षा संस्था डीएसएस् को अपने साथ जोड़ रही है ताकि शून्य क्षति का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## केरेडारी में नियमित बिजली आपूर्ति को लेकर किया जा रहा है उपाय: अंबा

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने दिन शुक्रवार को हजारीबाग मे स्थित बिजली विभाग के जिला मुख्यालय पहुंचकर जिले के वरीय अधिकारियों से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर गहन विचार विमर्श किया। वही विधानसभा में प्रश्न उठाने पर बड़कागांव/केरेडारी क्षेत्र में बनने वाले पावर ग्रिड के संबंध में समीक्षा की। विधायक ने कहा कि पावर ग्रिड बनने से बड़कागांव एवं केरेडारी में बिजली की समस्या से काफी हद तक लोगों को निजात मिलेगा परंतु वर्तमान में बड़कागांव केरेडारी वासियों को बिजली की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है जिस पर लगातार राज्य स्तरीय अधिकारियों से मुलाकात कर इस संबंध में उचित पहल करने का कार्य किया गया है परंतु स्थिति में सुधार नहीं हो पाया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने विधायक अंबा प्रसाद आश्वस्त किया कि बड़कागांव एवं केरेडारी में बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से उपलब्ध हो इसके लिए सार्थक पहल की जा रही है। वही विधायक ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पदनवांटांड़ व बुढ़वा महादेव में बिजली नहीं पहुंचने एवं विस्थापित क्षेत्र के ग्रामीण जो काफी संख्या में राजाबागी में आकर बसे हैं, उनके घरों तक बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया। विभागीय अधिकारियों ने विधायक अंबा प्रसाद को आश्वस्त किया कि बहुत शीघ्र बिजली पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### इग्नू की सत्रांत परीक्षा शुरू

**लोहरदगा।** इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं बलदेव साहू महाविद्यालय में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में शुक्रवार से शुरू हुई। शुक्रवार को हुए परीक्षा में कुल 212 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 184 उपस्थित एवं 28 अनुपस्थित रहे ।इस परीक्षा में बीए इंग्लिश बीए पॉलिटिकल साइंस, बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बीए साइकोलॉजि बीए सोशियोलॉजी की परीक्षाएं संपन्न हुई 'परीक्षा संपन्न कराने में मुख्य रूप से प्रो शंभू प्रसाद, प्रोफेसर हरिहर प्रसाद साहू ,प्रोफेसर मुकेश कुमार यादव, डॉक्टर पूनम शर्मा, डॉक्टर फरहत परवीन, राहुल कुमार, अरुण राम ,प्रभु तिर्की, सूरज उरांव , अरविंद तिर्की सहयोग किया।

### जब्त पशुओं को पुलिस ने किसानों के बीच किया वितरित

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल जंगल से छापामारी में जब्त गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने शुक्रवार को किसानों के बीच जिम्मेनामा लिखा कर वितरण कर दिया। बताते चलें कि गुरुवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल जंगल के पास से आठ गोवंशीय पशुओं को जब्त किया था। जिसके बाद मौके से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया था। नाबालिक होने के कारण उसे शुक्रवार को गुमला बल सुधार गृह भेज दिया गया। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया की क्षेत्र में चल रहे हैं गौ तस्करी के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इधर थाने से मिले पशुओं को पाकर किसान काफी खुश नजर आए।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक 4 जून को

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक 4 जून को पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला गुमला में आहुत की गई है। बैठक में मुख्य रूप से अब तक हुए आंदोलन की समीक्षा की जाएगी। साथ ही संगठन की मजबूती संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही भावी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में पिछड़ा समाज के सभी जातियों के जिला अध्यक्ष, बुद्धिजीवी, नौजवान साथियों, केंद्रीय पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी व प्रखंड के पदाधिकारी से भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहु ने दी है।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में 39 आवेदकों को योजना के लाभ की अनुशंसा

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव के अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के समक्ष परियोजना निदेशक आईटीडीए के द्वारा कुल 60 आवेदन प्रस्तुत किया गया। समिति के द्वारा कुल 39 आवेदकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ प्रदान करने हेतु अनुशंसा किया गया। अनुसूचित जनजाति के 10, अनुसूचित जाति के 5, पिछड़ा वर्ग के 10 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 14 आवेदको को योजना का लाभ देने हेतु अनुशंसा किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा एवं अन्य उपस्थित थे।

### लोहरदगा ने जमशेदपुर को 5 विकेट से हराया

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर युवा सद्भावना मंच द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन बी एस कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। इस टूनामेंट में जमशेदपुर अंडर 16 टीम के क्रिकेट खिलाड़ी भाग ले रहे है ' शुक्रवार को जमशेदपुर वर्सेस लोहरदगा क्रिकेट टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें जमशेदपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में जमशेदपुर की टीम ने 10 विकेट खोकर 158 रन बनाए। टीम की तरफ से साहिल ने 56 तथा सौम्यदीप ने 34 रन बनाए वही लोहरदगा टीम की तरफ से बॉलिंग में मनीष ने तीन विकेट नितिन ने दो विकेट लिए ।जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा की टीम ने 22 ओवर में 5 विकेट खोकर 160 रन बना कर मैच 5 विकेट से जीत लिया। टीम के तरफ से सौरभ ने 56 सुमित ने 26 तथा नितिन बाखला ने नाबाद 22 रन बनाएं ।जमशेदपुर के टीम के तरफ से बॉलिंग में कृष्णा ने दो और साई कुमार ने दो दो विकेट लिए ।इस मैच के मैन ऑफ द मैच मनीष उरांव को कोच अमित कुमार द्वारा मेडल दिया गया। जिन्होंने मैच में 3 विकेट लिए थे। इस टूनार्मेंट को लोहरदगा जिला खेल विभाग के दिशा निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। इस मैच लखन राम खेल सहायक सह , सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी जयजीत चौबे, प्रेम कुमार, जतिन पांडे, अरुण महतो आदि उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के ग्राम नगड़ा में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ योग शिविर का आयोजन किया गया। शिक्षक प्रेमनारायण साव, उमेश प्रजापति और धृतपाल योगी ने सामुहिक द्वीप प्रज्वलित कर योग शिविर का उद्धघाटन किया। मुख्य अतिथि पतंजलि योगपीठ युवा प्रभारी घनश्याम योगी ने उपस्थित लोगों को मंत्रोच्चारण के बाद यौगिक जॉगिंग, सुर्य नमस्कार, मंडुकासन, शशकासन, वक्रासन, गोमुखासन, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभांति, अनुलोम-विलोमप प्राणायाम, उद्गित प्राणायाम, सुछ्म व्यायाम इत्यादि करवाए। मौके पर बालेश्वर पासवान, बबलू साव, संजय पासवान इन्दु साव, पपु पासवान, योगेन्द्र साव दिपक सहित कई लोग शामिल हुए।

### परीक्षा देकर लौट रही छात्रा को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, गम्भीर

**चंदवा।** एनएच-99 रांची चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा शहर स्थित सुभाष चौक के समीप गुरुवार की रात्रि एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही छात्रा को टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल छात्रा की पहचान जमीरा पंचायत के पूर्व मुखिया बैजू मुंडा की पुत्री राजमंती कुमारी के रूप हुई। स्थानीय लोगो की मदद उसे प्राथमिक उपचार लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि राजमंती स्थातक की छात्रा है व डोरंडा कॉलेज से परीक्षा देकर वापस घर लौट रही थी, टोरी स्टेशन के ट्रेन से उतरने के बाद वह सुभाष चौक पर कुछ सामान खरीदने के लिए आई थी इसी क्रम में उक्त हादसा हुआ। इधर चंदवा पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जूट गयी है।

# दो लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी मुठभेड़ में ढेर

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** भाकपा माओवादी संगठन का एरिया कमांडर लाज़िम अंसारी मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ की घटना गुमला के रायडीह थाना क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार की देर शाम हुई। जहां सुरक्षा बलों ने दो लाख के इनामी नक्सली लाज़िम अंसारी को मुठभेड़ में मार गिराया है। लाजिम अंसारी मूल रूप से गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के पनसो गांव का रहने वाला है। लातेहार के चंदवा में हुए चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में एनआईए ने भी उसके ऊपर एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था। इनाम की राशि की पुष्टि डीआईजी अनूप बिरथरे ने की ।

**एक दिन पहले मारा गया था राजेश उरांव**

इससे पहले गुरुवार की दोपहर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के तीन लाख का इनामी नक्सली राजेश उरांव मारा गया। यह मुठभेड़ सदर थाना क्षेत्र के अंजनधाम जाने वाले रास्ते में हुई थी। राजेश पर झारखंड पुलिस ने दो लाख और एनआईए ने एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था।

**एनआईए को भी थी राजेश-लाज़िम अंसारी की तलाश**

एनआईए को भी लाज़िम अंसारी की तलाश थी. लाज़िम के खिलाफ लातेहार के चंदवा में हुए चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में एनआईए ने भी केस दर्ज किया था. चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले की जांच कर रही एनआईए ने झारखंड में एक करोड़ के इनामी पतिराम मांझी पर 10 लाख, अजीत उरांव उर्फ चार्लिस, सौरभ दा पर पांच लाख, नवीन, रवींद्र गंझू, छोटू खेरवार, अमन गंझू, नीरज सिंह खेरवार और मृत्युंजय भुइयां पर चार लाख, मनीष यादव, संटू भुइयां, नागेंद्र यादव, शीतल मोची, नेशनल गंझू, कुंदन खेरवार पर तीन-तीन लाख, खतेश गंझू, रंथू उरांव, अनिल तुरी, प्रदीप सिंह खेरवार पर दो-दो लाख, राजेश उरांव, लाजिम अंसारी, जितेंद्र नागेशिया पर एक-एक लाख रुपये इनाम की घोषणा की है. एनआईए ने सभी को फरार घोषित करते हुए इनाम के राशि की घोषणा की है।

### अपने दस्ते के साथ रुका था लाज़िम अंसारी

पुलिस को सूचना मिली थी कि लाजिम अंसारी अपनी दस्ते के साथ रायडीह के जंगल में रुका हुआ है। जिसके बाद पुलिस के द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस को देखते ही नक्सलियों के द्वारा फायरिंग शुरू कर दी गई। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें दो लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी मारा गया और बाकी नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

## मारे गये सब जोनल कमांडर राजेश उरांव पर दर्ज थे 25 मामले: एसपी




बरामद हथियार के साथ प्रेस कान्फ्रेंस करते एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पुलिस मुठभेड़ में मारा गया भाकपा माओवादी का राजेश उरांव संगठन में सब जोनल कमांडर था। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि मारे गये सब जोनल कमांडर राजेश उरांव पर तीन लाख का ईनाम था। दो लाख रूपया झारखंड सरकार व एक लाख रूपया का ईनाम एनआईए ने रखा था। मारे गये नक्सली पर कुल 25 मामले दर्ज हैं। जिसमें 20 गुमला जिला में व पांच बाहर के जिलों में दर्ज है। एसपी ने बताया कि मृतक नक्सली के पास से पुलिस ने एक 315 बोर का देशी रायफल, 9 एमएम का चार जिंदा कारतूस, 315 बोर का चार जिंदा कारतूस व एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो काला रंग का जब्त किया है। एसपी ने बताया कि मारा गया नक्सली कुरूमगढ़ थाना में हुए हमले में भी शामिल था। एसपी ने बताया कि गुरूवार भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर रंथू उरांव, राजेश उरांव अपने दस्ते के साथ आंजन मरवा क्षेत्र में देखा गया। सूचना मिलने के तत्काल बाद एक ओपीएस प्लान बनाया गया। जिसमें मेरे नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। टीम में पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार शामिल थे। टीम 2:30 बजे जैसे ही कुसुमडीपा के पास पहुंची अचानक फायरिंग होने लगी। तब जान की बाजी लगाते हुए टीम की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई। जिसमें सब जोनल कमांडर राजेश उरांव मारा गया। टीम में पुअनि घनश्याम कुमार रवि व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### दंडाधिकारी की उपस्थिति में डाक्टरों की टीम ने सब जोनल कमांडर के शव का किया पोस्टमार्टम

मारे गये भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर राजेश उरांव का पोस्टमार्टम गुरूवार की रात दंडाधिकारी की मौजूदी व डाक्टरों के टीम के द्वारा की गई। पोस्टमार्टम के बाद माओवादी कमांडर के शव को उसकी बहन को पुलिस ने सौंप दिया। क्योंकि मृतक के भाई व भाभी ने शव लेने से साफ इंकार कर दिया था। गुमला में रहने वाली उसकी बहन ने मृतक का अंतिम संस्कार कराया।

### मिशन लाइफ के तहत बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों को दिलाया शपथ



**भंडरा।** एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधि व कर्मियों को शपथ दिलाते हुए अपने आस-पास के पर्यावरण को स्वच्छ साफ और पेड़-पौधों की रक्षा करने का उन्हें संकल्प दिलाया और उन्हें बताया पर्यावरण को यदि शुद्ध रखना है, तो सबसे पहले हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ साफ रखना होगा। पॉलिथिन का उपयोग कम से कम करना होगा। इस मौके पर बिपिओ अभिषेक किशोर,मुखिया धनेश्वरी उरांव, परमेश्वर महली, सुमित उरांव, इंदरदेव उरांव, सुमंती तिग्गा, रऊफ अंसारी, नितेंदर कुमार, बंदना, तनुश्री सहित कई लोग मौजूद थे ।

## पत्ती टूट जाने से अनियंत्रित बस डिवाइडर से टकराई, कंडक्टर की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर बालूमाथ रेलवे ओवरब्रिज में शुक्रवार को मोना नामक यात्री बस का मेन पत्ती टूट जाने के कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिससे उसमें सवार मोना बस का कन्डेक्टर की मौत हो गयी। वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चतरा से सवारी लेकर रांची जा रही मोना नामक यात्री बस का बालूमाथ स्तिथ रेलवे ओभरब्रिज के पास मेन पत्ती टूट गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। गनीमत रही कि बस डिवाइडर में जाकर रुक गयी वरना



दुर्घटनाग्रस्त बस

30 फिट नीचे रेलवे पटरी में जा गिरती। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। मृतक कंडक्टर की पहचान मो० इनायत सोंस रांची निवासी के रूप में हुई। वहीं प्रतिमा देवी 35 वर्ष पति मिथलेश यादव ग्राम बड़गांव थाना टंडवा निवासी की बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं घायलों में रविन्द्र गंझु 22वर्ष कुडू निवासी शामिल है। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लिया है।

## एक नजर में

### केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में हुए कार्य से जनता को अगवत करायें: सांसद

**बिशुनपुर।** भारतीय जनता पार्टी बिशुनपुर के द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र में विकास यात्रा का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद समीर उरांव शामिल हुए। सांसद ने विधानसभा क्षेत्र के अति उग्रवाद प्रभावित गांव बनालात व जोरी पुल के समीप से विकास यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर भाजपा नेता भिखारी भगत उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद समीर उरांव ने कहा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाना है। जिसमें भाजपा सरकार में पिछले 9 वर्षों में जो विकास कार्य किये हैं उसे जनता को अवगत करना है। जिस जोरी पुल के समीप कार्यक्रम किया गया वह भी भारतीय जनता पार्टी की ही देन है। सांसद ने कहा कि वनालात व जोरी गांव आने के लिए सड़क नहीं था। यहां सड़क का निर्माण कराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कई महत्वपूर्ण योजना जैसे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त में गरीबों को राशन,सड़क पुल पुलिया बिजली जैसे कई महत्वपूर्ण योजना आम लोगों के लिए चलाई जा रही है। कार्यक्रम में भाजपा नेता भिखारी भगत, मंडल अध्यक्ष केदार साहू, जगत ठाकुर ,बच्चन चौरसिया, गुलाब साहू ,आनंद साहू,देवी सिंह, अजीत उराव सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पांच जून से भर्ती कैंप अभियान की होगी शुरूआत

**लातेहार।** गार्डियंस सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी जीएसएफ प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा पांच जून से भर्ती कैंप अभियान की शुरूआत की जाएगी। इसकी जानकारी जीएसएफ के भर्ती कैंप के पदाधिकारी जय नाथ राम ने दी। उन्होंने बताया कि गरीब, शिक्षित, बेरोजगार युवकों के लिए रोजगार से जोड़ने का यह सुनहरा अवसर है। इसके लिए युवक भर्ती कैंप में शामिल होकर बहाली ले सकते है। उन्होंने बताया कि भर्ती कैंप पांच जून को बालूमाथ थाना परिसर में लगाई जाएगी। जबकि 6 जून को बारेसाढ थाना परिसर, 8 जून को हेरहंज, 9 जून को चंदवा, 12 जून को छिपादोहर, 13 जून को गारू, 14 जून को मनिका, 15 जून को बरवाडीह व 16 जून को लातेहार थाना परिसर में भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर पद की चयन कर नियुक्ति पत्र दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण कराया जाएगा। इस दौरान पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी, मेडिकल सुविधा, लोन की सुविधा आदि का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदक अपने साथ सभी प्रमाण पत्र का छाया प्रति व दो पासपोर्ट साइज का फोटो लेकर आना अनिवार्य है।

## प्लास्टिक प्रदूषण पर निकाली गयी रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



रैली में शामिल लोग

**कैरो।** शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय कैरो से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अगुवाई में प्लास्टिक हटाओ विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई, जो जोड़ा तालाब तक गई। रैली के माध्यम से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने लोगों को बताया कि आज जिस तरह से हम दैनिक जीवन में प्लास्टिक से घिर कर इसका अंधाधुंध इस्तेमाल कर रहे हैं इससे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। सिंगल युज प्लास्टिक के इस्तेमाल कर जहां तहां फेक देने से गाय- बैल, बकरी, कुत्ता जैसे जानवर इसे खा लेते हैं अंतोगत्वा ये बेजुबान इसके लगातार सेवन से काल के गाल में समा जाते हैं। वही दूसरी ओर ये खेतों में पहुंचकर हमारे उपजाऊ भूमि को बंजर कर रहे हैं। जलाशयों में पहुंचकर ये प्लास्टिक जलीय जीवों पर कहर बनकर टूट रहें हैं साथ ही साथ जल को दुषित कर रहे हैं।

इस रैली में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, बीपीओ रधुनाथ मुंडा, प्रखण्ड समण्यवयक दिनेश, नंदा भगत, अमन शिखर, खालिक अंसारी कामिनी, राजमुणी मुनी उरांव सोफी कुजुर शीला, सद्भावना दूत जुबैर अंसारी, ललेश परवेज अंसारी इत्यादि ने भाग लिया।

## मनिका प्रखंड में भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला कार्यसमिति का बैठक हुआ संपन्न

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित आदर्श शिशु विद्या मंदिर में दिन शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष छोटू राजा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यसमिति में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी शामिल हुए। जिला कार्यसमिति को संबोधित करते हुए किसलय तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल पूरे हो गए हैं इन 9 सालों में मोदी जी के द्वारा कई जन कल्याणकारी योजना चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ पूरे देशवासियों को मिल रहा है श्री तिवारी ने आगे कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अपने क्षेत्र के हर एक लोगों के पास जाकर बताना है। मंच संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह के द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अश्विनी सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडे,आशुतोष सिंह चेरो,जिला उपाध्यक्ष शह प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,सुमंत कुमार,रोहित शाहदेव,मंत्री सर्वेश कुमार,मीडिया प्रभारी आलोक कुमार,पवन राजा,प्रशांत सिंह,सूरज कुमार निराला, रोशन शुक्ला, संदीप केसरी,पारस जायसवाल,हेमंत कुमार,लव यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जामा मस्जिद अंजुमन कमिटी जामा नूरिया जियाउल इस्लाम का चुनाव 9 को

**महुआडांड़।** मदरसा जामा नूरिया जियाउल इस्लाम सह जामा मस्जिद अंजुमन कमिटी का चुनाव 9 जून शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मदरसा जामा नूरिया जियाउल इस्लाम में मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से किया जाएगा। जिसकी तैयारी चुनाव कमिटी के द्वारा पूरी कर ली गयी है ।इस संबंध में चुनाव कमिटी के खुर्शीद खान ने बताया गया कि नाम वापसी और स्कूटनी के बाद 3 ओहदे के लिए 6 नाम आए हैं। जिसमे सदर पद के लिए इमरान खान और ह्यूम अंसारी, सेक्रेटरी पद के लिए नुरुल होदा और मजहर खान, खजांची पद के लिए शाहिद कमाल और जसीमुद्दीन शेख चुनाव मैदान में है। जिनके चुनाव के लिए 9 जून दिन शुक्रवार को मतदान होना है। 9 जून मतगणना की प्रक्रिया होगी और बाद नमाज ऐसा अंजुमन के नए ओहदेदारान के नाम का एलान किया जाएगा।

## चंडीगढ़ की तर्ज पर गुमला में भी बन सकता है स्क्रैप पार्क : कमिश्नर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नगर भवन में चल रहे कबाड़ महोत्सव में शुक्रवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल पहुंचे। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन काल में कबाड़ महोत्सव पहली बार सुना है किंतु गुमला नगर परिषद के इस आयोजन में आने के बाद वे कह सकते हैं कि बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कबाड़



महोत्सव जैसे प्रयास आने वाले समय में बड़े कारगर होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर आज पूरी दुनिया सोचने को विवश हो रही है। हम भी प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक कबाड़ के रीयूज और रीसायकल पर जल्दी सोचना शुरू करें अन्यथा देर हो जाएगी। इस दौरान नप पदाधिकारी संजय कुमार, नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, हिमांशु मिश्रा, मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग, सीआरपी अरशद अली, रौनक पांडे, रवि मेहतो, मंजू पाठक, खुशी जेदिया, गीता देवी, रिंकी देवी सरस्वती देवी, सोनी देवी, बैयजंती देवी, सोनाली त्रिपाठी आदि के अलावा बड़ी संख्या में महिलायें, कलाकार, पर्यावरण कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### डायन बताकर महिलाओं को प्रताड़ित करना समाज में सबसे बड़ा अपराध: देवकी देवी

**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन गुमला के द्वारा कचहरी परिसर में शुक्रवार को सामाजिक कुरीतियों, सामाजिक एकजुटता व बेहतर समाज के निर्माण को लेकर आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार आरंभ हुआ। सेमिनार में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रतिज्ञ महिला एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सह गुमला जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि डायन बताकर महिलाओं को प्रताड़ित करना और हत्या करना समाज में सबसे बड़ा अपराध है। डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास से लोगों को जागरूक होना पडेंगा। उन्होंने कहा कि समाज में छोटी बच्चियों व महिलाओं को हवस का शिकार बनाया जा रहा है और सामुहिक दुष्कर्म के बाद हत्या भी कर दी जा रही है। पुलिस कार्रवाई भी कर रही है लेकिन इन चीजों को रोकने के लिए लोगों को आगे आना होगा। बेहतर समाज के निर्माण के लिए इन बाधाओं को समाप्त करना जरूरी है। देवकी देवी ने कहा कि स्वच्छ व संदुर समाज के निर्माण में नशापान सबसे बड़ा बाधक है। आज छोटे-छोटे बच्चे से लेकर युवा वर्ग के लोग नशा के आदि होते जा रहे हैं। देश के नौनिहाल नशे के गिरफ्त में है। समाज से नशापान को दूर करने के लिए हमें सामुहिक भागीदारी निभाना होगा और नशामुक्त समाज के निर्माण का हर व्यक्ति को संकल्प लेना होगा।

## सरना को लेकर समाज में विभेद पैदा करना चाहता है स्वार्थी तत्व : डॉ सुखी उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता




**लोहरदगा।** समाज में समरसता का भाव लेकर राष्ट्र निर्माण की बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है ।आज अपने समाज को कुछ स्वार्थी तत्व सरना विषय को लेकर भेद पैदा करने की कोशिश कर हिन्दू समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे है ।ऐसे देश- समाज विरोधी शक्ति से हमे सचेत रहना चाहिए। उपरोक्त बाते आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 20 दिवसीय प्रथम वर्ष प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सुखी उरांव जी ने अपने संबोधन में कहा। 20 दिवसीय इस प्रशिक्षण समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित शिक्षार्थियों से आह्वान किया जो कठोर प्रशिक्षण आपने प्राप्त किया वह यहां से जाकर अपने ग्राम में, अपने समाज को सिखाए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी भवेशानन्द जी ने कहा 20 दिवसीय इस प्रशिक्षण के द्वारा आपके द्वारा किए गए कुछ शारीरिक प्रस्तुति स्वामी विवेकानंद जी के सपनो को साकार कर रही है। उनका युवाओं से जो आशा थी,जिसकि उन्होंने कल्पना की थी संघ वह साकार कर हिन्दू समाज को बलशाली वैभवशाली बना रही है। उन्होंने आह्वान किया हम सब एक हो,संगठित हो हम सब श्रेष्ठ हिंदू के नाते एक बने ऐसा भाव हम सभी हिंदू समाज में पुष्ट हो। इस समापन कार्यक्रम में लोहरदगा के सै हीकड़ों गणमान्य बंधु भगिनी सहित प्रांत के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

# भाजपा के लिए गढ़वा की चार बड़ी विकास योजनाएं हैं तीर्थ स्थल

## सांसद बीडी राम ने दौरा कर, ग्रामीणों को बतायी भाजपा के केंद्र सरकार की उपलब्धियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा का भारत की सत्ता पर काबिज हुए नौ वर्ष पूरे हो गए। इस खुशी में भाजपा के 30 मई से 30 जून तक महा जनसम्पर्क अभियान चलाने के फैसले के बाद पलामू के सांसद बीडी राम ने शुक्रवार को गढ़वा के मेढ़ना गांव स्थित बाईपास टॉल प्लाजा स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को भाजपा की केंद्र सरकार और खुद के प्रयास के कराए जा रहे विकास योजनाओं की जानकारी दी। सांसद श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी एवं पार्टी ने हर विधान सभा क्षेत्रों के दो-दो बड़े विकास योजनाएं जो जनहित में केंद्र सरकार द्वारा करायी जा रही हैं। उसे तीर्थ स्थल घोषित करने और उसका निर्माण कार्य तीर्थ स्थल के रूप में पूरा कराने का निर्णय लिया है। ऐसी योजनाओं के स्थल पर जाकर कार्य की प्रगति की जानकारी लेने और उसके लाभ की जानकारी ग्रामीणों को बताने को कहा गया है। उसी कार्यक्रम के तहत सांसद अपने कार्यकताओं के साथ सबसे पहले गढ़वा के मेढना गांव स्थित बाईपास सड़क के टॉल प्लाजा पहुंचे। उन्होंने बाईपास सड़क की जानकारी देते हुए कहा कि 2014 के लोक सभा चुनाव में ही गढ़वा की जनता ने उनसे सड़क जाम की परेशानी से आजादी के लिए बाईपास सड़क बनाने की मांग की थी ताकि जिला मुख्यालय को जाम से बचाया जा सके। उन्होंने इस कार्य में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेते हुए इसकी स्वीकृति दिलायी। 903 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 23 किलोमीटर बाईपास सड़क का निर्माण पूर्ण होने को है। सड़क के पूरा होने में एक कब्रिस्तान बाधा बन रहा है। राज्य सरकार की ओर से जमीन उपलब्ध नहीं कराने की रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी गई है। बावजूद इसके 2024 के अंत तक इस योजना को पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद सांसद गढ़वा-रंका रोड के अनराज घाटी पहुंच गए। अनराज घाटी सड़क दुर्घटना के लिए चर्चित हो गया है। उसके तीखे मोड़ पर सैकड़ों वाहन खाई में गिर चुके हैं जिसमें सैकड़ों जाने जा चुकी है। दुर्घटना जोन को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार ने 16 करोड़ रुपये निर्गत किया है। इसका कार्य 2024 मे ही शुरू किया जाएगा। सांसद ने वहां स्थल निरीक्षण किया। गढ़वा विधान सभा की इन दोनों योजनाओं के स्थल निरीक्षण के बाद सांसद भवनाथपुर विधान सभा के श्रीनगर गांव में पहुंच गए। वहां केंद्र सरकार की 206.16 करोड़ रुपये की लागत से सोन नदी में झारखण्ड और बिहार को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण किया जा रहा है। बीडी राम ने कहा कि वह इस योजना को लाने के लिए रोहतास के सांसद के साथ मिलकर प्रयास कर रहे थे। इस पुल के बन जाने से कांडी प्रखंड, हरिहरपुर क्षेत्र के गांवों का विकास होगा। वहीं झारखण्ड का बिहार से दूरी भी कम हो जाएगी। व्यापार के साथ-साथ देश के कई बड़ों शहरों में जाना भी आसान हो जाएगा। उसके बाद बीडी राम कांडी प्रखंड के दारीदह गांव पहुंचे। जहां केंद्र की 1233 करोड़ रुपये की लागत से सोन-कनहर पाइप लाइन योजना चलायी जा रही है। सांसद ने कहा कि इससे 14240 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। वहीं 3.28 लाख लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह,विरष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडेय, चन्दन जायसवाल, प्रफ्फुल सिंह, विभाकर पांडेय, संजय ठाकुर, प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, गौरी बिंद, ओमप्रकाश तिवारी, राम सरीख चन्द्रा सहित कई नेता और कार्यकता उपस्थित थे।



# स्पीड न्यूज

### आईएससी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन आज

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद राम जानकी मंदिर परसाबाद के समीप आईएससी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन बिरसा प्लस टू हाई स्कूल कटिया परसाबाद में रविवार को किया जायेगा। वहीं बिरसा प्लस टू उच्च विद्यालय के डायरेक्टर सह प्रिंसिपल राम नारायण यादव ने कहा कि हमारे क्षेत्र जयनगर प्रखंड में विद्यालय की कमी नहीं, लेकिन क्षेत्र के लिए एक नई सौगात के रूप में आईएससी कोचिंग का शुभारंभ किया जा रहा है। आईएससी कोचिंग सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित होंगे।

### गुमशुदगी को लेकर थाने में आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महूंगाय पंचायत स्थित ग्राम बरवाडीह निवासी अनीता देवी पति महेंद्र सिंह ने गुरुवार को मरकच्चो थाना में आवेदन देकर अपनी बेटी 18 वर्षीय काजल कुमारी की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में अनीता देवी ने कहा है कि मेरी पुत्री काजल कुमारी 22 मई 2023 को घर से बैंक जाने को कह कर दिन में निकली जो आज तक घर वापस नहीं लौटी है। अपने पास एक मोबाइल लेकर निकली है, जिसका मो0 नंबर 8002308973 है। उन्होंने बताया कि अपने स्तर से काफी खोज बीन करने के बाद भी अभी तक पता नहीं चल पाया है। आवेदन देकर उन्होंने खोज बीन करने की गुहार लगाई है।

### स्कूटी से गिरकर तीन घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चाराडीह चौक के समीप शुक्रवार शाम करीब 4 बजे स्कूटी से गिरकर ग्राम मीरगंज थाना सतगावां निवासी 18 वर्षीय अभिषेक कुमार सिंह पिता विनय सिंह, दूधीमाटी निवासी 35 वर्षीय सिकंदर सिंह पिता योगेंद्र सिंह व 45 वर्षीय सूर्या कुमार पिता विकाश सिंह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त तीनों स्कूटी पर सवार होकर तिलैया से कोडरमा की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में चाराडीह चौक के समीप स्कूटी का टायर पंचर हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर स्कूटी दुर्घटनाग्रत हो गई। जिसमें उक्त तीनों घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

### गैस रिसाव से एक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भुवालडीह निवासी 40 वर्षीय नागेश्वर यादव जो महतो आहरा बगल में खीरु साव के केमिकल फैक्ट्री में काम करता था। उसकी गैस के रिसाव होने से मौत हो गई। मौके पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव, महावीर यादव, गणपत यादव, मनोज दास, राजकुमार पासवान, रामदेव यादव, जागेश्वर प्रसाद यादव, ओमप्रकाश यादव, मुकेश यादव, गजाधर यादव, शिवमणि यादव एवं भारी संख्या में ग्रामीण शव यात्रा में मौजूद रहे।

### टेम्पु अनियंत्रित होकर पलटने से चालक घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित नीरु पहाड़ी के समीप एक टेम्पु अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान सुजीत मेहता पिता स्व भुनेश्वर मेहता तेतरियाडीह निवासी के रुप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार टेम्पु कोडरमा की तरफ से आ रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### बीएलबीसी की बैठक आयोजित

**गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समीक्षा उपरांत केसीसी ऋण से संबंधित 153 आवेदन पत्र अभी भी लंबित पाए गए। बीडीओ ने सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सभी मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी को बताया कि सात जून को प्रखंड सभागार में बैंक कर्मी के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## विधायक किशुन ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** भारत के प्रधानमंत्री यशस्वी नरेंद्र मोदी जी की कार्यकाल 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र स्तरीय तीर्थ विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास भी अपने विधानसभा क्षेत्रों में तीर्थ विकास कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की 9 वर्ष पूरे होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपलब्धियों को गिनाया। वही टंडवा में स्थापित एनटीपीसी पॉवर प्लांट परिसर में भाजपा प्रतिनिधिओं के साथ विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मोदी सरकार की कार्यकाल से आज सभी जनता एवं किसान खुश हैं। क्योंकि कांग्रेस के सरकार में जनता को कोई भी योजना की लाभ एक रुपिया में से दस पैसा ही मात्र पहुंच पाता था। लेकिन अब यदि किसान को सरकार द्वारा दो हजार दिया जाता है तो सीधा किसान के खाते में पहुंच जा रहा है। इसी प्रकार से कॉग्रेस के समय मे टंडवा में एनटीपीसी को स्थापित करने में ग्रहण लग चुका था, लेकिन भाजपा की सकारात्मक पहल पर आज टंडवा से बिजली पूरे हिंदुस्तान की सप्लाई होना शुरू कर दी है। इस प्रकार से कई उपलब्धियों को गिनाते हुवे 9 वर्ष उपलब्धियों भरा वर्ष की बात कही गई एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अमरजीत को 13 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

### अदालत ने 25 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने एवं दहेज प्रताड़ना को लेकर तिलैया थाना कांड संख्या 133/14 एवं एसटी 179/14 सुनवाई के पश्चात् कांड के अभियुक्त अमरजीत बारहपुरिया पिता स्व. मानिकचंद राम जहानाबाद निवासी को 306 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्तसश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं 498 ए आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं 10 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। दोनों सजाएं अलग-अलग चलेगी। इस प्रकार अभियुक्त को कुल 13 वर्ष की सजा भुगतनी होगी। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं लोक अभियोजक पीके मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।

वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया और अदालत से अभियुक्त को कम से कम सजा देने का आग्रह किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वहीं न्यायालय ने मृतक अलका कुमारी की छोटी बच्ची के लालन-पालन एवं शिक्षा हेतु झारखंड विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के तहत उचित मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है।

**क्या है मामला :** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्णिमा टॉकीज के पीछे का यह काफी चर्चित मामला रहा है। उक्त मामले में बेटी के ससुराल बाले की प्रताड़ना से तंग आकर एक ही परिवार के 4 लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था, जिसमें 3 लोगों में विनीत कुमार, शिल्पी एवं अलका की मौत हो गई थी।

## आधुनिक शिक्षा समय की जरूरत: नेसार

### कॉन्फ्रेंस में राज्य एवं अंतर राज्य उल्मा ए एकराम और शायर इस्लाम हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला के प्रखंड मयूरहंड के ग्राम मझगावा महेशा स्थित मदरसा चश्तिया के प्रांगण में एक दिवसीय तालीमी बेदरी कांफ्रेंस सह शैक्षिणक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांफ्रेंस की अध्यक्षता बीस सूत्री सदस्य मौलाना मो जमील अख्तर एवं संचालन मौलाना अब्दुर्रौफ रौनक गिरिडीह ने किया।इस कांफ्रेंस में राज्य एवं अंतर राज्य उल्मा ए एकराम और शायर इस्लाम ने शिरकत किया।मौलाना कारी नेसार अहमद कादरी कोलकाता ने शिक्षा सह तालीम पर अपने संबोधन में कहा कि दीनी सह धार्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर ही इस दौर में कुछ किया जा सकता है। शिक्षा में पिछड़ने से सभी चीजों में पिछड़ जायेंगे। आप पिछड़ेंगे घर, समाज, राज्य और राष्ट्र पिछड़ेगा। समय का पुकार है की लड़कों के साथ-साथ लड़कियों को भी दीनी तालीम के साथ आधुनिक तालीम दी जाए।जब एक लड़की पढ़ती है तो एक खानदान पढ़ता है। मौलाना कारी अजहरूल कादरी सीतामढ़ी बिहार ने कहा कि शिक्षा वह हथियार है जो हथियार से भी ज्यादा कीमती है। इसलिए जितनी भी मुशक्कत करना पड़े अपने बच्चों को शिक्षा दिलाएं। सिमरिया विधान सभा के पुर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में जागरूकता आती है।

इस कार्यक्रम की खूबसूरती यही है की यहां हिंदू और अल्पसंख्यक मुस्लिम एक साथ बैठकर कांफ्रेंस का हिस्सा बने हुए हैं। यही एकता और अखंडता देश को सशक्त और मजबूत बनाता है। कॉन्फ्रेंस और जलसे के आयोजन का मकसद यही होता है की समाज में भाई चारा और आपसी सौहार्द को मजबूत किया जाए।

## आपसी विवाद में मारपीट, चार घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में आपसी घरेलू विवाद में हुई मारपीट में दो महिला समेत तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। जबकि एक आंशिक रूप से घायल हुआ। सभी घायलों का इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव लाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक डॉ कविता कुमारी एवं सहयोगी संतोष कुमार ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में जितेंद्र यादव, जितेंद्र यादव की 30 वर्षीया पत्नी सविता देवी एवं सास चंद्रावती देवी का नाम शामिल हैं। जबकि ससुर जगन्नाथ यादव आंशिक रूप से घायल हैं। इस संबंध में घायल पुतोहू सविता देवी ने बताई कि शुक्रवार की सुबह मेरे ससुर के द्वारा आम के पेड़ से आम लेने के लिए कहने पर मेरा नाबालिग पुत्र अजीत यादव 11 वर्ष, अंकुश यादव नौ वर्ष एवं आठ वर्षीय अनीश चंद्र यादव पेड़ के पास गया और वहां से आम लेकर घर आया। इसी बीच मैं अपने पुत्र को डांट फटकार कर रही थी। इसी दौरान मेरे पति जितेंद्र यादव, ससुर जगन्नाथ यादव, सास चंद्रावती देवी एवं दूसरी पत्नी अनीता देवी घर पर आए और आते ही मेरे तीनों नाबालिक बच्चे के सामने लाठी-डंडे एवं टांगी से पिटाई करना शुरू कर दी। जिससे मेरा सर फट गया।

## झारखंड सरकार के निकम्मेपन के कारण करमा अस्पताल का काम अधूरा : अन्नपूर्णा

### सरकार का उदासीन रवैया से अस्पताल का काम ठप्प : डॉ.नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भाजपा सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्य निरीक्षण करने के क्रम में भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा और लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के क्रम में सांसद सह शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव शुक्रवार को करमा अस्पताल परिसर में पहुंचे, जहां सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी के नौ वर्ष पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है। भाजपा सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्य को संगठन में विकास तीर्थ का नाम दिया है। जिसकी जानकारी देने के लिए जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता संपर्क में लगे हैं। कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा ने अपने पिछले 9 वर्ष में जो कार्य किए हैं, पीछे के 70 वर्ष फीके पड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2018 में ही करमा अस्पताल का ऑनलाइन उद्घाटन किया था, बावजूद झारखंड सरकार कि निकम्मेपन के कारण और सही एजेंसी को कार्य नहीं मिलने के कारण करमा अस्पताल बेहाल पड़ा हुआ है, सारे काम रुके हुए हैं। करमा अस्पताल 2022 में ही बनकर तैयार होना था परंतु झारखंड सरकार की नाकामियों के कारण यह अस्पताल बंद पड़ा है। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि हमने अथक प्रयास कर इस अस्पताल को केंद्र में मिलकर स्वास्थ्य मंत्रालय एवं श्रम मंत्रालय में जाकर इसकी मंजूरी दिलाने में अपना पूरा प्रयास किया। सरकार का उदासीन रवैया और राजनीति कारण झारखंड सरकार इसे जल्द बनवाने में नाकामयाब है। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द स्वास्थ्य सचिव से मिलकर इस समस्या का निराकरण किया जाएगा। वैसे पुनः टेंडर की पूरी प्रक्रिया कर ली गई है। मौके पर शिवेन्द्र सिंहा, राजकूमार यादव, नितेश चंद्रवंशी, मनोज कुमार झुन्नू, राजेश सिन्हा, संजीव यादव, नरेंद्र पाल, प्रवीण पाण्डेय, प्रदीप पांडेय, महेश यादव, चंदन सिंह, संतोष मालाकार, सौरभ कुमार, महेश यादव, विजय सिंह, दिनेश सिंह, मुन्ना राम, पंकज सिंह, शिशिर सिंह, शुभम कुमार, अकाश वर्मा आदि मौजूद थे।

# एक नजर में

### नाबालिग युवक ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त झरीटांड़ मे 17 वर्षीय नाबालिग युवक ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया, हालांकि परिजनों को इसकी जानकारी मिलते ही आनन फानन में उसे लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं बताया जाता है कि पढ़ाई के लिए डांट पड़ने पर गुस्से में आकर नाबालिग ने इस तरह का कदम उठाया। फिलहाल उसकी स्थिति नियंत्रण में है।

### उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं की समीक्षा किया, दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व, भू-अर्जन, पंचायती राज, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग से संचालित योजनाओं को प्रगति की समीक्षा कर, डीसी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करें।

### स्कूलों में सेवा के दौरान कर्तव्यों का पालन बेहतर तरीके से करें : डीसी

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन शुक्रवार को नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों (टीजीटी) के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग जिन स्कूलों में अपनी सेवा देंगे, उन स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम करें, अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर तरीके से करते हुए बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के साथ साथ स्कूलों में आधारभूत संरचनाओ के विकास में भी अहम भूमिका निभायें।

### सभी सीएचसी में फाइलेरिया क्लिनिक का उद्घाटन किया गया

**कोडरमा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्रखण्डों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में फाइलेरिया क्लिनिक का उदघाटन किया गया। कोडरमा सीएचसी में डॉ. अनिल कुमार, सतगावां में डॉ.सत्यनारायण भगत, मरकच्चो में डॉ.नीरज जैन और जयनगर में डॉ. अजित कुमार मंडल के द्वारा क्लिनिक का उदघाटन किया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा हाथी पांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण करते हुए रोग प्रबंधन की समुचित जानकारी दी गयी।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए फातमा खातून की रिम्स में मौत

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के ग्राम डटमी निवासी सावर्गीय मो नसीम की पत्नी फातमा खातून उर्फ चांदो गुरुवार को सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गई थी जिसका आज शुक्रवार को रिम्स में ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को अपने ईलाज के लिए बाइक से अपने बीस वर्षीय पुत्र मो नईम के साथ शेरघाटी गई थी। शेरघाटी से ईलाज करा कर वापस अपने घर डटनी लौट रही थी अचानक चक्कर आया और बाईक से गिर पड़ी। घायल अवस्था में ईलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया ले जाया गया जहां चिक्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया। रिम्स में किसी तरह भर्ती कराया गया परंतु आज शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो की छः माह पुर्व ही चांदो के पति मो नसीम गंभीर बीमारी किडनी और हार्ट से उसकी मौत हो गई थी। चार बच्चों का लालन पालन मां किसी तरह से कर रही थी। पुत्रों में मो नईम,मो नाजिम पुत्रियों में नौशाबा और नफीसा अब बिल्कुल अनाथ हो गए हैं। इनलोगों का लालन पालन और पढ़ाई लिखाई पुरी तरह से बाधित हो गया है।

### कोयला चोरी के मामले में जिप सदस्य के पति गिरफ्तार

**इटखोरी।** जिला परिषद सरिता देवी के पति भरत साव को हजारीबाग के बड़कागांव थाना की पुलिस ने शुक्रवार को इटखोरी थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। बड़कागांव पुलिस जिला परिषद सदस्य के पति को अपने साथ ले गई है। पुलिस ने बताया है कि भरत साव बड़कागांव थाना कांड संख्या 37/21 में नामजद अभियुक्त हैं। दर्ज मामला कोयला चोरी से संबंधित है। इसी मामले में उसकी गिरफ्तार हुई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही बड़कागांव थाना की पुलिस भरत साव को गिरफ्तार करने की फिराक में लगी हुई थी। शुक्रवार को भरत साव अपने घर में मौजूद थे। उसी वक्त इटखोरी थाना पुलिस के सहयोग से बड़कागांव थाना की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### आजसू ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को किया निष्कासित

**चतरा।** पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को निष्कासित कर दिया है। साथ ही साथ केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार महेश महतो को आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तथा शिवलाल दांगी एवं छोटू भोक्ता को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण आजसू पार्टी चतरा जिला कमिटी को भंग कर दिया गया था। इसकी जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि चतरा जिला में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य अपेक्षित रफ्तार से चले, इसलिए कमिटी को भंग करने का निर्णय लिया गया था।

### मनोज चन्द्रा 19 को लेंगे सदस्यता

**चतरा।** आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा 19 जून को हजारों समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता लेंगे। वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झामुमो का झंडा थामेंगे।

### जनआक्रोश महासभा को लेकर प्रभावित गांवों में चलाया जनसंपर्क

**सिमरिया।** प्रखंड के इचाक खुर्द गांव के रैयत अपनी मांग को लेकर दसवें दिन शुक्रवार को भी धरना पर बैठे रहे। प्रभावित किसान शिवपुर कठौतिया न्यू बीजी रेल लाइन में जा रही जमीन की मुआवजा भुगतान की मांग को धरना पर बैठे है। रैयतो ने शनिवार को धरना स्थल पर आयोजित कार्यक्रम जन आक्रोश महासभा को लेकर प्रभावित गांवों का दौरा कर जनसंपर्क चलाया।

### दुघर्टना में एक की मौत, दो घायल

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के कटहरकला गांव निवासी सूर्यदेव राम के 19 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार की मौत गुरुवार की शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। जानकारी के अनुसार बंबा डैम के समीप हुए घटना में 3 युवक घायल हो गए थे। घायलों में धुरकी थाना क्षेत्र के कटहरकला निवासी आशीष कुमार सहित सगमा निवासी राकेश कुमार, शारदा निवासी शिवपूजन बैठा के पुत्र आशीष कुमार बैठा का नाम शामिल था। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया।

स्पीड न्यूज

## ईडी को मिला बोकारो संयंत्र के प्रमुख का पदभार

**बोकारो।** अधिशासी निदेशक ;संकार्यद्ध वीरेन्द्र कुमार तिवारी को बोकारो स्टील प्लांट के प्रमुख ;हेडद्ध का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अब श्री तिवारी अपने नियमित कार्यों के अलावा बोकारो स्टील प्लांट के प्रमुख ;हेडद्ध की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

## पर्यावरण संरक्षण जागृति अभियान हटिया से शुरू

**बोकारो।** बीएसएल के पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से मिशन लाइफरू लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट मंत्रा और विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के तहत प्रारम्भ अभियान में सेक्टर.पांच हटिया में बैगधारी क्रेताओं को कैप और एलईडी बल्ब दिया गया और सब्जी विक्रेताओं से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे क्रेताओं को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन ;संशोधनद्ध नियम 2021 के उल्लंघन के बारे में जागरूक किया गया। सब्जी विक्रेताओं को भी कहा गया कि वे किसी भी ग्राहक को सिंगल यूज प्लास्टिक उपलब्ध न कराएं। मिशन लाइफ के तहत सप्ताह भर चलने वाले अभियान का आयोजन सेलध्बोकारो और झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

## साक्षी के हत्यारे को कड़ी सजा की मांग

**धनबाद।** तोपचांची प्रखण्ड के ब्राह्मणडीहा में ह्युमण राईट्स मिशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी बलराम उपाध्याय के नेतृत्व में दिल्ली में जघन्यतम अपराध पर चर्चा हुई। बलराम उपाध्याय ने कहा कि हाल ही दिल्ली में क्रूर शैतान जल्लाद साहिल द्वारा खुलेआम सभी के सामने साक्षी की निर्मम हत्या कर दी जाती है उसे कानून का डर बिल्कुल ही नहीं है क्योंकि उसे लगता है कि हम बेदाग बच जायेंगे और मुझे कुछ नहीं होगा। ह्यूमन राइट मिशन भारत सरकार से मांग करती है कि ऐसे जघन्य अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाय ताकि कोई भी अपराधी इस तरह की अपराध करने से पहले बार बार सोचने के लिए मजबूर हो।मौके पर सुरेश चंद्र तिवारी, मृणाल चौबे,अरुण कुमार तिवारी, धुर्येटि प्रसाद दूबे,रामाशंकर तिवारी, अमूल्य रत्न तिवारी,सिद्धेश्वर तिवारी,लक्खी नारायण तिवारी,उत्तम तिवारी,अमरेश उपाध्याय,राजेन्द्र उपाध्याय,छुनू तिवारी अधीर चन्द्र उपाध्याय,ज्ञान चन्द्र तिवारी आदि उपस्थित हुए।

## भाजपा नेता ने दिउड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**बेरमो।** भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने आज सुबह रांची के तामाड़ में स्थित प्रसिद्ध देउड़ी देवी मंदिर में 16 भुजाधारी मां देउड़ी देवी जी का पूजा.अर्चना किया और बेरमो क्षेत्र की सुख.समृद्धि की कामना किया।

## पारा लीगल वॉलिंटियर्स ने बांटे बैनर और पंपप्लेट

**बोकारो।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो कुमारी रंजना अस्थाना के मार्गदर्शन में डालसा एवं जिला प्रशासन के सहयोग से मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बोकारो जिले के विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रम किया गयाए जिसमें पारा लीगल वॉलिंटियर्स ने बैनर एवं पम्पप्लेट के द्वारा लोगो को जागरूक किया गया। वहीं विशेष अभियान मन का मिलन पखवारा कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर न्याय सदन बोकारो में विभिन्न न्यायालय में लंबित 08 वादों में दोनों पक्षकार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिवए निभा रंजना लकड़ा, मध्यस्थ के जी चटर्जी, मध्यस्थ के राय शामिल थे।

# होटल पर फेंका बम, रंगदारी नहीं देने पर मालिक को दी जान से मारने की धमकी

**गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गो ने दिया घटना को अंजाम पुलिस कर रही जांच**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र के होटल शान ए पंजाब होटल और चलकरी के माही होटल में गुरुवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा बम फेंककर दहशत फैलाने की कोशिश की गई। शान ए पंजाब होटल में बम फेंकने से हुए ब्लास्ट से किचेन का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। घटना के समय शान ए पंजाब में लगभग सैकड़ों लोग मौजूद थें। वहीं कुछ मिनटों के अंतराल में अपराधी चलकरी स्थित माही होटल में भी बम फेंक कर फरार हो गए। हलांकि चलकरी होटल में फेंका गया बम ब्लास्ट नहीं हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार शान ए पंजाब होटल पर नेशनल हाइवे के ओवरब्रिज से बम फेंक गया। जिसके कारण होटल का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। शान ए पंजाब होटल में बम ब्लास्ट की घटना के बाद लोगों में दहशत है। यहां बम फेंकने के बाद अपराधी जीटी रोड पर चलकरी के समीप स्थित माही होटल में स्टाफ से रूम को लेकर बातचीत करने लगे और इसी दौरान प्लास्टिक में भरकर बम को होटल के अंदर फेंक दिया। हालांकि माही होटल में बम नहीं फटा। माही होटल के स्टाफ ने बताया कि बाइक सवार दो युवक धनबाद दिशा की ओर से आए और उन्होंने रूम संबंधित बात करते हुए होटल में बम फेंक दिया।

### प्रिंस खान के शूटर ने ली हमले की जिम्मेवारी

प्रिंस खान के शूटर मेजर ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर लेटर जारी किया है। जिसमें उसने मैनेज करने की बात कही है, ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी है। मामले की जानकारी मिलते ही तोपचांची इंस्पेक्टर थाना प्रभारी जयराम प्रसाद ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल की। इसके पूर्व होटल शान ए पंजाब के मालिक से 50 लाख की रंगदारी माग की गई थी। जिसमें प्रिंस खान उर्फ छोटे सरकार का नाम सामने आया था। होटल संचालक के द्वारा तोपचांची थाने में मामला भी दर्ज करवाया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी जय राम प्रसाद ने कहा है कि तोपचांची के दो होटल में बमबाजी की घटना हुई है, मामले की जांच की जा रही है।

# सेल चेयरमैन ने सेवानिवृत्त सीजीएम को दिया स्मृति चिन्ह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के एचआरडी सेंटर के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ईडी ;एम एमद्ध अमिताभ श्रीवास्तव व सीजीएम ;एफ एंड एध माइंसद्ध मोहित मालपानी सहित कार्मिक विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरीय प्रबंधक डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने मई माह में सेवानिवृत्त कुल 4 अधिशासी तथा 48 अनधिशासी कर्मियों को अन्तिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक का बायोडाटा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने सेवानिवृत कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की एवं सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भेंट किये। सीजीएम मनोज कुमार के लिए आयोजित विदाई समारोह में विभिन्न विभागों के ईडी व सीजीएम की उपस्थिति में नव.नियुक्त सेल चेयरमैन अमरेन्दु प्रकाश ने उन्हें स्मृति चिन्ह और अंतिम निपटारे से जुड़े दस्तावेज भेंट किये। सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# तेतुलमुड़ी कोल डंप में नहीं चलेगी रंगदारीः संयुक्त मोर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शुक्रवार को तेतुलमुड़ी कोल डंप में वर्चस्व और रंगदारी नहीं चलेगी के बैनर तले पदयात्रा में युवक-युवती महिलाएं जोगता थाना ,सिजुआ स्टेडियम होते कोल डंप पहुंचे । जहां पदयात्रा सभा में तब्दील हो गया । सभा कि अध्यक्षता सुखदेव विद्रोही व संचालन विकास सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन शंकर दास ने किया। सभा स्थल पर धनबाद गया रेलखंड में छह मजदूरों को करंट लगने से मौत मामले में उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन संयुक्त मोर्चा द्वारा रखा गया। संयुक्त मोर्चा के नेता अपने भाषण में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर जमकर बरसे। अनुज सिन्हा ने कहा कि कनकनी में ढुलू समर्थकों द्वारा 2016 से अब तक 30 से 40 करोड़ रूपया मजदूरों का मजदूरी हड़प लिया गया है । मजदूरों के साथ संयुक्त मोर्चा दीवार की तरह खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि कनकनी और जोगता में मजदूरों के साथ वर्षों से जो अन्याय होता आ रहा है वह तेतुलमुडी कोल्डडम्प में किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। विकास सिंह ने कहा कि मजदूर हित में जेल गए हैं , मजदूरों का मजदूरी पर कब्जा जो कोई करना चाहता है वह कदापि नहीं होने देंगे। मनोज महतो ने कहा कि कोयला के कमाई 10 से 15 वर्षों से गुर्गे रख कर किया जा रहा है श्रमिक संघ 20 वर्षों से चल रहा है एक भी मजदूर को काम नहीं किया है ,जो कि एसीसी के मेंबर भी रहा है। मजदूर हित में कभी नहीं सोचा गया। सुरेश महतो ने कहा कि मजदूरों का अधिकार लूटने नहीं देंगे ,जोगता में भी लड़ाई लड़ेंगे, संयुक्त मोर्चा मजदूरों का शोषण नहीं होने देंगा।

### रैली में थे मौजूद

मौके पर शंकर दास, अनीता देवी, मंगल चौहान, हैदर अली ,विशाल महतो ,सैयद आलम , संजय भुइयां, रेखा देवी मतिया देवी ,सोनी देवी ,कलिया देवी, फुलवंती देवी ,शकुंतला देवी, बिना देवी, रिंकी देवी, गुलाबी देवी, चंपा देवी, मुकेश कुमार, सुलेंदर भुइयां आदि लोग मौजूद थे।

## करगली में दी गई कुंडल सिंह को श्रद्धांजलि

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली रेस्ट हाउस कॉलोनी में शुक्रवार को श्रद्धेय कुंडल सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगो ने कुंडल सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। मौके पर चिकू सिंह ने कहा कि बाबू जी समय के पाबंद थे। उनका कहना था कि समय का सभी को ध्यान रखना चाहिए। पूजा.पाठ के तत्पश्चात करगली गेट चौक पर शिविर लगाकर आम लोगों के बीच गर्मी से बचाव के लिएए कोल ड्रिंकए ठंडा पानीए एवं शर्बत का वितरण किया गया। मौके पर पुजारी ब्रजेश पांडेयए राजेंद्र दूबे ए चूल्हन सिंहए संजू सिंहएवार्ड पार्षद रश्मि सिंहए विकास सिंह एराजीव कुमारए समर सिंहए बीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

### एक नजर में

## सेल अध्यक्ष को मिला गार्ड ऑफ ऑनर



बोकारो। नव नियुक्त सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश को इस्पात भवन परिसर में बीएसएल अधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति में सीआईएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सेल अध्यक्ष ने प्रस्थान करने से पूर्व उपस्थित अधिकारियों व कर्मचरियों से मुलाकात कीए उनका उत्साहवर्धन किया तथा बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति के सिलसिले को बनाए रखने और इसे उत्कृष्टता के शिखर पर ले जाने का आह्वान किया।

## अव्वल छात्रों को दिया गया स्वर्ण पदक



**बोकारो।** गुरु गोविन्द सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपसए इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजए बोकारो में ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन स्टूडेंट्स स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरूहार एवं ट्विनटेक इंजीनियरिंग एंड डिजाइन टेक्नोलॉजी प्राण लिण उड़ीसा के निदेशक निरंजन के हाथों 290 छात्रों को प्रशस्ति पत्र व प्रमाण.पत्र प्रदान किया गया। इनमें से 90 छात्रों ने प्रमाण.पत्र प्रत्यक्ष प्राप्त किए और एमबीए बीबीए तथा बीसीए के 200 छात्रों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट दिये गये। अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक दिये गये। निदेशक डॉ जरूहार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को बेहतर और विशिष्ट रूप से रोजगार.परक बनायेगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर पर प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया। संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह एवं सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने छात्रों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## टॉपर छात्रा को बधाई देने पहुंचे सांसद



**बेरमो।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गुरुवार को जैक बोर्ड कॉमर्स की परीक्षा में रामविलास 10 प्लस 2 उच्च विद्यालय की टॉपर रही छात्रा सोमा मुखर्जी केकर गली स्थित आवास में मिलकर बधाई दी। साथ ही आगे की पढ़ाई में मैं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विदित हो कि सोमा मुखर्जी ने 10 वीं तक सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई की थीए इसके बाद जैक बोर्ड में स्विच की। उसका सपना सीए बनने का है। कहा कि वह 8 से 10 घंटे तक पढ़ाई करती हैं। सोमा के पिता करगली बाजार निवासी प्रसनजीत मुखर्जी एक दवा दुकान में स्टाफ हैंए जबकि मां गृहिणी है। मौके पर आजसू नेता संतोष महतो सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष इंद्रजीत मुखर्जी पप्पू सिंह शिबू महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## वाटर कूलर सह यूवी प्यूरिफाइर का उद्घाटन

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के कोक वोवन एरिया में वाटर कूलर सह यू वी प्युरिफाइर का उद्घाटन बीएसएल के प्रमुख ;हेडद्ध सह ईडी ;संकार्यद्ध बी के तिवारी व ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसाद द्वारा किया गया। मौके पर सीजीएम हरि मोहन झाए राकेश कुमार तथा जीएम प्रभारी नीना सिंह के साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। अभी तक प्लांट में 40 वाटर कूलर विभिन विभागोँ में स्थापित कर दिए गए हैं। जून में और 50 वाटर कूलर का वितरण किया जायेगा।

## रिक्रियेशन सेंटर का जनवृत 3 में शुभारंभ



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर.3 स्थित सामुदायिक भवन के स्टील क्लब एवं रिक्रियेशन सेंटर के नये रूप का शुभारम्भ सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने ईडी सुरेश रंगानीए अमिताभ श्रीवास्तवए जयदीप दासगुप्ताए राजन प्रसादए सीजीएम बीएस पोपलीए हरि मोहन झा तथा अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस क्लब एवं रिक्रियेशन सेंटर में 9 बड़े कमरेए तीन छोटे कमरेए एक हॉलए दो बास्केटबाल कोर्टए दो बैडमिंटन कोर्ट और एक स्विमिंग पूल की सुविधा बोकारो स्टील के कर्मियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इस परिसर की सभी सुविधाओं को अपग्रेड किया जा रहा है और नए लुक के साथ यह सेंटर कर्मियों के लिए उपलब्ध कराया जायेगा।

# भूमिगत खादान से ही कंपनी का विकास संभव : रामधारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** संघ कार्यालय विश्वकर्मा भवन के त्रैयंवक राब जुमडे सभागार में ध.को.क.संघ की क्षेत्रीय बोर्ड सदस्य सलाहकार समिति, कल्याण समिति एवं सुरक्षा समिति सदस्यों की बैठक संघ के अध्यक्ष उमेश सिंह की अध्यक्षता एवं संचालन संघ के महामंत्री रामधारी ने की।बैठक का शुभारंभ भगवान विशवकर्मा, ठेंगडीज़ी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी मंचस्थ पदाधिकारियों का परिचय, श्रमिक गीत के साथ आरंभ हुई।बैठक में विशेष रूप से जेबीसीसीआई सदस्य कोल इण्डिया, एबीकेएमएस के उपाध्यक्ष सह आईआर इंचार्ज बीसीसीएल एवं कार्यसमिति सदस्य ध.को.क.संघ के समस्त पदाधिकारी-प्रभारी के साथ-साथ बीसीसीएल स्तरीय सलाहकार-कल्याण-सुरक्षा समिति सदस्यों की उपस्थिती हुई। संघ के महामंत्री सह सुरक्षा समिति सदस्य कोल इण्डिया रामधारी ने बैठक को संवोधित करते हुये कहा कि आज की बर्तमान परिपेक्ष्य में कोल प्रवंधन का एक तरफा निर्णय नहीं चलेगी, बी.सी.सी.एल. उत्पादन एवं उत्पादक्ता के आधार पर कोल इण्डिया में अपनी पहचान बनाये हुये है। जमींन के आभाव में ओ.सी.पी.खादानें बन्द होते जा रही है जबकि भुमिगत बन्द खदानों में कोकिंग कोल का भण्डार है।

# रागिनी सिंह ने विद्यार्थियों को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के द्वारा आयोजित दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में बनियाहीर हनुमान मंदिर के समीप एक निजी कोचिंग संस्थान के छात्र- छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। हर साल की तरह बेहतर रिजल्ट देने की परंपरा को जारी रखते हुए कोचिंग संस्थान के सभी विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य और विज्ञान तथा मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी संस्थान के इंटर आर्ट्स की छात्रा रिया कुमारी 7 वां और सिमरन कुमारी 8 वे स्थान पर रही। मैट्रिक मे निखिल, सिंह राजीव पासवान, नीति कुमारी, संध्या कुमारी और अपराजिता कुमारी टॉपर रही। विज्ञान में आकांक्षा कुमारी , गुड़िया कुमारी , संध्या कुमारी, संध्या कुमारी, प्रिंस विश्वकर्मा, अफरीदी खान, सुमित साव, जेवा अख्तर, सुमित साव, जेवा अख्तर, सुमित सिंह टॉपर रहे। इसी खुशी में संस्थान द्वारा लोगो के बीच मिठाई बांटे और आतिशबाजी की। वही इस दौरान मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह बच्चो के आग्रह पर कोचिंग संस्थान पहुंची एवं सभी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमती सिंह ने कहा कि आप लोगो को जब भी मेरी आवश्यकता पड़ेगी मैं आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगी।

# बालू घाट के उद्घाटन का ग्रामीणों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** बरमुडी बालू घाट का उद्घाटन ग्रामीणों के हो हंगामा के कारण आज शुक्रवार को भी नहीं हो सका। वही एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र कालीपहाड़ी पूरब पंचायत क्षेत्र के बरमुडी बालू घाट का उद्घाटन आज शुक्रवार को भी नहीं हो सका। आज शुक्रवार की सुबह कालीपहाड़ी पूरब पंचायत के मुखिया अजय मुर्मू के द्वारा उद्घाटन होना था। लेकिन उद्घाटन होने से पहले ही ग्रामीणों का हो हंगामा शुरू हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह मुखिया उद्घाटन करने पहुंचे उसका अनुमति प्रदान नहीं है, जब तक सहमति नहीं प्रदान होता है तब तक हम ग्रामीण लोग बालू घाट से बालू उठाव चालू नहीं होने देंगे। वही काफी देर तक ग्रामीणों और मुखिया के बीच हो हंगामा होता रहा लेकिन ग्रामीण नहीं माने। वही सभी ने यह निर्णय लिया कि शाम के समय बैठक कर आपस में एक समन्वय बनाकर बालू घाट का उद्घाटन किया जाएगा। वही मौके मुखिया अजय मुर्मू, मुखिया तनवीर आलम सहित अन्य मौजूद थे।

# बोकारो : बीजीएच में तंबाकू नियंत्रण पर कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीजीएच में सीएमओ डॉ बी बी करुणामय के मार्गदर्शन व एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार की अध्यक्षता में एक सीएमई का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित झारखंड सरकार की ओर से तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉण सेलिना टुड्डू ने झारखंड सरकार द्वारा तंबाकू के उपयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न परियोजनाओं के बारे में बताया । एसीएमओ डॉ अनिल कुमार अग्रवाल ने धूम्रपान के खतरों पर प्रकाश डाला तो सीनियर कंसल्टेंट डॉ मधुमिता श्रीवास्तव ने धुंआ रहित तंबाकू से होने वाले मुंह के कैंसर और मुंह के कैंसर की जल्द जांच के महत्व के बारे में बताया।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

**समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में कबड्डी खिलाड़ी रूपा कुमारी ने ब्रह्मर्षि कबड्डी संघ के सचिव अंगद सिंह के खिलाफ उपायुक्त से शिकायत की। रूपा कुमारी ने बताया कि वह एक नेशनल खिलाड़ी है और उनके साथ बार-बार नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने ब्रह्मर्षि के सचिव अंगद सिंह पर बार बार नेशनल से नाम काटने का आरोप लगाया है। उपायुक्त ने इस मामले को खेल पदाधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान तेलीपाड़ा से आए कैलाश मोदक ने सरकारी चापानल निर्माण से संबंधित उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि पिछले तीन-चार महीनों से सप्लाई का पानी नहीं मिल रहा है और उनके घर के आसपास कोई सरकारी चापानल भी नहीं है, जिस कारण पानी कि काफी समस्या हो रही है। उन्होंने उपायुक्त से सरकारी चापाकल का निर्माण कर समस्या के समाधान कराने की मांग की। इस मामले को उपायुक्त ने नगर निगम को हस्तांतरित कर निष्पादन हेतु निर्देशित किया। तोपचांची थाना क्षेत्र के चितरपुर पंचायत से आए खिरु रविदास ने इलाज कराने हेतु सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि वह कैंसर रोग की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और वह अपना इलाज कराने में असमर्थ हैं।

### शिक्षा, जमीन विवाद के मामले आये

जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

## बैडमिंटन के फलक पर दस्तक दे रही यूपी की एक और खिलाड़ी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तनीषा को बैडमिंटन विरासत में अपने चाचा से मिला है। उनके प्रोत्साहन पर तनीषा के साथ उनके भाई व बहन ने भी प्रैक्टिस शुरू की थी और आज तनीषा बैडमिंटन के क्षितिज पर चमकने को तैयार है। प्रदेश की मेजबानी में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेंस उत्तर प्रदेश 2022 में महिला बैडमिंटन में एडमस यूनिवर्सिटी की टीम से खेल रही तनीषा ने आज तीसरे स्थान के मुकाबले में अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

## खिलाड़ियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर छलका पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद का दर्द

**झांसी।** हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने खिलाड़ियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि यह जो कुछ हो रहा है, उससे खिलाड़ियों के सम्मान के साथ-साथ देश के सम्मान को भी ठेस लग रही है। दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछले तीन महीनों से प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार पर हॉकी के जादूगर कहलाने वाले मेजर ध्यानचंद के बेटे और अपने शानदार खेल के बल पर हॉकी विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे अशोक ध्यानचंद ने आज ह्यूनीवार्ता से खास बातचीत में कहा कि यह स्थिति न तो खिलाड़ियों और न ही देश, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। इसको शायद हम नहीं समझ पा रहे हैं।

## भारत आइसीसी राजस्व के 38% का हकदार : रिचर्ड

**दुबई।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूड का मानना है कि विश्व क्रिकेट के विकास और राजस्व के सृजन में भारत का बड़ा योगदान है और वह 2024 से 2027 के बीच आइसीसी के प्रस्तावित वित्तीय मॉडल के तहत 230 मिलियन डॉलर सालाना पाने का हकदार है। नये प्रस्तावित मॉडल के तहत भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 600 मिलियन डॉलर राजस्व में से 38 .5 प्रतिशत मिल सकता है जबकि इसीबी को 41 .33 मिलियन और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 37 .53 मिलियन डॉलर मिलेगा। पीसीबी को 34 .51 मिलियन (5 .75 प्रतिशत) मिलेगा जबकि बाकी की रकम शेष पूर्णकालिक सदस्यों में बांट दी जायेगी। कुल 12 पूर्णकालिक सदस्यों को 532 .84 मिलियन (88 .81 प्रतिशत) और बाकी को 67 .16 मिलियन डॉलर (11 .19 प्रतिशत) मिलेगा। आइसीसी से अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलनी बाकी है । इस मॉडल की यह कहकर आलोचना हो रही है कि इससे वित्तीय असमानता बढेगी। गूड ने हालांकि इसका समर्थन करते हुए कहा, राजस्व के सृजन और खेल को आगे ले जाने में भारत की भूमिका को देखे तो यह सही है। एक अरब और 40 करोड़ लोग, एक खेल, दस (आईपीएल) टीमें, एक अंतरराष्ट्रीय टीम। उन्होंने कहा, इसके अलावा मुझे विश्व क्रिकेट को आगे ले जाने में मदद का रवैया बहुत पसंद है। भारत इतने अंतरराष्ट्रीय मैच खेलता है और ऐसा इसलिये क्योंकि उसे पता है कि उसके दौरे से दर्शकों की रूचि बढती है और घरेलू बोर्ड का राजस्व भी। भारत नहीं होगा तो खेल में इतना राजस्व भी नहीं आयेगा।

## खेल मंत्रालय ने ओलंपियन के उपकरणों की मरम्मत का प्रस्ताव स्वीकार किया

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने ओलंपियन निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान और तीरंदाज प्रवीण जाधव का उपकरणों की मरम्मत और नवीनीकरण का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इलावेनिल जर्मनी की वाल्थर फैक्ट्री में यह काम करायेगी जबकि प्रवीण तीरंदाजी के उपकरणों का दूसरा सेट खरीदेंगे क्योंकि टूनार्मेंट के दौरान उपकरणों में खराबी आने पर सर्विसिंग के लिये समय नहीं होता। मिशन ओलंपिक सेल ने राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला को नाइजीरिया के लागोस में इस महीने होने वाले डब्ल्यूटीटी टूनार्मेंट में भागीदारी के लिये वित्तीय सहायता भी मंजूर कर दी। टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के तहत उनके हवाई टिकट, खाने, रहने, स्थानीय यातायात, वीसा और बीमे की फीस का खर्च वहन किया जायेगा।

# भारत चौथी बार बना जूनियर एशिया चैंपियन






**एजेंसी**

**सलालाह (ओमान)।** भारत ने एशियाई हॉकी में एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम करते हुए शुक्रवार को लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 जीत लिया। भारत ने यहां खेले गये फाइनल में चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब हासिल किया। अंगद बीर सिंह ने 13वें मिनट में गोल करके भारत का खाता खोला, जबकि अरिजीत सिंह हुंदल ने 20वें मिनट में भारत की बढ़त दोगुनी की। अली बशारत ने 38वें मिनट में गोल करके पाकिस्तान को वापस लाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद पाकिस्तानी टीम एक बार भी गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सकी। भारत ने कुल चौथी बार और लगातार दूसरी बार जूनियर हॉकी पुरुष एशिया कप जीता है। इससे पहले 2015 में भी भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया का ताज अपने सिर सजाया था। पाकिस्तान को एक बार फिर परास्त करने उतरे भारतीय युवाओं ने मुकाबले की जोरदार शुरूआत की, हालांकि स्कोरशीट पर खाता खोलने के लिये उसे कुछ देर इंतजार करना पड़ा। भारतीय टीम पहले और छठे मिनट में मिली पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सके। दोनों ही मौकों पर पाकिस्तानी गोलकीपर ने शानदार रक्षण किया। मैच के 12वें मिनट में चिरमाको का एक शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया, लेकिन कुछ देर बाद अंगद ने हुंदल के शॉट को दिशा दिखाते हुए गोल में पहुंचाकर पहला क्वार्टर समाप्त होने से पहले भारत को बढ़त दिला दी। पहले क्वार्टर में पिछड़ने के बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की नीति अपनाई, हालांकि भारत के मुस्तैद रक्षण ने उसे सफलता हासिल नहीं करने दी। इसके बजाय दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में हुंदल ने पाकिस्तानी सर्किल को भेदकर भारत का दूसरा गोल कर दिया। हाफ टाइम से पहले दोनों टीमों को एक-एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन कोई भी स्कोरबोर्ड में बदलाव नहीं ला सका। तीसरे क्वार्टर में बढ़ते हुए पाकिस्तान को गोल की सख्त जरूरत थी जो उसे अली बशारत ने दिलाया। भारतीय सर्किल में खड़े बशारत ने शाहिद अब्दुल के पास को गोलपोस्ट में धकेलकर स्कोर 1-2 कर दिया। पाकिस्तानी डिफेंडर मोहम्मद ने तीसरा क्वार्टर समाप्त होने से पहले तीन भारतीय खिलाड़ियों के विरुद्ध शानदार रक्षण करते हुए भारत को मुकाबले में अत्यधिक आगे नहीं निकलने दिया। पाकिस्तान ने अंतिम क्वार्टर में बराबरी के गोल की पुरजोर तलाश की, हालांकि भारतीय डिफेंस उसके लिये अभेद्य साबित हुआ। पाकिस्तानी युवा 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल सकते थे लेकिन शशिकुमार ने बेहतरीन प्रयास करते हुए उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। मैच के 54वें मिनट में भी पाकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिला और शशिकुमार एक बार फिर अभेद्य दीवार बनकर खड़े हो गये। अंततः 60वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल न करने के बावजूद भारत ने यह मुकाबला 2-1 से जीत लिया।

## भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य ने थाईलैंड ओपन सेमीफाइनल में किया प्रवेश




**बैंकॉक।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां पुरुष एकल में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्मोड़ा के 21 साल के खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के क्वालीफायर को 21-19, 21-11 से हराया। इस जीत से वह इस सत्र में पहली बार अंतिम चार में पहुंचे। वह इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टरफाइनल में हार गये थे। अब सेमीफाइनल में सेन का सामना चीन के पांचवें वरीय लु गुआंग जु और थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं एक अन्य पुरुष एकल मैच में किरण जॉर्ज का सफर फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से 16-21, 17-21 से हारकर समाप्त हो गया।

# फाइनल मुकाबले के लिए आखिरी बैच पहुंचा इंग्लैंड, पूरा हुआ टीम इंडिया का स्क्वॉड



**एजेंसी**

**लंदन।** आइपीएल 2023 के समाप्त होने के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारीयों में जूटी हुई है। आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स को जीत हासिल करवाने में स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का अहम रोल था और गुजरात टाइटंस को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचाने में शुभमन गिल ने बढ़ी भूमिका निभाई। गिल इस सीजन में सबसे अधिक रन बनाने वाले और ऑरेंज कैप हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी घाषित है। भारतीय टीम के यह दोनों स्टार खिलाड़ी अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए इंग्लैंड पहुंच गए हैं जो कि 7 जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला जाना है। आपको बता दें की जडेजा और गिल के अलावा सीएसके के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव भी टीम इंडिया की स्कवाड से जिड़ गए है। जिसकी तस्वीरें बीसीसीआइ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में यह चारों खिलाड़ी भारतीय टीम की नई ट्रेनिंग किट में नजर आ रहे हैं।

### भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ऑस्ट्रेलिया के लिये अब तक एक पहेली

**लंदन।** आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के सात जून को होने वाले बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबले की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है मगर ऑस्ट्रेलिया के लिये भारत का गेंदबाजी आक्रमण अभी भी रहस्य बना हुआ है। कंगारू बल्लेबाज भारत के स्टार आलराउंडर रवींद्र जडेजा का सामना करने की तैयारी कर रहा है मगर हाल ही बॉर्डर गावस्कर ट्राफी में 25 विकेट चटकाने वाले अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अंतिम एकादश में शामिल होने को लेकर संशय बना हुआ है। उधर, ऑस्ट्रेलियाई टीम सात जून की रोमांचक भिड़ंत से पहले भारत की तुलना में अधिक व्यवस्थित नजर आ रही है।

# इंग्लैंड की बार्मी आर्मी ने स्मिथ को किया ट्रोल



**एजेंसी**

**लंदन।** इंग्लैंड की आधिकारिक फैन आर्मी 'बार्मी आर्मी' ने ऑस्ट्रेलिया के स्टार स्टीव स्मिथ को उनके 34वें जन्मदिन पर शुक्रवार 2 जून को ट्रोल किया। स्मिथ इस समय इंग्लैंड में हैं क्योंकि वह 7 जून को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का सामना करने के लिए तैयार हैं और फिर 16 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड का सामना करेंगे। बार्मी आर्मी ने स्मिथ को जन्मदिन की मुबारकबाद देते हुए ट्वीट किया, जन्मदिन मुबारक हो स्टीव स्मिथ, जल्द ही मिलते हैं। तस्वीर सिडनी हवाई अड्डे पर स्टीव स्मिथ की प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जहां ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान की आंखों में आंसू थे और उन्होंने 2018 में गेंद से छेड़छाड़ कांड की पूरी जिम्मेदारी ली थी। स्मिथ और डेविड वार्नर को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा एक-एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था जबकि कैमरन बैनक्रॉफ्ट को 9 महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया था। स्मिथ के लिए बार्मी आर्मी के जन्मदिन की पोस्ट से प्रशंसक प्रभावित नहीं हुए और उन्होंने इंग्लैंड की प्रशंसक सेना की खिंचाई की। स्टीव स्मिथ ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ कांड में शामिल होने के लिए एक साल के लिए प्रतिबंधित किए जाने के बाद खेल के सबसे लंबे प्रारूप में शानदार वापसी की। एशेज 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ 110.54 की औसत से स्मिथ के कुल 774 रन को एक श्रृंखला में अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी प्रदर्शन के रूप में सराहा गया। 2019 एशेज श्रृंखला में स्मिथ के ऐतिहासिक कारनामे खेल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला बल्लेबाजी प्रदर्शन में शामिल हैं। वह सात में से एक महज पारी में असफल रहे। जरूरत पड़ने पर रन बनाए गए और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज ड्रॉ कराने में मदद की। दो टेस्ट में, उन्होंने प्रत्येक पारी में बड़ा प्रदर्शन किया और अन्य दो मैचों में शानदार अर्धशतक बनाए। बार्मी आर्मी को इंग्लैंड में स्मिथ के असाधारण बल्लेबाजी रिकॉर्ड से सावधान रहना चाहिए।

## सीजन के अंत में पीएसजी छोड़ देंगे मेसी




**पेरिस।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी सत्र के अंत में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) छोड़ देंगे। मेसी ने क्लब में दो साल बिताए हैं। क्लब के प्रबंधक क्रिस्टोफ गाल्टियर ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी। गाल्टियर ने घोषणा की कि शनिवार को क्लेरमोंट के खिलाफ पीएसजी का सीजन का अंतिम लीग 1 मैच क्लब के लिए मेसी का आखिरी मैच होगा। गाल्टियर ने कहा, मुझे फुटबॉल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को प्रशिक्षित करने का सौभाग्य मिला, यह पार्स डेस प्रिंसेस में उनका आखिरी मैच होगा और मुझे उम्मीद है कि उनका गर्मजोशी से स्वागत होगा। पीएसजी ने अगस्त 2021 में चैंपियंस लीग जीतने की महत्वाकांक्षा के साथ मेसी को टीम में शामिल किया था, लेकिन बावजूद इसके क्लब प्रतियोगिता में मनहूसियत को तोड़ नहीं सका। मेसी का मध्य पूर्वी देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सऊदी अरब के साथ एक वाणिज्यिक अनुबंध है। जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि मेसी सऊदी अरब जा सकते हैं, इसके अलावा उनके बार्सिलोना में वापसी की भी बात हुई है, जहां उन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय बिताया। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि मेजर लीग सॉकर में खेलने के लिए मेसी संयुक्त राज्य अमेरिका जा सकते हैं।

## मुंगेर में होटल से मिला डीलर का शव

**मुंगेर।** मुंगेर में कोतवाली थाना क्षेत्र से महज 100 मीटर की दूरी पर एक होटल के एक कमरे में 55 वर्षीय वयस्क का शव मिला है। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस होटल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक व्यक्ति का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों तो सौंप दिया गया। मृतक की पहचान लखीसराय जिला के अंतर्गत अभयपुर पिरी बाजार थाना क्षेत्र के महाटोला निवासी बैशो दास का 55 वर्षीय बेटा डीलर सुनील कुमार दास के रूप मे हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद पुलिस ने होटल मैनेजर से पूछताछ करने के बाद आगे की जांच के लिए जिस कमरे में डीलर की मौत हुई है। उस कमरे को पुलिस ने अब ताला मार दिया है।

## बेतिया में भाजपा नगरध्यक्ष अमित कुमार अरेस्ट

**बेतिया।** बेतिया में भाजपा के चनपटिया नगर अध्यक्ष अमित कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसपर यूट्यूबर मनीष कश्यप एवं एमजेके कॉलेज के पूर्व छात्र अध्यक्ष रोहित मिश्रा के साथ मिलकर राजकुमार शुक्ल इंटर कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य अरविंद कुमार के आवास पर तोड़फोड़, मारपीट करने, सड़क जाम करने, ईट पत्थर से पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप है। मामला 2019 का है। इसमें वह फरार चल रहा था। अमित से नगर थाने में पूछताछ की जा रही है। अमित की गिरफ्तारी गुरुवार की रात उसके घर चनपटिया के भगवती नगर वार्ड नम्बर छह से की गई। अमित की मां सुनीता देवी नगर पंचायत चनपटिया के वार्ड छह की पार्षद है।

## घर से उठाकर नाबालिग से गैंगरेप, जहर पिलाया

**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली में 17 साल की लड़की से गैंगरेप हुआ है। 5 आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है। हैवानियत के बाद आरोपियों ने लड़की को जान से मारने की भी कोशिश की। उसे जहर पिलाया गया। मामला बलीगांव थाना क्षेत्र का है। गुरुवार देर रात 11 बजे लड़की के साथ गैंगरेप हुआ है। नाबालिग को महुआ रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल से उसे पटना रेफर कर दिया गया है। वैशाली पुलिस ने बताया कि मामले में एफआइईर दर्ज कर 4 लोगों को अरेस्ट किया गया है। तीन आरोपी नाबालिग हैं। इनमें दो की उम्र 16 साल, एक की 17 साल है। एक आरोपी नीरज कुमार 24 साल का है।

## चाचा की छेड़खानी से परेशान छात्रा ने दी जान

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक नाबालिग(17) ने अपने चाचा की छेड़खानी से तंग आकर जान दे दी। आरोपी सूरज (22) उसे आते-जाते तंग करता था। पीड़िता ने पढ़ाई छूट जाने के डर से परिवार वालों से ये बात छिपाई थी। तीन दिन पहले वो जबरन उसे लेकर फरार भी हुआ था। जिसके बाद उसने गुरुवार की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# 15 जून को खुलेंगा दरभंगा तारामंडल: 2डी और 3डी के लिए लगेंगे अलग-अलग टिकट, ऑनलाइन होगी बुकिंग



**एजेंसी**

**दरभंगा।** दरभंगा का तारामंडल 15 जून से आम लोगों के लिए खुल जायेगा। तारामंडल और विज्ञान संग्रहालय में 2डी और 3डी के लिए अलग-अलग प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। टिकट मुख्य तौर पर ऑनलाइन बुक किए जा सकेंगे। 6 से 14 वर्ष की उम्र तक के बच्चों के लिए 2डी में 20 रुपए और 3डी में 30 रुपए प्रति टिकट, 15 वर्ष से ऊपर के दर्शकों के लिए 2डी में 50 रुपए और 3डी में 70 रुपए प्रति टिकट रखा गया है। 20 स्कूली छात्र-छात्राओं के समूह के लिए 2डी में 10 रुपए प्रति छात्र-छात्रा और 3डी में 20 रुपए प्रति छात्र-छात्रा शुल्क है।

### बुकिंग के लिए ऑप्शन

स्कूल और अन्य संस्थानों द्वारा 150 सीट वाले ब्लॉक बुकिंग के लिए 2डी में 10 रुपए प्रति छात्र, 3डी में 20 रुपए प्रति छात्र शुल्क है। विदेशी पर्यटक और उनके साथ 3 वर्ष से अधिक के बच्चों के लिए 2डी में 100 रुपए प्रति व्यक्ति और 3डी में 200 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारित किया गया है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक 300 सीट के सभागार आरक्षण के लिए 30,000 रुपये और जीएसटी अतिरिक्त देना होगा। इसके साथ पांच हजार रुपये सुरक्षित राशि जमा करानी होगी। विज्ञान और प्रावैधिकी विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा ने तारामंडल और विज्ञान संग्रहालय का निरीक्षण किया है। उनके साथ दरभंगा महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप तिवारी भी थे। निरीक्षण के बाद समीक्षा बैठक कर विभिन्न समस्याओं के निदान करने और 15 जून से तारामंडल का संचालन करने का निर्णय लिया गया है।

### ऑनलाइन बुकिंग होगी

उदयन मिश्रा ने कहा कि 15 जून से आम लोगों के लिए तारामंडल को संचालित किया जाना प्रस्तावित है, जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार इलेक्ट्रानिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, लोक मीडिया, सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्य, पम्पलेट और सोशल मीडिया के माध्यम से कराएं। ताकि लोगों को इस तिथि से तारामंडल के खुलने की जानकारी प्राप्त हो सके। तारामंडल में आम लोगों को शो देखने के लिए ऑनलाइन (विशेष परिस्थिति में ऑफलाइन) माध्यम से टिकट बुकिंग का प्रावधान होगा। साथ ही उन्होंने दरभंगा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए स्पेशल शो दिखाने का आदेश दिया। निर्देश दिया गया है कि तारामंडल भवन का जल्द से जल्द हस्तांतरण कर लिया जाए।

## नालंदा में दिखा हाथी, ग्रामीणों में भय का माहौल

**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार को सरमेरा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में एक जंगली हाथी देखा गया। हाथी बिना किसी को नुकसान पहुंचाए पटना जिला के मोकामा टाल क्षेत्र की ओर निकल पड़ा। अचानक ग्रामीणों की नजर खेत में घूम रहे एक हाथी पर पड़ी, इसके बाद यह बात पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। हालांकि यह हाथी कहां से आया था इस बात का पता अभी तक पता नहीं चल सका है। वहीं हाथी दिखे जाने से इलाके में भय का माहौल बना हुआ है। दोपहर में आखिरी बार हाथी सरमेरा गांव के खलिहान में देखा गया था। इसके बाद पटना क्षेत्र में हाथी निकल पड़ा। राजीव कुमार ने बताया कि क्षेत्र में हाथी देखे जाने की जानकारी मिलने के उपरांत इस बात की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। वहीं ग्रामीणों से अपील की गई है कि उन्हें दोबारा जब भी हाथी दिखे तो इस बात की तत्काल सूचना उन्हें, स्थानीय थाना, या वन विभाग को दे ताकि हाथी को रेस्क्यू कर जंगल ले जाया जा सके।

## बगहा में महंगाई की बात पर भड़की पूर्व डिप्टी सीएम

**बगहा (वाल्मिकीनगर)।** महंगाई के मुद्दे पर पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी भड़क गईं और कहा कि लोगों की सैलरी और आमदनी बढ़ी है। झोपड़ी के आगे भी बाइक है, जिसके घर बाइक है वो गरीब नहीं है। सिर्फ बिहार में ही गरीबी दिखाई दे रही है। देश में तो ऐसी स्थिति नहीं है। महंगाई ऊपर-नीचे होते रहता है। सरसों का तेल 112 से 120 रुपए प्रति लीटर है। हर आदमी खुशहाल है, अच्छा काम कर रहा है। जब हमारा उत्पादन बढ़ेगा तो दाम गिरेगा और कम होगा तो दाम बढ़ेगा। आज हम चीन-पाकिस्तान को परास्त कर रहे हैं। देश की सुरक्षा के लिए थोड़ा बोझ पड़ता भी है तो हमें कुछ नहीं कहना चाहिए। देश के आगे महंगाई का मुद्दा कुछ नहीं है। ये बातें उन्होंने तब कही जब मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर महा-जनसंपर्क अभियान की शुरूआत बगहा में शुक्रवार को हुई, जहां उन्होंने मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को भी बताया।

## पेज एक का शेष

### पीएलएफआइ के चार ...

चंदन जायसवाल से प्रदीप गोप (भूमाफिया) का लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। प्रदीप गोप ने दिनेश गोप से संपर्क किया था। उसने ही प्रशांत को एरिया कमांडर बनाने की पैरवी की और उसके बाद सुप्रीमो ने प्रशांत को एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी थी। पीएलएफआइ के खिलाफ कार्रवाई से खूंटी में आतंक का पर्याय रहे संगठन का वजूद धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। दिनेश गोप की गिरफ्तारी से कुछ दिन पहले ही जिला पुलिस ने रनिया क्षेत्र से पीएलएफआइ के सब जोनल कमांडर और सुप्रीमो के खास सहयोगी रहे इनामी सुखराम गुड़िया को एके 47 राइफल के साथ गिरफ्तार कर लिया था। उसकी निशानदेही पर चाईबासा के गुदड़ी और बंदगांव थाना क्षेत्र के जंगली इलाकों से सुप्रीमो का निजी हथियार ऑटोमेटिक जर्मन राइफल एचके 33 सहित अन्य राइफल व हथियार, सैकड़ों गोलियां, दूरबीन सहित कई सामान बरामद किये गये थे। 21 मई को दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद से पुलिस को पीएलएफआइ के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस ने संगठन का एक एके 56 राइफल, हजारों गोलियां, अन्य हथियार, विस्फोटक पदार्थ के अलावा दिनेश गोप की जीप को भी जमीन खोदकर बरामद कर लिया है।

### सर्वजात खाप पंचायत...

अब पहलवान खिलाड़ियों के इस आंदोलन में 1983 की क्रिकेट वर्ल्ड कप की टीम के खिलाड़ी भी समर्थन करने लगे हैं।1983 वर्ल्ड कप क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मदनलाल ने कहा कि सरकार को जल्दी इस समस्या का हल निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों में मेडल जीतना कोई आसान काम नहीं, इन खिलाड़ियों ने मैडम जीतकर देश का मान बढ़ाया है। इसलिए सरकार को जल्द ही इस पर संज्ञान लेते हुए खिलाड़ियों को न्याय दिलाना चाहिए।

# झारखंड और बिहार के बीच जल्द चलेगी वंदे भारत

## जून अंत तक देश के सभी राज्यों में दौड़ेगी ट्रेन : वैष्णव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इसी जून के महीने में देश के सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन से कवर कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड को भी जल्द ही वंदे भारत ट्रेन मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दुनिया के केवल आठ देशों के पास वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन को बनाने की क्षमता है। नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ साल पूरे होने पर रेल मंत्रालय की उपलब्धियों को गिनवाते हुए अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि साल 2014 के बाद भारत में बड़ा बदलाव आया है। खासकर रेलवे सेक्टर पहले से कहीं ज्यादा बदल



रहा है। आज रेलवे की व्यवस्था यात्रियों के लिए ज्यादा सुविधाजनक है, ट्रेनों में विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक विश्वस्तरीय ट्रेन बन चुकी है। 160-180 किमी प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ने वाली ऐसी ट्रेन के बारे में कभी सोचा भी नहीं गया था। उस गति पर ट्रेन को डिजाइन किया गया है। दुनिया के केवल आठ देशों के पास ऐसी ट्रेन को डिजायन और बनाने की क्षमता है। वैष्णव ने कहा कि अभी जून के महीने में देश के सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन से कवर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले नॉर्थ-ईस्ट तक सरकारी योजनाएं सबसे अंत में मिलती थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काल में इस सोच में बदलाव आया है। नॉर्थ-ईस्ट को भी देश के साथ ही वंदे भारत की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि रेलवे अगले साल के मध्य तक देश के 200 शहरों को कवर करने के लक्ष्य पर काम कर रही है। कई देशों की ट्रेनों के मुकाबले वंदे भारत ट्रेन को अधिक आरामदायक बताते हुए उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वंदे भारत ट्रेन में पानी का गिलास अन्य देशों के मुकाबले कम हिलता है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले, कुल 21,000 किलोमीटर रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण किया गया था, जबकि पिछले 9 वर्षों में यह संख्या 37,000 किलोमीटर तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि आज करीब 800 करोड़ लोग सालाना ट्रेन से यात्रा करते हैं, 250 करोड़ लोग सड़क से यात्रा करते हैं और 30 करोड़ लोग हवाई यात्रा करते हैं। साल 2014 में औसतन 4 किमी. प्रतिदिन रेलवे ट्रैक लगाए जा रहे थे जबकि आज औसतन 14 किमी. प्रतिदिन रेलवे ट्रैक लगाए जा रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में जिस तरह से रेलवे के हर क्षेत्र में रिफॉर्म किया गया है, उसका परिणाम दिखाई दे रहा है। वैष्णव ने कहा कि टेलिकॉम टेक्नॉलजी के लिए भारत हमेशा दुनिया पर निर्भर करता था लेकिन आज ह्यमेड इन इंडियाह्ण के कारण दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में भारत की तकनीक का निर्यात हो रहा है।

### विश्व की सबसे सस्ती सेमीकंडक्टर चिप बनाएगा भारत

देश में सेमीकंडक्टर चिप्स बनाने का पूरा ईकोसिस्टम इस तरीके से तैयार हो रहा है जिससे अगले कुछ दशकों तक भारत पूरे विश्व में सबसे सस्ते सेमीकंडक्टर चिप्स का सबसे प्रमुख आपूर्तिकर्ता होगा। संचार, इलैक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने मंत्रालयों के कामकाज की जानकारी देते हुए पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह बात कही। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत ने मोबाइल एवं अन्य डिजीटल उत्पादों के निर्यात में 105 अरब डॉलर के स्तर को पार कर लिया है। देश में सेमीकंडक्टर चिप्स उद्योग से जुड़े दो संशोधन होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर चिप्स उद्योग से जुड़ा पूरा ईको सिस्टम तैयार किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर निर्माण में काम आने वाले 250 से अधिक बहुत संवेदनशील रसायन, फैब, अत्यंत शुद्ध तत्व आदि के विनिर्माण और प्लाज़्मा बनाने के लिए सामान्य लेजर से अधिक पतली नैनो लेजर बीम आदि के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से यह ईकोसिस्टम तैयार हो रहा है। वास्तव में सेमीकंडक्टर निर्माण की योजना 20 साल की है। यह उद्योग 650 अरब डॉलर का है जो वर्ष 2030 तक दोगुना होने की संभावना है।

## कोल इंडिया के शेयर बिक्री से सरकार को मिलेंगे 4,000 करोड़

**नयी दिल्ली।** कोल इंडिया के शेयरों की बिक्री को खुदरा और संस्थागत दोनों निवेशकों से भरपूर समर्थन मिला है और सरकार को इससे 4,000 करोड़ रुपये से अधिक मिलने की उम्मीद है। दो दिन की इस बिक्री पेशकश में सरकार ने कोल इंडिया में अपने 18.48 करोड़ शेयर यानी तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 225 रुपये के न्यूनतम मूल्य पर बेची। न्यूनतम मूल्य पर हिस्सेदारी बेचने से सरकारी खजाने में 4,000 करोड़ रुपये आएंगे। खुदरा निवेशकों ने शुक्रवार को कोल इंडिया के 2.58 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई। इस दौरान संस्थागत बोलीदाताओं ने 5.12 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई। संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को कोल इंडिया के 28.76 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई थी। इस ओएफएस के साथ चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के किसी उपक्रम में सरकार ने पहली हिस्सेदारी बेची है।

स्पीड न्यूज

### राहुल गांधी बोले-मुस्लिम लीग धर्मनिरपेक्ष पार्टी



**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में मुस्लिम लीग को धर्मनिरपेक्ष पार्टी करार दिया है। अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत में विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत की। पत्रकारों ने उनसे कांग्रेस के केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग से गठबंधन पर सवाल किए। इस पर राहुल ने कहा कि मुस्लिम लीग पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। मुस्लिम लीग के बारे में कुछ भी गैर-धर्मनिरपेक्ष नहीं है।
एक अन्य सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि भारत में विपक्ष बहुत अच्छी तरह से एकजुट है और निचले स्तर पर भी बहुत अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक छिपी हुई अंतर्निहित निर्माण प्रक्रिया चल रही है और यह अगले आम चुनाव में लोगों को आश्चर्यचकित करेगी। ।राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस अगले दो वर्षों में बहुत अच्छा करेगी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम की ओर इशारा करते हुए गांधी ने कहा, अगले तीन या चार राज्यों के चुनाव का इंतजार करें और देखें।

### सिसोदिया को बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में आरोपी पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शनिवार को अपने आवास पर अपनी अस्वस्थ पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने शुक्रवार को तिहाड़ जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि आप नेता सिसोदिया को उनके आवास पर ले जाया जाए जहां उन्हें सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति होगी।

### हिमाचल में पहाड़ी से टकराई बस, 56 घायल

**शिमला।** जिले के रोहड़ू इलाके में शुक्रवार को हिमाचल रोडवेज की एक बस के पहाड़ी से टकरा जाने से कम से कम 56 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना बरशील इलाके में हुई जब बस तिंजानू से चिरगांव जा रही थी। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ब्रेक फेल होने के कारण दुर्घटना हुई।

### पाकिस्तान के प्रसिद्ध वकील का अपहरण

**कराची।** पाकिस्तान के मशहूर वकील जिब्रान नासिर का अपहरण कर लिया गया। पति-पत्नी गुरुवार रात बाजार से खाना खाकर कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में करीब 11 बजे एक सफेद रंग की कार अचानक उनकी गाड़ी के सामने आ गई। कार से हथियारबंद करीब 15 लोग उतरे। फिर इन लोगों ने उनके नासिर को कार से नीचे खींच लिया और साथ ले गए।

# मणिपुर में लोगों ने स्वेच्छा से जमा किये 144 हथियार

**इंफाल (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की शांति की अपील के बाद राज्य में मणिपुर में हथियारों और गोला-बारूद के पुलिस को सौंपने में तेजी आई है। राज्य के कई जिलों में लोगों ने 144 हथियार स्वेच्छा से पुलिस के पास जमा कराये हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी मणिपुर यात्रा के दौरान स्थानीय हथियार रखने वाले लोगों से अपने हथियारों को स्थानीय पुलिस को सौंपने का आग्रह किया गया था। इसके बाद शांति और निरस्त्रीकरण को लेकर लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आ रही है। राज्य के कई जिलों में लोगों ने 144 हथियारों को स्वेच्छा से

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपील के बाद गोला-बारूद सौंपने में आयी तेजी**

पुलिस को सौंप दिया है। सौंपे गए हथियारों में कई अत्याधुनिक हथियार शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मणिपुर में जातीय संघर्ष की वजह से बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। रिपोर्टों के अनुसार झड़पों के दौरान भीड़ ने सरकारी शस्त्रागार से बड़ी संख्या में दो हजार हथियार लूट लिए थे। इसके बाद पुलिस इन हथियारों को बरामद करने के लगातार प्रयास कर रही है, अब तक 605 हथियार बरामद किए जा चुके हैं। बाद में उग्रवादी समूहों, राज्य सरकार और केंद्र के



बीच त्रिपक्षीय समझौते के तहत सहमति बनी थी कि सभी हथियारों को जमा करा दिया जाएगा। दरअसल, वहीं दूसरी ओर इस साल की शुरूआत में राज्य सरकार ने कुछ समझौतों को एकतरफा वापस लेने के बाद स्थिति जटिल हो गई थी।



### अमेरिकी वायुसेना के दीक्षांत समारोह में लड़खड़ा कर मंच पर गिरे बाइडेन

**कोलराडो, । अमेरिकी वायुसेना के दीक्षांत समारोह में यहां अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन लड़खड़ा कर मंच पर गिर गए। मौजूद जवानों ने उन्हें संभाला। बाइडन को कोई चोट नहीं आई है ।यह वाकया उपाधि वितरण कार्यक्रम के दौरान हुआ। अंतिम कैडेट को उपाधि देने के बाद राष्ट्रपति अपनी सीट पर वापस जा रहे थे। बताया गया है कि बाइडन ने भाषण दिया। साथ ही डेढ़ घंटा से अधिक तक उपाधियों का वितरण किया। इसके बाद सीट पर जाते समय यह वाकया हुआ। हालांकि वह अपने हाथ की मदद से खड़े हो गए।**

# आतंकवाद पर नकेल कसने को एकजुट हुए ब्रिक्स देश

**केपटाउन।** पांच देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के समूह ब्रिक्स विदेश मंत्री एकजुट होकर आतंकवाद पर नकेल कसने को तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में हुई ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों ने जब भी, कहीं भी और किसी के द्वारा भी प्रतिबद्ध आतंकवाद की कड़ी निंदा की। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने एकसुर में कहा कि वह आंतकवाद से निपटने के लिए तैयार हैं। बैठक के दौरान पांचों देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ के तहत अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर आतंकवाद से लड़ने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। मंत्रियों ने कहा कि वे आंतकवाद के सभी रूपों से लड़ने को तैयार हैं। मंत्रियों ने आतंकी गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, जो वर्तमान समय में एक गंभीर खतरा पैदा करता है। मंत्रियों ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकारों के सम्मान के आधार पर अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करते हुए आतंकवाद का मुकाबला करने को योगदान देने की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# असम में 39 आदिवासी विद्रोहियों ने डाले हथियार

**गोलाघाट।** आदिवासी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (एपीएलए) के 39 सक्रिय कैडरों ने शुक्रवार को असम राइफल्स और बोकाजान पुलिस स्टेशन के समक्ष अपने हथियार डाल दिए। पुलिस के इन प्रयासों पर कैडरों के परिजनों ने आभार जताया है। दिग्भ्रमित आदिवासी युवाओं को सही दिशा में लाने के लिए इंस्पेक्टर जनरल असम राइफल्स (उत्तर) और पुलिस के तत्वावधान में असम राइफल्स व स्पीयर कॉर्प्स के सुरक्षा बल लगातार प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। इन्हीं के प्रयासों से 39 दिग्भ्रमित लोगों ने अपने हथियार पुलिस को सौंप दिए हैं। इन हथियारों में तीन एके राइफल्स, 19 पिस्तौल, पांच राइफल्स, दो ग्रेनेड और गोला बारूद शामिल हैं। पुलिस के इस प्रयास से दिग्भ्रमित आदिवासी विद्रोहियों के मुख्यधारा में आने से इनके परिजन खुश हैं।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में फिर उठायी बदलाव की मांग

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को विकृत व अनैतिक करार दिया है। इसके साथ ही भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर आयोजित चर्चा में भाग लेते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने खरी-खरी सुनाई। कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद विकृत और अनैतिक है और यह अभी भी उपनिवेशवाद की सोच से चल रही है। सुरक्षा परिषद बदले हुए भू-राजनैतिक परिदृश्य में नई



ताकतों के उभार को प्रतिबिंबित नहीं करती है। चर्चा में भारत के अलावा ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडा के राजनयिक शामिल हुए। बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उन्होंने साफ कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना आज की बहु-ध्रुवीय और आपस में जुड़ी हुई दुनिया की हकीकतों से परे है।कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद का गठन एक अलग युग में हुआ था और यह नई ताकतों के उभार को प्रतिबिंबित नहीं करती है। आज जब भूराजनैतिक परिदृश्य बदल रहा है तो देश ज्यादा समान और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था चाहते हैं। कंबोज ने कहा कि आज अभूतपूर्व वैश्विक चुनौतियां दुनिया के सामने हैं, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, आपदा और मानवीय संकट के चलते एकजुट होकर जिम्मेदारी से कदम उठाने की जरूरत है।

# तमन्ना भाटिया की फिल्म *जी करदा* 15 जून को होगी रिलीज



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म प्राइम वीडियो पर 15 जून को रिलीज होगी। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। आठ एपिसोड के इस शो में आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म जी करदा, बचपन के सात दोस्तों की एक दिलचस्प कहानी है, जिन्होंने सोचा था कि जब वे 30 साल के होंगे, तब उनकी जिंदगी बेहद आसान और सपनों-सी सुंदर होगी। हालांकि, 30 साल के होने पर उन्हें एहसास होता है कि उनकी जिंदगी तो परेशानियों से भरी है।




# 2024 तक देश की सड़कें विश्व मानकों के अनुकूल : गडकरी

**वडोदरा।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार भारत को 5000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए विश्वस्तरीय मानक की सड़कों की जरूरत है। वडोदरा शहर के समीप दुमद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने भरोसा दिया कि वर्ष 2024 तक भारत की सड़कें विश्व मानकों के अनुकूल होंगी। उन्होंने कहा कि आप देश के किसी भी हिस्से में जाएंगे आपको अच्छी गुणवत्ता के राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। हमारा देश बदल रहा है। यह हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत को विकसित



और आत्मनिर्भर देश बनाए जो अपने गरीब और जरूरतमंद नागरिकों का ध्यान रखे। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के तहत भारत को 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी है कि देश की सड़क अवसंरचना विश्वस्तरीय हो और हम इसे हासिल करने की कोशिश कर रहे

**▶▶ गडकरी बोले- 5000 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए विश्वस्तरीय सड़कें जरूरी**

हैं। बेहतर सड़कों पर जोर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने एक बार कहा था कि अमेरिका की सड़के इसलिए अच्छी नहीं हैं कि अमेरिका अमीर है बल्कि अमेरिका इसलिए अमीर है क्योंकि यहां की सड़कें अच्छी हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि वर्ष 2024 समाप्त होने से पहले देश भर के राजमार्ग विश्वस्तरीय और अमेरिका जैसे बेहतर होंगे।

## 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने की दिशा में काम कर रही सरकार : राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हॉलीवुड की सफल फिल्म स्पाइडमैन के प्रसिद्ध संवाद का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा किताकत के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ती है और भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते कद के साथ-साथ उसकी जिम्मेदारी भी बढ़ेगी। सिंह ने एक समारोह के दौरान कहा कि जब भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरेगा, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि लोकतंत्र, धार्मिक स्वतंत्रता, मनुष्यों की गरिमा और वैश्विक शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्य दुनिया में सभी जगह स्थापित हों। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रही है और देश के लगभग सभी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सिंह ने देश में राजनीतिक परिदृश्य को लेकर कहा कि राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए अहम हैं और यह इन दलों के बिना बरकरार नहीं रह सकता। उन्होंने खेद जताया कि भारत मेंकई राजनीतिक दल किसी विचारधारा के आधार पर काम नहीं करते और उनकी राजनीति किसी एक व्यक्ति या एक परिवार या एक जाति के चारों ओर घूमती है।

## शेयर बाजार में गिरावट पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 119 अंक मजबूत

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले दो दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को अंकुश लगा और बीएसई सेंसेक्स 119 अंक बढ़कर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच धातु, दूरसंचार और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा की अगुवाई में वाहन कंपनियों की थोक बिक्री अच्छी रही। इसके साथ लगातार तीसरे महीने मई में माल एवं सेवा कर संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 118.57 अंक यानी 0.19 प्रतिशत चढ़कर 62,547.11 अंक पर बंद हुआ।

